आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

सड़क के डिवाइडर पर कब्जा, अफसरों की फाइलों में दबा न्याय
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 14 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 64
www.janexpresslive.com/epaper



'पार्थ पवार के विवादित जमीन सौदे... 12

# पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे!

■ योगी प्रस्तावक रहे, निर्विरोध चुना जाना तय, 7 बार से सांसद, केंद्र में मंत्री

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। उन्होंने शनिवार को लखनऊ में भाजपा कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। चौधरी के अलावा किसी और ने नामांकन नहीं किया है। ऐसे में पीएम मोदी–अमित शाह के करीबी चौधरी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय है। सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत 10 नेताओं ने चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। अब रविवार को लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान करेंगे। इधर, गोरखपुर में चौधरी की मां को बेटे के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की बात बताई तो भावुक हो गईं। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। रोते हुए कहा, बेटा आगे बढ़े, यही आशीर्वाद है।



### भाजपा के चौथे कुर्मी जाति के अध्यक्ष होंगे...

- पंकज चौधरी कद्दावर नेता हैं। अच्छे प्लानर माने जाते हैं। पार्षद से राजनीति की शुरुआत की। गोरखपुर के डिप्टी मेयर रहे। 1991 में पहली बार सांसद बने। राहत रूह तेल कंपनी के मालिक हैं।
- 2024 में 11 कुर्मी सांसद चुने गए। इनमें 3 भाजपा, 7 सपा के हैं। कुर्मी वोटों का ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा अब नहीं चाहती कि कुर्मी वोट बंटे।
- यूपी भाजपा में इससे पहले तीन बार कुर्मी भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं– विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह। पंकज बने तो भाजपा के चौथे कुर्मी जाति के अध्यक्ष होंगे।
- गोरखपुर की राजनीति में योगी और पंकज चौधरी ही बीजेपी के दो बड़े क्षत्रप हैं। दोनों की राजनीति का तरीका अलग है। एक को सरकार और एक को संगठन की कमान सौंपने के भी कई राजनीतिक मायने हैं।

### ममेरे भाई ने कहा, हम लोग बहुत खुश

ममेरे भाई ने कहा– हम लोग बहुत खुश है। पहली बार सभासद को चुनाव जीते, फिर डिप्टी मेयर रहे। इसके बाद 7 बार सांसद रहे। बड़े भाई प्रदीप चौधरी उन्हें राजनीति मे लेकर आए थे। हालांकि, वह इस दुनिया में नहीं हैं। इससे पहले, दोपहर ढाई बजे तक यूपी भाजपा अध्यक्ष के नाम पर सस्पेंस बना रहा। सुबह 11 बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति पार्टी दफ्तर पहुंचीं तो अचानक हलचल तेज हो गई थी, जब साध्वी से नए अध्यक्ष को लेकर सवाल किया तो वह मुस्कुराने लगीं। बोलीं– थोड़ी देर में सबकुछ सामने आ जाएगा। डेढ़ बजे पंकज चौधरी पीयूष गोयल के साथ दिल्ली से लखनऊ पहुंचे तो उन्होंने सस्पेंस और बढ़ा दिया। कहा– अभी पार्टी दफ्तर जा रहा हूं, बाद में पता चलेगा। हालांकि, कुछ देर बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पहली बार बिना नाम लिए नए प्रदेश अध्यक्ष का खुलासा किया। उन्होंने कहा– नए अध्यक्ष 7 बार सांसद रहे हैं। वे अपने समाज में भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने पार्टी में अहम जिम्मेदारी निभाई है। स्वतंत्र देव का स्पष्ट इशारा पंकज चौधरी की तरफ था। पंकज चौधरी योगी के गढ़ गोरखपुर से हैं। वह महाराजगंज से 7 बार के सांसद हैं। ओबीसी के कुर्मी बिरादरी से आते हैं।

### पंकज चौधरी के प्रस्तावकों में कौन–कौन?

प्रस्तावकों में एक ठाकुर, एक ब्राह्मण, एक पारसी, दो भूमिहार, दो दलित और तीन ओबीसी हैं।

- सीएम योगी
- केशव प्रसाद मौर्य
- ब्रजेश पाठक
- स्मृति ईरानी
- सूर्यप्रताप शाही
- स्वतंत्रदेव सिंह
- दारा सिंह चौहान
- एके शर्मा
- कमलेश पासवान
- असीम अरुण

### कौन हैं पंकज चौधरी

पंकज कुर्मी (ओबीसी) समुदाय से आते हैं, जो यूपी में एक बड़ा और महत्वपूर्ण वोट बैंक है। 15 नवंबर 1964 को जन्मे गोरखपुर के उद्योगपति स्वर्गीय भगवती चौधरी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उज्ज्वल चौधरी के छोटे सुपुत्र पंकज चौधरी ने गोरखपुर नगर निगम के पार्षद के तौर पर 1989 में राजनीति का सफर शुरू किया। वर्ष 1990 में ही भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति सदस्य हुए। 10वीं लोकसभा में वर्ष 1991 में महराजगंज संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए। 11 वीं और 12 वीं लोकसभा में वर्ष 1996, 1998 में सांसद चुने गए। 1999 में सपा के अखिलेश से हार मिली पर 2004 में फिर निर्वाचित हुए। 2009 में कांग्रेस के स्वर्गीय हर्षवर्धन से हार मिली। 2014 से लगातार लोकसभा के सदस्य हैं।

### कुर्मी बिरादरी में है पकड़

कुर्मी समाज में उनकी मजबूत पकड़ और अन्य बिरादरियों में प्रभाव ने उन्हें जिले की राजनीति में मजबूत चेहरा बनाया है। कुर्मी बिरादरी में अच्छी पकड़ के साथ अन्य बिरादरी में भी उनके सोशल इंजीनियरिंग के विरोधी भी कायल हैं। गोरखपुर से अलग होकर जब महराजगंज जिला बना, तब से जिला पंचायत पर भाजपा का वर्चस्व कायम है। उनके भाई प्रदीप चौधरी और मां उज्वला चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। आरक्षण में बदलाव के बाद भी उनके विश्वसनीय सहयोगी ही इस पद पर चुने जाते रहे हैं, जो उनकी राजनीतिक रणनीति की सफल भूमिका को दर्शाता है।

### पंकज चौधरी पर क्यों दांव लगाया

पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं– पंचायत और विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने ओबीसी के कुर्मी समाज से आने वाले चौधरी पर दांव लगाया है, क्योंकि कुर्मी समाज की आबादी यादवों के बाद सबसे ज्यादा है। कुर्मी समाज को बीजेपी का वोट बैंक माना जाता है, लेकिन लोकसभा में इस समाज का एक हिस्सा पीडीए के नाम पर सपा के साथ गया था। इसे देखते हुए भाजपा ने दांव खेला है।

### महराजगंज में खाटी के भाजपा कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों में खुशी

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का नाम चर्चा में आने से महराजगंज में खाटी के भाजपा कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों में खुशी है। सभी इसे अपने अपने हिसाब से देख रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि पंकज चौधरी का ओहदा पार्टी में हमेशा ठीक रहा है। यही वजह है कि चुनाव में भी पार्टी ने इन्ही पर हर बार भरोसा जताया। पिछड़े समाज में इनकी मजबूत पकड़ के अलावा संगठन में इनको लेकर कभी गतिरोध सामने नहीं आया। शुरूआत से ही पार्टी की ओर से मिली जिम्मेदारी का बखूबी निवर्हन कर आगे बढ़ते चले गए। इनके विरोधी भी इनके व्यक्तित्व की सराहना करते हैं। सात बार सांसद होने के बाद भी जनता से इनकी नजदीकी कम नहीं हुई।

### परंपरागत कुर्मी वोट को अपने ओर आकर्षित करने का प्रयास

कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने में भरोसा रखते हैं। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अपना दल व अन्य सहयोगियों से परंपरागत कुर्मी वोट को अपने ओर आकर्षित करने में पंकज चौधरी काफी मददगार साबित हो सकते हैं। शहर से लेकर गांव तक हर कोई टीवी व शोसल मीडिया से जानकारी लेकर चर्चा करने में मशगुल रहा। सियासी दाव पेंच को लेकर चर्चा होती रही। संघ से इनकी नजदीकी के साथ ही पार्टी के कैडर वाले नेताओं के भी प्रिय माने जाते हैं। यह अपनी कुशल रणनीति का नमूना भी चुनाव में दिखा चुके हैं। यह प्रदेश में पिछड़े समाज के काफी मजबूत नेता माने जाते हैं।

## एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएक्यूएम ने राज्यों और दिल्ली सरकार को दिए निर्देश

■ हरियाणा के एनसीआर जिलों के लिए आयोग ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण में प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



वायु प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक अहम बैठक में एनसीआर के सभी राज्यों और दिल्ली सरकार को नई दिशा-निर्देश दिए। यह बैठक सब-कमेटी ऑन सेफगार्डिंग एंड एनफोर्समेंट की 23वीं बैठक थी, जिसमें सभी सेक्टर-विशेष प्रवर्तन कार्रवाईयों की समीक्षा की गई। बैठक में दिल्ली के लिए मुख्य मुद्दों में ट्रैफिक जाम, सड़क की धूल और नगर निगम ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का सही निपटान शामिल थे। आयोग ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि हॉटस्पॉट वाले इलाकों में मासिक बैठकें आयोजित की जाएं, सड़क की धूल को वैक्यूम मशीनों से हटाया जाए और एमसीडी व एनडीएमसी के माध्यम से कचरे का सही ढंग से संग्रह और निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, एमएसडब्ल्यू और बायोमास जलाने पर रात में गश्त बढ़ाई जाए और फ्यूल स्टेशनों पर एएनपीआर कैमरों से निगरानी तेज की जाए। हरियाणा के एनसीआर जिलों के लिए आयोग ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण में प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था। हरियाणा को निर्देश दिए गए कि विभिन्न विभागों और एजेंसियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। गुप्त और आकस्मिक निरीक्षण टीम बनायी जाए, ट्रैफिक कम करने पर काम किया जाए और फ्यूल स्टेशनों पर एएनपीआर कैमरों से प्रवर्तन मजबूत किया जाए। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वाहन क्षेत्रों में सुधार के लिए केंद्रित कार्रवाई के लिए समय-सीमा तय की गई। दोनों राज्यों को 31 दिसंबर 2025 तक वाहन एग्रीगेटर्स, डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स और ई-कॉमर्स संस्थाओं के लिए वेब पोर्टल विकसित करना और निगरानी नीति अधिसूचित करना अनिवार्य है। लापरवाही पर अधिकारियों के खिलाफ सीएक्यूएम अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है।

### एआई–संचालित और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम हो निगरानी

बैठक में यह भी कहा गया कि सभी एनसीआर राज्यों और दिल्ली सरकार को एआई–संचालित और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से निगरानी, मॉनिटरिंग और डेटा एनालिटिक्स में सुधार करना चाहिए। सीएक्यूएम ने जोर दिया कि दिल्ली–एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सभी एजेंसियों का एकीकृत और सामूहिक प्रयास आवश्यक है। बैठक में सभी एजेंसियों ने प्रतिबद्धता जताई कि वे वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों की नियमित समीक्षा करेंगे और क्षेत्रवार सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे। इससे एनसीआर में सर्दियों के मौसम में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने की उम्मीद बढ़ गई है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का उद्घाटन, नामी कलाकार देंगे प्रस्तुति

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



रामनगरी अयोध्या में शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है। 31 दिसंबर को समारोह का उद्घाटन गृहमंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। मणिराम दास की छावनी में शनिवार को हुई बैठक में राम मंदिर निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के साथ ध्वजारोहण समारोह में हुए खर्च का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समारोह के उद्घाटन के लिए गृहमंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रण भेजा गया था। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समारोह में मौजूद रहेंगे। 27 दिसंबर से एक जनवरी तक राम जन्मभूमि परिसर की यज्ञशाला में ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ के संयोजन में पांच दिवसीय अनुष्ठान होगा। 29 दिसंबर से दो जनवरी तक प्रख्यात कथा प्रवाचक जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य अंगद टीला के परिसर में श्रीरामकथा की सुधावृष्टि करेंगे।

### ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ 31 दिसंबर से होगा। प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा, तृप्ति शाक्या व बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समारोह को भव्यता प्रदान करेंगे। कानपुर की एक टोली संगीतमय रामचरित मानस का पारायण करेगी। छत्तीसगढ़ के एक विश्वविद्यालय की टोली भगवान राम के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देगी। आगरा की पूजा दिवाकर भगवान राम के जन्म से लेकर लंका विजय कर अयोध्या वापस आने तक की यात्रा पर कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। इसके अलावा कवि सम्मेलन के आयोजन का भी निर्णय लिया गया है। दिल्ली के जगदीश मित्तल इसका संयोजन करेंगे। प्रतिष्ठा द्वादशी के सारे उत्सव अंगद टीला परिसर में होंगे। आम श्रद्धालु भी इन कार्यक्रमों में शामिल हो पाएंगे।

### बैठक में आठ ट्रस्टी ऑनलाइन जुड़े

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बैठक अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उनके अलावा राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, महंत दिनेंद्र दास, डॉ. कृष्ण मोहन व पदेन सदस्य जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा के पराशरण, जगदगुरु वासुदेवानंद सरस्वती, युग पुरुष परमानंद, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी व प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि गृह सचिव संजय प्रसाद बैठक से ऑनलाइन जुड़े रहे। आमंत्रित सदस्य के रूप में विहिप के केंद्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र, गोपाल राव व रामकथा संग्रहालय के निदेशक संजीव सिंह मौजूद रहे।

## लिपिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने को लामबंद हुईं मुख्य सेविकाएं, बैड टच का है आरोप

जन एक्सप्रेस। हरदोई

बाल विकास पुष्टाहार विभाग में तैनात लिपिक के खिलाफ मुख्य सेविकाओं ने मोर्चा खोल दिया है। लिपिक पर बैड टच का आरोप लगाकर मुख्य सेविका ने शनिवार को शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। बड़ी संख्या में साथी मुख्य सेविकाओं के साथ मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग सीओ और नगर मजिस्ट्रेट से की। बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग में नवनियुक्त मुख्य सेविका ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा था। उनका आरोप है कि कार्यालय में तैनात लिपिक बैडटच किया करते हैं। मना करने पर निलंबित कराने की धमकी देते हैं। पीड़िता का कहना है कि कार्यालय ही नहीं वह लखनऊ घर जाने के लिए जिस ट्रेन से जाती है, उसी ट्रेन के उसी कोच में वह भी सवार हो जाते हैं और सफर के दौरान भी परेशान करते हैं। मुख्य सेविका ने लिपिक की मौजूदगी में कार्यालय में खुद को असुरक्षित बताया था। मामले में सीडीओ ने जिला गन्ना अधिकारी को जांच सौंपी है। उधर दूसरी ओर शनिवार को मुख्य सेविका ने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचकर लिपिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने को शिकायती पत्र दिया। सीओ सिटी अंकित मिश्रा और नगर मजिस्ट्रेट एसके त्रिवेदी से भी मुख्य सेविकाओं ने मामले में कार्रवाई की मांग की।

## कफ सिरप कांड: सिपाही ने काली कमाई से बनाए आलीशान घर, लखनऊ समेत 25 ठिकानों पर 36 घंटे से ईडी की छापेमारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ईडी द्वारा रांची में शुभम जायसवाल की फर्म शैली ट्रेडर्स के ठिकानों पर छापों के दौरान 189 फर्जी फर्मों का ब्योरा मिला है, जिनके जरिए 450 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्शाया गया था। यह लेन-देन कफ सिरप की तस्करी को छिपाने के लिए दर्शाया गया था। वहीं शुभम जायसवाल के वाराणसी स्थित घर से तमाम लग्जरी सामान बरामद किया गया है, जिसमें प्रादा और गुच्ची के डिजाइनर बैग और राडो और ऑडेमर्स पिगुएट जैसे ब्रांड की हाई-एंड लग्जरी घड़ियां शामिल हैं। इनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा है। जांच में सामने आया है कि शुभम जायसवाल, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, सहारनपुर के विभोर राणा व विशाल सिंह ने अपने आलीशान घरों में करोड़ों रुपये खर्च किए। अधिकारियों को शक है कि कफ सिरप की तस्करी से होने वाली बेशुमार काली कमाई को खर्च किया गया। सभी के घरों में इंटीरियर का महंगा काम कराया गया है। ईडी के अधिकारी सरकार से अधिकृत वैल्यूअर से घर और इंटीरियर की कीमत का पता लगा रहे हैं ताकि आगे उन्हें जब्त किया जा सके।



### 36 घंटे छापेमारी जारी

प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने दूसरे दिन शनिवार को भी छोपमारी जारी रखी है। छापेमारी पिछले 36 घंटे से जारी है। सिंडिकेट के 25 ठिकानों पर टीम पहुंची है। ईडी की टीमों ने लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, लखनऊ में आरोपी आलोक सिंह के ठिकानों पर छापा जारी है।

### केवल कंस्ट्रक्शन में 5 करोड़ खर्च

बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह के घर की जांच में पता चला कि महल जैसी संपत्ति बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। शुरुआती जांच में अकेले कंस्ट्रक्शन की लागत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें ज़मीन की कीमत शामिल नहीं है। आलोक का घर राजधानी के पॉश इलाके में होने की वजह से जमीन की कीमत का अलग से पता लगाया जाएगा। वहीं मेसर्स आर्पिक फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने कोडीन–बेस्ड कफ सिरप के गैर–कानूनी व्यापार और डायवर्जन में कंपनी की संलिप्तता का खुलासा किया। कंपनी के ठिकानों पर छापे में कई करोड़ रुपये के बिना हिसाब के लेन–देन का पता चला है। यह भी सामने आया है कि आर्पिक फार्मा अपनी सहयोगी कंपनी मेसर्स इधिका लाइफ साइंसेज के साथ कफ सिरप की तस्करी कर रही थी।

## उत्तराखंड की भीमताल विधानसभा में पहुंचे धामी, दी 112 करोड़ की 17 विकास परियोजनाओं की सौगात

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट्स', 'हाउस ऑफ हिमालय', 'स्टेट मिलेट मिशन', 'होमस्टे' और 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया बढ़ावा दे रही हैं और पहाड़ों से पलायन को रोकने में मदद कर रही हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल की ग्राम पंचायत शशबानी के लेटीबुंगा मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने 112.34 करोड़ रुपए की 17 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और प्रदर्शित महिला-निर्मित उत्पादों की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भीमताल क्षेत्र के कई गांवों, जिनमें भीरापानी, नई, डलकन्या, देवनगर, सिलाओटी और सुंदरखाल शामिल हैं, में मिनी-स्टेडियम बनाए जाएंगे। ओखलकांडा में करायल बैंड-टकूरा फॉरेस्ट आउटपोस्ट रोड को ब्लैकटॉप रोड में अपग्रेड किया जाएगा। भीमताल



बाईपास नहर कवरिंग का बचा हुआ काम पूरा किया जाएगा। भीमताल में एक नई पार्किंग सुविधा और एक नया रोडवेज बस स्टेशन बनाया जाएगा। भीमताल कस्बे में एक फायर स्टेशन भी खोला जाएगा। नौकुचियाताल-खरकी खरोला सड़क को जोड़ा जाएगा, और कसियालेख-कफली-पडिकानाला सड़क पर ब्लैकटॉपिंग की जाएगी। बडोन-सिमलिया-सन्नी मोटर रोड को भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भीमताल निर्वाचन क्षेत्र और पूरे नैनीताल जिले के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। स्थानीय विधायक द्वारा उजागर किए गए महत्वपूर्ण रूट-10 की खराब स्थिति का तुरंत संज्ञान लेते हुए, सरकार ने इसके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 9.5 करोड़ रुपए मंजूर किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने यहां कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया, जिनमें भवाली बाईपास (भाग 1 और 2) सुधार कार्य, भीमताल बाईपास सड़क अपग्रेडेशन, नैनीताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट, एलबीएस कॉलेज हल्दूचौड़ में एक लाइब्रेरी और मल्टीपर्पस हॉल, पुछड़ी में गौशाला का निर्माण, और सरकारी स्कूल जड़ापानी में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब और साइंस लेबोरेटरी शामिल हैं। उन्होंने सरकारी डिग्री कॉलेज लालकुआं में परीक्षा हॉल, लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में बाउंड्री वॉल, गौलापार स्टेडियम में पूल कवर और सुरक्षा कार्यों, और बेतालघाट, पांगोट-दैचोरी और ओखलकांडा के ऑडिटोरियम में विभिन्न सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, उत्तराखंड विकास के नए मील के पत्थर स्थापित कर रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पेयजल जैसे क्षेत्रों में तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैंची धाम, नैना देवी मंदिर और मुक्तेश्वर धाम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास मिशन-मोड दृष्टिकोण से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट्स', 'हाउस ऑफ हिमालय', 'स्टेट मिलेट मिशन', 'होमस्टे' और 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया बढ़ावा दे रही हैं और पहाड़ों से पलायन को रोकने में मदद कर रही हैं। नवीनतम प्रवासन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में रिवर्स माइग्रेशन में 44% की वृद्धि हुई है और बेरोजगारी में 4.4% की कमी आई है, और उत्तराखंड ने नीति आयोग एसडीजी इंडेक्स में भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

# थाना समाधान दिवस में सुनीं गई फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इसी क्रम में डीएम-एसपी ने थाना बहिलपुरवा में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना बहिलपुरवा में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों का शासन की मंशानुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। कहा कि जमीन से सम्बन्धित समस्या में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराए। इस दौरान डीएम-एसपी ने बहिलपुरवा थाने का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं व साफ-सफाई का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर बहिलपुरवा थाना प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार थाना मऊ व बरगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर एसपी ने प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराए। कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले सभी प्रार्थना पत्रों का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण करें। इस मौके पर मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, बरगढ़ थाना प्रभारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर बढ़ाएं तिलहन उत्पादन: उत्तम कुमार त्रिपाठी



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में कृषि चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले 46 क्षेत्रीय किसानों को तिलहन फसलों की वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कृषि प्रसार वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी ने किसानों को तिलहन फसलों जैसे सरसों, तिल आदि की उन्नत किस्मों, समयानुकूल बुवाई, बीज उपचार, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, जल प्रबंधन, समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर तिलहन उत्पादन में वृद्धि के साथ आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव है। इस दौरान किसानों के साथ संवादात्मक चर्चा कर उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया। जिसमें किसानों ने तिलहन फसलों से संबंधित अपनी व्यावहारिक समस्याएँ साझा कीं, जिनका वैज्ञानिक आधार पर समाधान बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र पर उत्पादित सरसों बीज प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बीज शुद्धिकरण, ग्रेडिंग, सुखाना, बीज उपचार, पैकिंग एवं भंडारण की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। साथ ही किसानों को अपनाई गई उन्नत एवं आधुनिक तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण से बेहतर अंकुरण, अधिक उपज तथा बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। भ्रमण के दौरान किसानों ने बीज प्रसंस्करण इकाई की कार्यप्रणाली आदि तकनीकों को अपनाने की बात कही।

## मध्यप्रदेश की सीमा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



जन एक्सप्रेस। बांदा

आजादी के बाद पहली बार ग्राम पंचायत संग्रामपुर के मजरा चौधरी के पुरवा से वीरमपुर होते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास भूमि पूजन संपन्न हुआ।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने निर्माण शुरू होने से पहले किया भूमि पूजन। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित होने वाले इस मार्ग की लंबाई 1.900 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 124.17 लाख है।इस सड़क के निर्माण से मध्यप्रदेश क्षेत्र में आवागमन सुलभ हो जायेगा।ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के साथ लोगो को सड़क के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिलेगी।यह संपर्क मार्ग क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा ।इस दौरान ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल मंडल महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी,पूर्व महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अरुण पटेल, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राघवेन्द्र त्रिपाठी ,प्रधान बच्चू लाल कबीर ,पूर्व प्रधान चुन्नू राम पटेल, रमेश मिश्रा, रामस्वरूप पटेल, चंद्रिका प्रसाद पटेल सुनील कुमार सहित लोक निर्माण विभाग के कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

चित्रकूट। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ताओं की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय कार्यशाला बीआरसी में आयोजित की गई। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने प्रमाण पत्र वितरित कर सभी सुगमकर्ताओं से प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालय में क्रियान्वयन का आवाहन किया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता गिरीश कुमार मिश्र व कविता मिश्रा ने बताया कि राज्य परियोजना समग्र शिक्षा लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित बीआरसी में कुल 132 सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। 10 दिसम्बर से शुरु यह प्रशिक्षण तीन बैचों में 16 दिसम्बर तक चलेगा। प्रशिक्षण के माध्यम से मीना मंच के गठन, उद्देश्य, पावर एंजिल के चयन, पास्को एक्ट, बालिका सुरक्षा, परख माड्यूल, अरमान माड्यूल, वीरांगना पोर्टल तथा आधा फुल कॉमिक के माध्यम से तकनीकि का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों के समग्र कौशलों के विकास पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## मोरम का अवैध परिवहन करने वाले ग्यारह ट्रकों के खिलाफ हुई बड़ी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



हमीरपुर जिले में आने वाले ट्रकों में मोरम का अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग रोकने के लिये जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर एआरटीओ अमिताभ राय ने टीम के साथ जांच करते हुये 11 से 12 दिसम्बर तक मोरम के 11 ट्रकों को अवैध परिवहन करते हुये धर दबोचा। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि पकड़े गये 5 ट्रकों को ललपुरा थाने के, जबकि दो ट्रकों को सुमेरपुर थाने के सुपुर्द किया गया, वही दो ट्रकों का आनलाईन चालान किया गया। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि पकड़े गये ट्रकों से करीब 5 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया जायेगा। गौरतलब है कि मोरम का अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग रोकने के लिये जिलाधिकारी के निर्देश पर चार टीमें लगातार 24 घंटे जांच काम कर रहीं हैं, जिसमें लक्ष्मी बाई तिराहा, चिकासी में बेतवा पुल के पास, चंडौत में बेतवा पुल के पास के साथ ही राठ तिराहे पर जांच टीमें लगातार अपना काम कर रहीं हैं। इसके साथ ही जिले से मोरम, गिट्टी लेकर गुजरने वाले ट्रकों से वीटीएस डिवाइस लगाने के साथ ही विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की सख्त हिदायत दी गई है।

## लोक अदालत में 117257 मामले सुलह-समझौते से हुए निस्तारित

जन एक्सप्रेस। बांदा

अपर जिला जज /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह के अनुसार जनपद मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश अल्पना द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 1,17,257 वाद सुलह-समझौते द्वारा निस्तारित किये गये जिसमें कुल मु0 7,00,45,961/- अर्थदण्ड वसूल किया गया।अल्पना जनपद न्यायाधीश द्वारा सिविल व किमिनल के 04 वाद निस्तारित करते हुये 500/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। संजीव कुमार सिंह प्रथम, पीठासीन अधिकारी-मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 61 वाद निस्तारित करते हुए 19637000 बीमा कम्पनियों द्वारा पीड़ित पक्षों को दिलाया गया। प्रदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित कुल 70 वाद निस्तारित किये गये। द्वारिकेश सिंह मण्डेला अध्यक्ष, मनोज निगम लाला, सचिव जिला अधिवक्ता संघ के साथ रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक तथा सूचना विभाग की ओर से सूचना निदेशक के साथ अधिवक्तागण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारीगण द्वारा सजीव पौधा भेटकर जिला जज व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## जन चैपाल लगाकर डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कर्का पडरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय बहिलपुरवा में शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में जन चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि सिंचाई आदि के बारे में सुझाव लिया जाएगा तथा ग्रामीण जन की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने बहिलपुरवा में इंटरमीडिएट विद्यालय बनवाने अथवा उच्च प्राथमिक विद्यालय का उच्चीकरण कराने का सुझाव दिया। जिस पर डीएम ने नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बकरी पालन तथा मुर्गी पालन का सुझाव दिया गया। जिस पर डीएम ने डीसीएनआरएलएम को निर्देश दिए कि समूह की महिलाओं के सुझाव पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। जन चैपाल के बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू तिवारी से विद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी ली गई। जिस पर प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय में कुल 132 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जिसके सापेक्ष इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा एक अनुदेशक तैनात है। प्रधानाचार्या ने विद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की तैनाती किए जाने का अनुरोध किया। जिस पर डीएम ने संबंधित को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रधानाचार्या को विद्यालय में शिक्षकों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा मिड-डे-मील में प्रतिदिन मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बनवाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने विगत दिनों जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर बहिलपुरवा से रुकमा, नई दुनिया तक पहुंच मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने बताया कि भूमि वन विभाग की है तथा मार्ग निर्माण के संबंध में वर्ष 2020 में वन विभाग द्वारा सर्वे कराया गया था।

## दावा रहित सम्पत्तियों के निपटारे के लिये एक खास कैम्प का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



वित्तीय क्षेत्र में दावा रहित संपत्तियों के निपटारे के लिये एक खास कैम्प का आयोजन विकास भवन में सम्पन्न हुआ। वित्त मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से दावा न की गई संपत्तियों के निपटारे के लिये एक राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार शुरू किया गया है। इसकी शुरूआत 4 अक्टूबर 2025 से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांधीनगर गुजरात से की थी, जो कि 10 जनवरी तक जारी रहेगा। ये अभियान प्रदेश में स्वच्छ उत्तर प्रदेश की मदद और तालमेल से पूरा किया जायेगा। वही इस अभियान के तहत आठवें चरण में विकास भवन मीटिंग हाल में दावा न की गई प्रार्पटियों के निपटारे के लिये खास शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का खास मकसद नागरिकों को उनकी दावा न की गई राजस्व प्रार्पटियों जैसे बैंक जमा, बीमा आय, म्युचुअल फंड, फायदा और शेयरों का पता लगाने और उन पर दावा करने में अधिकृत बनाना है। आयोजन में बोलते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ये भारत सरकार की एक अच्छी पहल है, जिसके जरिये से आम लोगों को उनकी दावा न की गई प्रार्पटी आसान तरीके से हासिल हो सकेंगी । इस मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ की क्वार्डिनेटर बैंक अधिकारी पल्लवी सोम ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से भी आहवान किया कि ऐसे मामलों का निपटारा जल्द से जल्द किया जाये, जिस्से आम आदमी फायदा मिल सके। अग्रणी जिला प्रबंधक(एलडीएम) ने बताया कि बैंक शाखा स्तर पर या स्वदेशीय कैम्प एक अक्टूबर से चल रहा है, जो कि दस जनवरी तक चलेगा। जिसमें आम आदमी अपनी अदावित राशि का क्लेम प्रस्तुत कर सकते है। खाताधारक भारतीय रिजर्व बैंक के उद्यगम पोर्टल पर भी अपने नाम से किसी अनक्लेम्ड धनराशि की जानकारी हासिल कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान कई बैंकों के 25 लाभार्थियों को महमानो ने प्रमाण पत्र जारी किये, जिन्होंनें अपनी अनक्लेम्ड भुगतान हासिल कर लिया है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के लीड बैंक अधिकारी,नाबार्ड के जिला प्रबंधक सहित सभी बैंको के जिला क्वार्डिनेटर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नवनिर्मित-दोहरीकृत बाँदा-खुरहण्ड रेलखंड पर दौड़ी पहली रेल

जन एक्सप्रेस। बाँदा



नव-दोहरीकृत बाँदा डिंगवाही खुरहण्ड रेलखंड पर पहली ट्रेन के सफल संचालन के साथ ही रेलवे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। इस नई दोहरीकृत पटरी पर गाड़ी संख्या 12535 लखनऊदुरायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस का सुरक्षित एवं सुचारु संचालन किया गया। गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन बाँदा स्टेशन से शुक्रवार की रात्रि 22.32 बजे और खुरहण्ड स्टेशन से 23.05 बजे नई दोहरीकृत पटरी से होकर सफलतापूर्वक गुजरी। पूरे संचालन के दौरान सभी तकनीकी मानकों का पालन किया गया। ट्रेन का आवागमन पूरी तरह सुरक्षित रहा।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह उपलब्धि रेलकर्मियों के सतत प्रयास, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क का प्रतिफल है। दोहरीकरण से इस रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही और अधिक सुगम होगी। समय की बचत होगी। यात्री और माल परिवहन दोनों को लाभ मिलेगा। नव-दोहरीकृत रेलखंड के शुरू होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। जिससे व्यापार, रोजगार और यातायात सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। यह परियोजना भविष्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 116856 वादों का निस्तारण कर वसूला गया 6,51,93,199 रुपये प्रतिकर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें सुलह-समझौते के आधार कुल 116856 वादों का निस्तारण करते हुये 6,51,93,199 रुपये अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शेषमणि शुक्ला जनपद न्यायाधीश द्वारा 4 वादों का निस्तारण करते हुये 1000 रु अर्थदण्ड वसूला गया। पद्माकरमणि त्रिपाठी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 36 वादों का निस्तारण करते हुये 1,76,27,000 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया गया, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 18 वादों का निस्तारण करते हुये 145000 रुपये आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया गया एवं कई वर्षों से एक-दूसरे से अलग हुये 10 जोडों आपस में सुलह समझौते के आधार पर एक साथ भेजा गया। अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज द्वारा 75 वादों का निस्तारण किया गया। राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा दो वादों का निस्तारण करते हुए 1000 रुपये अर्थदण्ड के रूप में वसूला गया, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी द्वारा एक वाद का निस्तारण करते हुए 500 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा फौजदारी के 1396 वादों का निस्तारण करते हुए 134820 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सीडि) द्वारा फौजदारी के 67 वादों का निस्तारण करते हुए 17400 रुपये वसूला गया व एनआई एक्ट के एक वाद का निस्तारण करते हुए 84000 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया। इला चैधरी सिविल जज (सीडि) एफटीसी द्वारा 160 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 2320 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया तथा एनआई एक्ट के तीन वादों का निस्तारण करते हुये 438218 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया। सैफाली यादव सिविल जज (जूडि) द्वारा 18 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 700 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया तथा चार उत्तराधिकार वादों का निस्तारण करते हुये 388179 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया गया। विदिशाभूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 82 वादों का निस्तारण करते हुये 6800 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा 58 वादों का निस्तारण करते हुये 580 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। एस. आनन्द सिविल जज (जूडि) मऊ द्वारा 162 वादों का निस्तारण करते हुये 2500 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। अंशुमान यादव न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर द्वारा 100 वादों का निस्तारण करते हुये 1000 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। इस प्रकार न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 2183 वादों का निस्तारण करते हुये 1,83,28,799 (एक करोड तिरासी लाख अट्ठाईस हजार सात सौ निन्यानबे रूपये) एवं राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 114673 मामलों का निस्तारण करते हुये 4,68,64,400 (चार करोड अरसठ लाख चैसठ हजार चार सौ रुपये) प्रतिकर के रूप में वसूला गया।

## सवर्ण आयोग के गठन की मांग को लेकर दिया गया धरना

चित्रकूट। जातिगत आरक्षण समाप्त करने की मांग को लेकर शनिवार को सवर्ण आर्मी ने जिला मुख्यालय में धरना दिया। इस दौरान तीन सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित धरने में सवर्ण आर्मी के प्रदेश महासचिव विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी से अब तक आरक्षण की व्यवस्था जाति के आधार पर ही चल रही है। वर्तमान समय में सामान्य वर्ग में भी गरीबी व बदहाली की स्थिति है। ऐसे में पूरे सामान्य वर्ग को आरक्षण के चलते सरकारी व्यवस्थाओं से वंचित न रखा जाए। जिलाध्यक्ष विनय मिश्रा ने कहा कि आरक्षण जैसी व्यवस्था से सामान्य वर्ग के बहुत सारे बच्चे वंचित रह जाते है। आरक्षण व्यवस्था समाप्त होने पर प्रतिभाशाली बच्चों को स्थान मिलेगा। जिससे राष्ट्र सुदृढ़ रहेगा। धरने में मौजूद पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला ने कहा कि एससी/एसटी एक्ट को हथियार के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें तमाम लोग निर्दोष फंसा दिए जाते है।

## कमीशनर व डीआईजी सहित डीएम, एसपी ने किया सिमौनी मेला का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बांदा



मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस, जिलाधिकारी जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमौनी में आयोजित होने वाले परंपरागत मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मेला परिसर में की जा रही तैयारियों का गहनता से जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई । अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु राजेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना मरका का किया गया वार्षिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बांदा




शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना मरका का किया गया वार्षिक निरीक्षण । निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों,मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश । प्रभारी निरीक्षक मरका से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे । अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके । सभी कर्मचारियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी व रख- रखाव की भी समीक्षा की गई । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना मरका परिसर में नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र का फीता काटकर उध्दाटन किया गया । साथ ही मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई । बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा व्यापक स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए । लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया । थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया । प्रभारी निरीक्षक मरका को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के उपरांत उपस्थित चौकीदारों से संवाद किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शीत ऋतु के दृष्टिगत कंबल वितरित किए गए । इस अवसर पर चौकीदारों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने के लिये प्रेरित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर , थाना प्रभारी मरका मिथलेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।



**मेसी के दौरे पर स्टेडियम में तोड़फोड़...**


कोलकाता कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ मचा दी। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस की नाराजगी इस कदर हावी थी... पढ़ें पेज 12 पर...

## सड़क के डिवाइडर पर कब्जा, अफसरों की फाइलों में दबा न्याय

- राजाजीपुरम में अवैध वाशिंग सेंटर बेखौफ, आईजीआरएस शिकायत पर विभागों ने झाड़े हाथ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक में कानून और सिस्टम दोनों सड़क के डिवाइडर पर दम तोड़ते दिख रहे हैं। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के पास वर्षों से चल रहा अवैध वाशिंग सेंटर और खुलेआम बिजली चोरी का मामला आईजीआरएस तक पहुँचा, मगर कार्रवाई की जगह मिला–जिम्मेदारी टालने का सरकारी खेल। जनसुनवाई संदर्भ संख्या 40015725 109598 पर आवास एवं विकास परिषद ने साफ कर दिया कि यह जमीन अब उनकी नहीं, बल्कि नगर निगम की ग्रीन बेल्ट है। नतीजा–अवैध कब्जा जस का तस, अफसर पाक-साफ! आलमबाग निवासी शिकायत कर्ता ने 26 अक्टूबर 2025 को आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी कि





### 1988 में ट्रांसफर, 2025 में भी कब्जा

परिषद का कहना है कि राजाजीपुरम की सड़क, नाली, पार्क और ग्रीन बेल्ट 27 जनवरी 1988 को ही नगर निगम को सौंप दी गई थी। सवाल यह है कि अगर 37 साल पहले जमीन ट्रांसफर हो गई थी, तो अवैध कब्जा आज तक कैसे फल–फूल रहा है?

### ग्रीन बेल्ट पर धंधा, कानून मौन

सड़क के बीच ग्रीन बेल्ट पर चल रहा वाशिंग सेंटर न सिर्फ यातायात बाधित कर रहा है बल्कि पर्यावरण को नुकसान भी पहुँचा रहा है। व सरकारी बिजली चोरी कर राजस्व को चूना भी लगा रहा है इसके बावजूद न तो नगर निगम की बुलडोजर गरजी, न बिजली विभाग की कार्रवाई दिखी।


उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

IGRS NO - 4001572

राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक में सड़क के डिवाइडर पर 'मुल्ला जी' नामक व्यक्ति वर्षों से अवैध वाशिंग सेंटर चला रहा है, साथ ही बिजली चोरी भी कर रहा है। 29 अगस्त 2025 को तहसील कर्मियों के साथ नगर निगम ने स्थल का चिन्हांकन भी किया, लेकिन 05 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में आवास एवं विकास परिषद ने कह दिया 'अब आगे की कार्रवाई नगर निगम करेगा।'

### आईआरएस बना 'फाइल घुमाओ योजना'?

जनसुनवाई निस्तारित कर दी गई, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं बदला। अब बड़ा सवाल यह है कि–
क्या आईजीआरएस सिर्फ शिकायत आगे बढ़ाने की व्यवस्था बनकर रह गई है?
या फिर अवैध कब्जों को संरक्षण देने का नया तरीका?

### जनता पूछ रही है सवाल

- कब हटेगा सड़क के डिवाइडर से अवैध वाशिंग सेंटर?
- कब रुकेगी बिजली चोरी?
- और कब सिस्टम फाइलों से निकलकर ज़मीन पर उतरेगा?
- राजाजीपुरम में कानून सड़क किनारे खड़ा है, और कब्जेदार बीच सड़क पर!
- अब देखना यह है कि नगर निगम कब नींद से जागता है—या फिर यह मामला भी फाइलों में ही धूल फांकता रहेगा।

## फाइव स्टार होटल में लेखपाल की 'पार्टी पॉलिटिक्स' उजागर

- वायरल वीडियो–फोटो से हड़कंप, रिपोर्ट–वसूली के गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सरकारी जिम्मेदारी और जनता की जमीन की निगरानी का दायित्व संभालने वाला लेखपाल अब फाइव स्टार होटल की चमक-दमक में डूबा नजर आ रहा है। पारा क्षेत्र में तैनात लेखपाल अनुपम कुमार का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह होटल पिकाडली में कुछ खास लोगों के साथ बर्थडे पार्टी का आनंद लेते दिखाई दे रहे हैं।

### वसूली का खेल

सूत्रों का दावा है कि इन्हीं लोगों के साथ मिलकर लेखपाल अनुपम कुमार ने पारा, राजाजीपुरम, सरोसा भरोसा व आसपास के क्षेत्रों में मनमाने ढंग से कानूनी रिपोर्टें तैयार कर मोटी रकम की वसूली की। जिनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, उन्हें 'सेटिंग' के जरिए राहत दी गई, जबकि विरोध करने वालों पर रिपोर्ट का डंडा चला। लंबे समय से क्षेत्र में लेखपाल की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें होती रही हैं, लेकिन अब जब फाइव स्टार होटल में पार्टी की तस्वीरें सार्वजनिक हुई हैं, तो कथित गठजोड़ और अवैध कमाई की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि सरकारी वेतन पाने वाला अधिकारी इतनी महंगी पार्टियों में किस आधार पर शामिल हो रहा है?



### जनता पूछ रही है सवाल

- क्या लेखपाल अनुपम कुमार की भूमिका की निष्पक्ष जांच होगी?
- क्या वायरल वीडियो–फोटो के आधार पर विभागीय कार्रवाई होगी?
- या फिर यह मामला भी फाइलों में दबाकर भुला दिया जाएगा?

फिलहाल, यह प्रकरण प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है और आम जनता अब ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है।

### प्रशासनिक चुप्पी कटघरे में

मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में खलबली जरूर मची है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक बयान या कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह आशंका भी गहराने लगी है कि कहीं यह मामला भी दबाव और साठगांठ की भेंट तो नहीं चढ़ जाएगा।

## मजदूरों की राजनीति को धार देने उतरी लोजपा (रामविलास)




- यूपी मध्य में बड़ा संगठन विस्तार, 2026–27 की चुनावी तैयारी का शंखनाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उत्तर प्रदेश मध्य में मजदूर राजनीति को नई धार देते हुए बड़ा संगठनात्मक विस्तार किया है। लखनऊ में आयोजित शक्ति प्रदर्शननुमा बैठक में लेबर सेल जनशक्ति मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष जॉय बनर्जी ने एक साथ कई अहम पदों पर नियुक्तियाँ कर यह साफ कर दिया कि पार्टी अब 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को हल्के में लेने के मूड में नहीं है। इस मौके पर युवा समाजसेवी ओंकार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, अरविंद सिंह को लखनऊ जिला अध्यक्ष, रमेश तिवारी को रायबरेली जिला अध्यक्ष, परशुराम को हरदोई जिला अध्यक्ष और शादाब अली को लखनऊ महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई टीम के गठन को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए जॉय बनर्जी ने दो टूक कहा कि स्व. रामविलास पासवान की राजनीति का केंद्र हमेशा श्रमिक, शोषित और वंचित रहे हैं और आज उसी विचारधारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीन पर उतरकर मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को जोड़ें और आने वाले चुनावों में पार्टी को निर्णायक ताकत बनाएं। कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए श्रमिक महिलाओं को संगठित होने का संदेश दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने साफ संकेत दिया कि लोजपा (रामविलास) अब प्रदेश की मजदूर राजनीति में मजबूत दावेदारी पेश करने जा रही है।

## देश को विकसित बनाने के लिए गांव–गांव तक हो एआई की पहुंच: अखिलेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को हैदराबाद में विजन इंडिया एआई समिट को संबोधित किया। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाना है तो जनसांख्यिकीय लाभांश में आने वाली चुनौतियों पर विचार करना पड़ेगा। स्टार्टअप का इको सिस्टम तैयार करना पड़ेगा। नौजवानों को नौकरी और रोजगार कैसे मिले, इसके लिए कार्यक्रम और नीतियां बनानी पड़ेगी। गांव के लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कैसे जुड़े, तकनीक का लाभ उन तक कैसे पहुंचे, यह बड़ी चुनौती है। अखिलेश यादव ने कहा कि डाटा सेंटर के लिए इस तरह की नीति बनाएं, जिससे सबका साथ और सबका विकास एक साथ हो सके। डिजिटल डिवाइड को लेकर समाजवादी पार्टी ने बड़े पैमाने पर काम किया। सपा सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश में छात्र-छात्राओं को लाखों की संख्या में लैपटॉप बांटा गया था। विजन इंडिया एआई समिट के सुपर सेशन के सवाल जवाब के दौरान



अखिलेश यादव ने कहा कि अगर हम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को एआई जोड़ने में सफल हो गए तो बड़ा बदलाव आएगा। भविष्य में एआई का ऐसा सिस्टम बनाना पड़ेगा, जिससे उसका अच्छा यूज हो। एआई के माध्यम से किसान को लाभ हो सकता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यूपी का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। शहरों का अच्छा होना जरूरी है, तभी जीवनस्तर बेहतर होगा। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट और वेस्ट कलेक्शन में एआई का प्रयोग करने से सुधार होगा। देश में अभी एआई की शुरुआत है। इस पर उचित नियंत्रण के लिए नीति बनानी पड़ेगी। इस अवसर पर यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, सांसद राजीव राय और पूर्व मंत्री अभिषेक मंत्री भी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 92 वाद निस्तारित

- दिलाया गया पांच करोड़ सैतीस लाख चौरासी हजार तेरह रुपये का मुआवजा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निबधंक जे. एडमिन सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ मनोज पाण्डेय ने जानकारी दी कि वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति लखनऊ की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से 92 वाद निस्तारित किए गए और पांच करोड़ सैतीस लाख चौरासी हजार तेरह रूपये का मुआवजा दिलाया गया।

## नामांकन करने के बाद पंकज चौधरी का बयान आया सामने, बोले, कोई पद छोटा या बड़ा नहीं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में यूपी भाजपा अध्यक्ष के लिए नामांकन करने के बाद केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अभी नामांकन दाखिल हुआ है। जांच चल रही है। रविवार को जब घोषणा होगी तभी मैं कुछ कह पाऊंगा। कोई पद छोटा या बड़ा नहीं होता है। पार्टी से जो दायित्व मिलता है, उसे कार्यकर्ता के नाते हम पूरी निष्ठा से निभाते हैं। बताते चलें कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को नामांकन कर दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ प्रस्तावक बने। इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मंत्री स्वतंत्रदेव, मंत्री दारा सिंह चौहान, मंत्री ए के शर्मा, कमलेश पासवान, राज्यमंत्री असीम




अरुण मौजूद रहे। वहीं, रविवार को लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में पीयूष गोयल नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। दोपहर एक बजे पंकज चौधरी, पीयूष गोयल और विनोद तावड़े के साथ लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट पर पंकज चौधरी ने हृद्ध से बातचीत में कहा था, आज भाजपा के सभी सांसदों को बुलाया गया है, प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है, उसमें सबको बुलाया गया है। अब आगे पार्टी तय करेगी।

## 31 दिसम्बर तक कराएं लेबर कार्ड का नवीनीकरण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित सभी योजनाओं का लाभ सिर्फ उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा जिनका पंजीकरण समय से नवीनीकृत है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन निर्माण श्रमिकों का लेबर श्रमिक कार्ड पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकृत नहीं है, उन्हें 31 दिसम्बर के बाद निष्क्रिय सूची में शामिल कर दिया जाएगा। निष्क्रिय सूची में आने वाले श्रमिक पंजीकृत श्रमिक की श्रेणी में नहीं माने जाएंगे और उन्हें किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा।अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने


सत्यमेव जयते

असंगठित श्रमिक - UAN CARD

भारत सरकार

nchit Kumar Srivastava (संचित कुमार श्री

Date of Birth: 02/07/1991
Gender: Male
Occupation: Laboratory Attendant
Aadhaar No.: XXXXXXXX3065

7897 6202 0752

NAL DATABASE FOR UNORGANISED W

बताया कि बोर्ड निर्माण श्रमिकों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास प्रोत्साहन शिक्षा योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं संचालित करता है। इन योजनाओं का लाभ श्रमिकों की संतानों के विवाह, जन्म, शिक्षा, गंभीर बीमारी के उपचार, आपदा की स्थिति और आवासीय शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान किया जाता है। प्रत्येक योजना का लाभ केवल पंजीकृत एवं समय से नवीनीकृत श्रमिकों को ही उपलब्ध है।बोर्ड ने श्रमिकों से अपील की है कि वे अपना लेबर श्रमिक कार्ड नवीनीकरण नजदीकी सीएससी ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर,सीएससी मण्हवअ सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट नचइवबूण्पद के माध्यम से अवश्य करा लें। योजनाओं, पंजीयन प्रक्रिया एवं नवीनीकरण से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक से बेहतर होगा प्रचार–प्रसार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु
- नई ऊर्जा के साथ कार्य करें अधिकारी: विशाल सिंह
- सूचना अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में सूचना निदेशालय में जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक सूचना ने विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, कार्यप्रणाली में एकरूपता तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को और प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से जनमानस तक पहुँचाने के निर्देश दिये। निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुँचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर सतत् निगरानी रखते हुए तथ्यों के साथ प्रभावी एवं संतुलित प्रतिक्रिया देना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है।निदेशक सूचना ने कहा कि सूचना विभाग को ऊर्जा,आत्मविश्वास और नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सजग होकर पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रचार-प्रसार के माध्यमों का उपयोग करते हुए एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। विगत 8 वर्षों में जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाय, जिससे लोगों में सरकार के नीतियों के प्रति किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपदों में किये जा रहे विकास कार्यो, योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित सक्सेज स्टोरी, लेख आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाय। जनपदीय कार्यालयों को और सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ किया जायेगा, जिससे कार्य करने में कोई असुविधा न हो। अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करें। आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बजट एवं वित्तीय प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक चन्द्र मोहन द्वारा उपस्थित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।इस अवसर पर सहायक निदेशक अनुराग प्रसाद, सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा, अमित यादव उपस्थित रहे।

## मनरेगा : 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार, 31 फीसदी एससी–एसटी लाभार्थी

- प्रदेश में 6703 करोड़ रुपए से तैयार किए गए आय के नए स्रोत
- अनुसूचित जाति–जनजाति के लोगों को मिल रही प्राथमिकता
- मनरेगा के जरिए मजबूत हुआ ग्रामीण रोजगार, योगी सरकार में बन रहे रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोजगार सृजन को लेकर सकारात्मक और ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत वित्तीय 2025-26 में अब तक 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 31 प्रतिशत से अधिक परिवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, जो सामाजिक समावेशन और समान अवसर की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों, प्राथमिकता को दर्शाता है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 97 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को समय पर भुगतान किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भरोसा बढ़ा है और श्रमिकों को उनकी मेहनत का पूरा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है। योगी सरकार ने 6703 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की है, जिससे गांवों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं।योगी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार के साथ सम्मान भी मिले। इसी सोच के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि पलायन पर भी प्रभावी रोक लगी है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार सृजन का बेहतर माहौल बन रहा है। मनरेगा के जरिए गांवों में विकास कार्यों को गति मिल रही है। लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। मॉडल उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है।

## अवैध नशे के सौदागरों की खैर नहीं, एएनटीएफ को और मजबूत करेगी योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मिलेंगे 150 से नये ज्यादा जांबाज, विभाग की कार्रवाई में आएगी तेजी
- अवैध नशे पर लगाम और ड्रग माफियाओं की कमर तोड़ने का सीएम ने लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वाले अवैध नशे के सौदागरों की अब खैर नहीं। योगी सरकार अवैध नशे के सौदागरों पर बड़ा एक्शन लेने जा रही है। योगी सरकार ने एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स एएनटीएफ को और मबजूत करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में एएनटीएफ में पुलिस कर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। विभाग में नियतन के हिसाब से फोर्स भी कम है। ऐसे में योगी सरकार ने एएनटीएफ को और मजबूत करने के लिए रेग्युलर पुलिस कर्मियों की तैनाती और नियतन के अनुसार फोर्स उपब्लध कराने का निर्णय लिया है। जहां एएनटीएफ को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी।एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध नशे पर नकेल कसने और ड्रग माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए 2022 में एएनटीएफ का गठन किया था। इस दौरान 6 थाने और 8 यूनिट का गठन किया गया। इन थानों में 28 पुलिसकर्मियों की तैनाती का नियतन रखा गया। इसमें एक निरीक्षक, 4 उपनिरीक्षक, 3 कंप्यूटर ऑपरेटर, 3 मुख्य आरक्षी, 12 आरक्षी, 2 आरक्षी चालक और 3 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। यूनिट में 18 पुलिस अधिकारियों समेत कर्मचारियों की तैनाती का नियतन रखा गया। इसमें एक पुलिस उपाधीक्षक, 1 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर, 2 मुख्य आरक्षी, 8 आरक्षी, 2 आरक्षी चालक, 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ एएनटीएफ की समीक्षा बैठक की थी। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि वर्तमान में एएनटीएफ में फोर्स को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। मानक के अनुरूप फोर्स भी नहीं है। सीए ने उच्च अधिकारियों को एएनटीएफ में पुलिसकर्मियों को रेग्युलर तैनाती के निर्देश दिये। जल्द से जल्द फोर्स तैनात करने के निर्देश दिये। प्रदेश में ड्रग माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए विभाग का गठन किया गया। ऐसे में उन्हे ड्रग माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए फोर्स के साथ आधुनिक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराएं जाएं। आईजी ने बताया कि एएनटीएफ में पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की नियुक्ति का नियतन 386 है। इसमें राजपत्रित अधिकारी 15, मुख्यालय पर 59, 6 थानों पर 168, 8 यूनिट पर 144 पदों पर तैनाती का नियतन है। वर्तमान में विभाग में 236 पदों पर तैनाती की गयी है जबकि 150 पद खाली हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद जल्द खाली पदों पर तैनाती की जाएगी।

### विकसित उत्तर प्रदेश 2047: आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इकोनॉमिक ड्राइवर बनने की ओर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश देश के बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इस दिशा में देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में शामिल आईआईटी कानपुर सशक्त भूमिका निभा रहा है। आईआईटी कानपुर अब केवल शिक्षा और रिसर्च तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह देश के आर्थिक भविष्य को दिशा देने वाला एक मजबूत स्टार्टअप हब बनकर उभर रहा है। यहां स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर एसआईआईसी में इस समय 521 स्टार्टअप अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ देश–प्रदेश के इकनोमिक ड्राईवर के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश को नवाचार की नई राजधानी के रूप में स्थापित करने का काम कर रहे हैं। आईआईटी कानपुर में औद्योगिक एवं प्रबंधन इंजीनियरिंग विभाग एवं डिजाइन प्रोग्राम और एसआईआईसी के इंचार्ज प्रोफेसर दीपू फिलिप का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार स्टार्टअप को लेकर बहुत कुछ कर रही है। आने वाले समय में यह प्रदेश स्टार्टअप का बड़ा केंद्र होगा।आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को उत्तर प्रदेश सरकार का सीधा और रणनीतिक सहयोग मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की स्टार्टअप फ्रेंडली नीतियों, आसान फंडिंग व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते यहां इनोवेशन को तेज गति मिली है। सरकार और संस्थान की साझेदारी ने आईआईटी कानपुर को ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है।

## प्रदेश के युवाओं को रोजगार हेतु 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉक्टर एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' गठन किया गया है।श्रम एवं सेवायोजन द्वारा विधानसभा लखनऊ से 18 अगस्त, को 'रोजगार महाकुम्भ 2025' हेतु महाकुम्भ अभियान का शुभारम्भ किया गया है। रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर तीन लाख के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 25 हजार नौकरिया उपलब्ध करायी जानी है।श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा 'रोजगार महाकुम्भ-2025' का प्रथम चरण का आयोजन 26 से 28 अगस्त तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया है। जिसमे 16,212 युवाओं का रोजगार हेतु चयन हुआ, इनमें 1,612 युवाओं का चयन विदेश हेतु हुआ है। वाराणसी में 9-10 दिसंबर राजकीय आईटीआई करौन्दी, वाराणसी परिसर में काशी सांसद रोजगार महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया गया जिसमें लगभग इक्कीस हजार रिक्तियों यथा मार्केटिंग, प्रोडेक्शन, मशीन आपरेटर, सेल्स, नर्सिंग, ड्राईवर, सप्लाई चेन, आटोमोबाईल, होटल, इत्यादि क्षेत्रों की 293 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन रिक्तियों के सापेक्ष हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, परास्नातक इत्यादि योग्यता प्राप्त लगभग 22,725 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इनमें से 8,054 अभ्यर्थी रोजगार हेतु चयनित हुए जिसमें 85 अभ्यर्थी विदेश हेतु चयनित हैं। चयनित अभ्यर्थियों में 331 महिला अभ्यर्थी एवं 8 विकलांग अभ्यर्थी भी शामिल हैं। काशी सांसद रोजगार महाकुम्भ में सबसे अधिक 6 लाख रूपये का सालाना पैकेज मिला है।मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन की अध्यक्षता में कांशी सांसद रोजगार महाकुम्भ में एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र 'दयालु' विधायक सुनील पटेल, सौरभ श्रीवास्तव, टीराम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मौर्या, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन खेल सुविधाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम,अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी व जिम हॉल तथा 25 मीटर शूटिंग रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिया।निरीक्षण के समय डीएम को अवगत कराया गया कि स्टेडियम परिसर में कबड्डी व जिम हॉल का निर्माण कार्य पैक्सफेड द्वारा कराया जा रहा है,जबकि 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के माध्यम से किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने दोनों ही निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य की गुणवत्ता,उपयोग में लाई जा रही सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। शूटिंग रेंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।उन्होंने निर्देश दिया कि शूटिंग रेंज को खिलाड़ियों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। जनपद में शूटिंग रेंज का निर्माण यहां के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा।इस सुविधा के उपलब्ध होने से जनपद के युवा खिलाड़ी अब अपने ही जिले में नियमित अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए: प्रमुख सचिव

**रायबरेली।** प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन/ नोडल अधिकारी जनपद रायबरेली सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध फ्लैगशिप योजनाओं, विकासकार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुवे निर्देश दिए गए कि स्थायी पात्रता सूची तैयार करवाते समय यह सुनिश्चित कराया जाए कि सर्वे में किसी भी पात्र लाभार्थी का नाम छुटने न पाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि शतप्रतिशत पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाया जाएं। निराश्रित गोवंश की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशो को संरक्षित कराया जाएं। सभी गौशालाओं में ठंड के मौसम को देखते हुवे हवा से बचाने हेतु शेड को चारों तरफ से कवर्ड कराया जाए।

# पिकअप–कार की टक्कर, चार लोग घायल

जन एक्सप्रेस | अमेठी



अमेठी में थाना मुंशीगंज क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को आजाद नगर के पास तेज रफ्तार पिकअप और कार की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज गति से आ रहे थे,जिसके कारण टक्कर होते ही जोरदार आवाज सुनाई दी।आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भेजा गया,जहां उनका इलाज चल रहा है।हादसे में घायल व्यक्तियों की पहचान अनंत राव,प्रकाश,अमन राव और पूजा के रूप में हुई है।चिकित्सकों के मुताबिक सभी की हालत गंभीर बनी हुई है,जिन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।सूचना मिलते ही मुंशीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची।और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई।पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर प्राथमिक जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित गति से वाहन चलाने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नोडल अधिकारी ने करनपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




नोडल अधिकारी जनपद/प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में वि0खण्ड बछरावां की ग्राम पंचायत करनपुर में विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में नोडल अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या के समाधान के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने अब तक की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। उन्होंने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे।

चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, राशन वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्य/केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव द्वारा 03 बच्चों को अन्नप्रासन व 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) सतीश प्रसाद मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां एस0बी0सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व ग्राम प्रधान रहमत अली एवं क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, एक मौत

**महराजगंज तराई**–थाना क्षेत्र के जुगलीडीह गांव के मोड़ पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। ग्रामीणों की सहायता से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

महराजगंज थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी रामसंवारे 48 वर्ष व रेंगु वर्मा पुत्र रामनरेश 44 वर्ष सुबह गन्ना को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर तुलसीपुर बेचने गए थे। लौटते समय करीब 4 बजे मुडिला के मजरा जुगंलीडीह गांव मोड़ के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली पलटने से आसपास भगदड़ मच गया। गांव के लोग बचाव के लिए दौड़ पड़े। लेकिन रामसंवारे को गंभीर चोट आने से मृत्यु हो गई। जबकि रेंगू बर्मा गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं। ग्रामीणों व पुलिस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छानबीन की जा रही है।

# ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को लेकर बजाज एनर्जी ने किया गोष्ठी एवं जागरूकता शिविर आयोजित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत श्रीदत्तगंज ब्लॉक के ग्राम बायभीट में बजाज एनर्जी ने जागरूकता चौपाल एवं विद्यालय संगोष्ठी का आयोजन किया ।

जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत बजाज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्रीदत्तगंज ब्लॉक के ग्राम बायभीट में ऊर्जा संरक्षण को लेकर एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बिजली बचाने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। इससे पूर्व ग्राम बायभीट स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णु मोहन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। बजाज एनर्जी के इकाई प्रमुख समीर सावंत ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से आह्वान किया कि भविष्य में संभावित ऊर्जा संकट से बचने के लिए अभी से ऊर्जा संरक्षण और बिजली संचय को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज पूरी दुनिया इस विषय पर गंभीरता से चिंतन कर रही है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बजाज एनर्जी में मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक प्रमोद त्रिपाठी, कार्पोरेट कम्युनिकेशन विभाग के सहायक महाप्रबंधक के.पी. सिंह, प्रबंधक (प्रशासन) वैभव सिंह, इंजीनियर सुनील यादव, वैभव गौरव सिंह, नीरज श्रीवास्तव सहित बजाज एनर्जी के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बजाज एनर्जी द्वारा ग्रामीणों को एलईडी बल्बों का वितरण भी किया गया।

# बसपा की बैठक, में चुनावी तैयारियों पर हुआ मंथन

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर



बहुजन समाज पार्टी द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एस आई आर को लेकर आयोजित बैठक में मिशन 2026 और 2027 को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में उपस्थित नेताओं ने सम्मानित पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथियों एवं पार्टी के समस्त शुभचिंतकों को सादर ÷जय भीम÷ कहकर संबोधित किया। इस दौरान यह जानकारी दी गई कि दिनांक 12 दिसंबर (शुक्रवार) को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ एवं बूथ लेवल एजेंट बीएलए की बैठक प्रत्येक बूथ पर आयोजित की जानी है, जिसका उद्देश्य निर्वाचन कार्यों को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना है।बैठक में एस आई आर के कार्यों को गति देने, बूथ स्तर पर मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को गंभीरता से करने तथा आगामी जिला पंचायत सदस्य चुनाव की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को बूथ विजय अभियान (बिजई) से जोड़ने को लेकर अहम चर्चा हुई। विधानसभा संयोजक पिछड़ा वर्ग भाईचारा कमेटी जयप्रकाश मौर्य ने कहा कि मिशन 2026 और 2027 की सफलता के लिए अभी से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना आवश्यक है।सभी पदाधिकारियों एवं बीएलए से अपील की गई कि वे सुबह 11 बजे अपने-अपने बूथ पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और बैठक के उपरांत कार्यवृत्ति, फोटोग्राफ्स तथा कम से कम 30 सेकेंड का वीडियो निर्धारित ऐप पर समय से अपलोड करना सुनिश्चित करें।बैठक में कहा गया कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त होगी और पार्टी को आगामी चुनावों में मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष आलापुर बलराम निषाद, वरिष्ठ नेत्री डॉ. स्नेहलता, विधानसभा प्रभारी राजमणि गौतम, मुस्लिम भाईचारा कमेटी के संयोजक रमेश चंद्र गौतम, राम अवतार सिंह, संतोष गोंड सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव ने विभिन्न निर्माणाधीन विकास परियोजनों का स्थलीय निरीक्षण किया



**रायबरेली।** प्रमुख सचिव ने एम्स में निर्माणाधीन 100 बेड क्रिटिकल केयर ब्लाक व राणा बेनी माधव की स्मृति में निर्माणाधीन आडिटोरियम एवं पुस्तकालय का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उहोंने इंदिरा उद्यान में वृक्षारोपण अभियान (एक पेड़ मां के नाम) में रोपित किए गए वृक्ष का निरीक्षण कर देखा।

# खेलों से निखरेगा भविष्य,तिलोई में विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी



सुभाष पशुपतिनाथ इंटर कॉलेज तिलोई के प्रांगण में आयोजित विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार को तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना' ने फीता काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया।विधानसभा स्तर पर पुरुष एवं महिला वर्ग की आठ खेल विधाओं,एथलेटिक्स,कबड्डी,कुश्ती, वालीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन,जूडो एवं बैडमिंटन में भाग ले रहे खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तिलोई एवं क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रशासन,शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने तथा अनुशासन और परिश्रम के माध्यम से क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है।एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक सशक्त मंच मिला है।

# शुभम ने संगीत से डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के होनहार मेधावी छात्र शुभम चौहान ने तबला वादन संगीत से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है ।

जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित 105 वें दीक्षांत समारोह में बलरामपुर के प्रतिभाशाली तबला वादक शुभम चौहान को संगीत (तबला) विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध कार्य संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, के प्रतिष्ठित संगीत ( तबला) विशेषज्ञ प्रो. प्रवीण उद्धव के निर्देशन में पूरा हुआ। शुभम ने ÷कोरोना काल में तबला वाद्य पर हुए मौलिक चिंतन का संकलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन (आभासी मंचों के संदर्भ में)÷ विषय पर शोध करते हुए महामारी के दौरान संगीत साधना के बदलते रूप और ऑनलाइन मंचों के महत्व को विस्तार से अध्ययन किया है ।नगर के टेढ़ी बाजार निवासी आनन्द कुमार चौहान व सुधा चौहान के ज्येष्ठ पुत्र शुभम बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी रहे हैं। मात्र तीन वर्ष की आयु में तबला वादन शुरू कर उन्होंने संगीत की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना ली। प्राथमिक शिक्षा से इंटर तक की शिक्षा बलरामपुर में पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 2017 में बीएचयू से बी.म्यूज (तबला) तथा 2019 में मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट (तबला) की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने जुलाई 2018 में आयोजित यूजीसी-ह्श्वञ्ज व जेआरएफ की परीक्षा भी उत्तीर्ण किया। प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर (गायन) डिप्लोमा प्राप्त कर शुभम ने गायन और वादन दोनों में अपनी दक्षता सिद्ध की। शोधकाल के दौरान उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हुए, जिससे संगीत अध्ययन के क्षेत्र में उनका योगदान और समृद्ध हुआ। पीएचडी की उपाधि मिलने के बाद शुभम चौहान ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, गुरुजनों, माता-पिता, दादा-दादी , चाचा डॉ मनोज कुमार चौहान व लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान और पूरे परिवार को दिया। शोध उपाधि के साथ शुभम ने न केवल बलरामपुर का नाम रोशन किया है बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीत, विशेषकर तबला वादन की परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ा है।

## थाना लालिया में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायते, निस्तारण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिले के थाना ललिया पर आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने लोगो की शिकायतें सुनी और निस्तारण के दिये निर्देश।

इस दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही समझौता कराया गया। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर त्वरित कारवाही की जाए। इस दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश पेंशनरों की गुहार: सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स ने सरकार से उठाई लंबित मांगें, राशिकरण कटौती से लेकर चिकित्सा लाभ तक की मांग

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ उत्तर प्रदेश ने राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों की लंबित समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया है। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि केंद्र और प्रदेश सरकार के बार-बार संज्ञान में लाने के बावजूद इन मुद्दों का समाधान नहीं हो रहा है। ज्ञापन में 12 से अधिक मांगें उठाई गई हैं, जिनमें राशिकरण कटौती की अवधि कम करना, अतिरिक्त पेंशन बढ़ोतरी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर आयकर कटौती रोकना और पुरानी पेंशन बहाली जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। संघ ने इन समस्याओं के समाधान के लिए ÷आस ध्यानाकर्षण कार्यक्रम÷ शुरू करने की बात कही है।

संघ के जनपद अध्यक्ष राघवेंद्र बहादुर सिंह और जनपद सचिव श्यामेन्द्र सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में कहा गया है कि संघ प्रदेश के 20 हजार से अधिक सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स का प्रतिनिधित्व करता है, जो राजकीय विभागों, निगमों, परिषदों और निकायों से रिटायर हुए हैं। ये पेंशनर सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज सेवा में सक्रिय हैं, जैसे निर्धन कन्या विवाह, वृद्धाश्रम, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों में योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में?? किया गया है कि पेंशनरों ने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय राष्ट्र निर्माण, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य और लोक कल्याण में समर्पित किया है, जिससे देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इसलिए सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि पेंशनर अपनी हिस्सेदारी से वंचित न रहें।

ज्ञापन का आधार प्रयागराज में 11 नवंबर 2025 को हुई प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक है, जहां इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ ने पहले भी मंडल/शाखा स्तर से ज्ञापन भेजे हैं और सरकार के विभिन्न पत्रों का हवाला दिया है, जैसे वित्त विभाग के पत्र दिनांक 31 मई 2023, संघ के पत्र दिनांक 27 सितंबर 2025 और उप मुख्यमंत्री का पत्र। इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण न होने पर संघ ने मुख्यमंत्री से इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

प्रमुख मांगें और समस्याएं– विस्तार से समझें

ज्ञापन में पेंशनरों की 12 से अधिक समस्याओं को विस्तार से उठाया गया है। यहां इनकी विस्तृत जानकारी दी जा रही है–

आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के हित सुरक्षित करने की मांग– भारत सरकार ने आठवें वेतन आयोग के विचारार्थ विषय निर्धारित किए हैं, लेकिन पेंशन और पेंशनरी लाभों को इससे बाहर रखा गया है। संघ ने अनुरोध किया है कि आयोग के दायरे में पेंशनरों के हितों को शामिल किया जाए, ताकि वे वेतन संशोधन के लाभ से वंचित न रहें।

80 वर्ष की आयु पर अतिरिक्त पेंशन लाभ– वर्तमान में 80 वर्ष पूर्ण करने के बाद 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोतरी मिलती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के अनुसार यह लाभ 80 वर्ष शुरू होने पर ही दिया जाना चाहिए। संघ ने इस बदलाव की मांग की है, ताकि पेंशनरों को जल्द लाभ मिल सके। 65, 70 और 75 वर्ष पर अतिरिक्त पेंशन बढ़ोतरी– 60 वर्ष के बाद पेंशनर परिवारिक जिम्मेदारियां निभा लेते हैं, लेकिन 65 वर्ष के बाद गंभीर रोगों के कारण खर्च बढ़ जाते हैं। संघ ने मांग की है कि 65 वर्ष पर 6 प्रतिशत, 70 पर 10 प्रतिशत और 75 पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन बढ़ोतरी स्वीकृत की जाए, ताकि बढ़ती उम्र के साथ खर्चों को संभाला जा सके। कोरोना काल की रोकी गई महंगाई राहत किश्तों का भुगतान– कोरोना महामारी के दौरान रोकी गई 18 महीनों की महंगाई भत्ता/राहत किश्तों का भुगतान किया जाए। यदि भुगतान संभव न हो, तो यह राशि मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा की जाए, ताकि पेंशनर 80जी के तहत आयकर लाभ ले सकें।

वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में छूट– वरिष्ठ पेंशनरों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाए, ताकि यात्रा सुगम हो।

राशिकरण कटौती की अवधि कम करना– पेंशन के एवज में राशिकरण की वसूली 15 वर्षों में की जाती है, जबकि कई राज्यों में यह 12-13 वर्ष है।

# सचिवो ने फर्जीवाड़े का खेला नया खेल फीड कार्य आई डी में किया हेर फेर

■ विकास खण्ड ऐलिया में तैनात सचिव प्राची आर्या एक बार फिर विवादों के घेरे में

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




जनपद में ग्राम पंचायत सचिवो के द्वारा फर्जीवाड़ा करने का नया तरीका इजात किया गया है,एक तरफ सचिवो के द्वारा प्रधानों से सांठगांठ कर ग्राम निधि से प्रधान व प्रधान के परिवारीजनों के नाम ग्राम निधि से भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है, वही दूसरी तरफ सचिवो के द्वारा भ्रष्टाचार का खेला जा रहा नया खेल उजागर हो रहा है, सचिव सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त होकर योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुचाने की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे है व प्रधानो से सांठगांठ कर सरकारी धन का दोहन कर रहे है बताते चले कि विकास खण्ड ऐलिया में तैनात सचिव प्राची आर्या फिर से एक बार चर्चा में आ गयी है इससे पहले सचिव प्राची आर्या पर ग्राम पंचायत अर्थलियाग्रंट में विकास कार्यो में मानकविहीन कार्य कराने व कार्य होने से पहले ही अग्रिम भुगतान करने जैसे गंभीर आरोप लग चुके है लेकिन उक्त प्रकरण में विकास खण्ड के जिम्मेदारो के द्वारा मामले को दबा कर रफा दफा कर दिया गया था वही अब सचिव के द्वारा ग्राम निधि से किए गए भुगतानों में फर्जीवाड़ा करने के आरोप लग रहे है,सचिव प्राची आर्या ने ग्राम पंचायत अर्थलियाग्रंट में कार्य आईडी संख्या 102939416 जो कि एनीमिया के लक्षणों पर जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम के लिए आवंटित थी उस पर दिनाक 21.11.2025 को प्रधान का मानदेय 20000 रूपये का भुगतान किया वही मानदेय के लिए फीड कार्य आईडी पर सचिव के द्वारा पंचायत भवन में बैटरी क्रय कार्य,प्रशासनिक व्यय का भुगतान व एंटी लार्वा की खरीद का भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया है। सचिव के द्वारा पंचायत सहायक का वेतन भी एनीमिया सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम की आईडी पर किया गया है। ग्राम पंचायत हथिया मल्हपुर में सचिव प्राची आर्या के द्वारा इसी प्रकार के भुगतान किए गए है जिसमे दिनाक 14.10.2025 को कार्य आईडी संख्या 75072311 जो कि स्वास्थ्य योजनाओ पर जागरूकता अभियान के लिए फीड की गई थी उस पर सचिव ने स्ट्रीट लाइट कार्य के 96750 रूपये के दो भुगतान किए है, व एनीमिया सम्बन्धी जागरूक कार्यक्रम की आईडी पर प्रधान व पंचायत सहायक का मानदेय निकाल कर सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम किया है। विकास खण्ड महोली में तैनात सचिव लक्ष्मी यादव के द्वारा ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत बसवे में मानदेय /मजदूरी की आईडी पर सेनिटाइजन किट, साफ सफाई की सामग्री व एन्टी लार्वा की खरीद कर फर्जीवाड़ा किया है। विकास खण्ड पिसावां में सचिव अतुल कुमार के द्वारा ग्राम पंचायत चन्द्रा में मानदेय/मजदुरी की आईडी पर प्रिंटर टोनर की खरीद,स्टेशनरी की खरीद, गौशाला हेतु चारा खाद्य व पानी भरवाई का भुगतान,सीसीटीवी रिचार्ज का भुगतान व गौशाला हेतु त्रिपाल की खरीद की गई है जो कि नियम का ताख पर किया गया है। उक्त सचिवो के द्वारा जारी आदेशो को ताख पर रखकर अपने निजी स्वार्थ के चलते भुगतान किए है। उक्त सम्बन्ध में जब ग्राम पंचायत अर्थलियाग्रंट,हथिया मल्हपुर की सचिव प्राची आर्या व बसवे की सचिव लक्ष्मी यादव से जानकारी का प्रयास किया गया तो बजती रही घंटिया नही उठा फोन। वही ग्राम पंचायत चन्द्रा के सचिव ने बताया कि कार्य कराए गए है बिना कार्य के भुगतान नही निकाला गया है ये सब कार्य अचानक आ जाते है जिसके चलते इस प्रकार की गड़बड़ी हो गई हो गयी।

# अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव 'स्पेक्ट्रम-2' का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव 'स्पेक्ट्रम-2' बड़े ही हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिल्हौर एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित, नेक्स्ट एजुकेशन के वाइस प्रेसिडेंट दीपेश बी. शकरिया, विद्यालय प्रबंधक श्री अभिषेक मिश्रा, अभिजीत मिश्रा एवं प्रधानाचार्य मोहित सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने लोकप्रिय गीतों 'ले गई ले गई', 'पापा मेरी जान' एवं 'नैनो वाले ने' पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर पूरे सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। विद्यार्थियों ने अपने जीवन की प्रथम गुरु मां पर आधारित मधुर संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही बच्चों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से सिंदूर ऑपरेशन एवं वीर सैनिकों की वीरता का प्रभावशाली मंचन किया, वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन लीला का सुंदर मंचन भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर हाईस्कूल में विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अनुशासन में रहना चाहिए तथा अपने लक्ष्य पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अनुसंधान एवं नवाचार की भावना बचपन से ही विकसित होनी चाहिए। नेक्स्ट एजुकेशन के वाइस प्रेसिडेंट दीपेश बी. शकरिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में बच्चों को लगन, निष्ठा एवं एकाग्रता के साथ अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाइवे पर लूट का खुलासा: तीन आरोपी गिरफ्तार दुकानदार को पीटकर ई-रिक्शा व सामान लूटा

■ सीसीटीवी व सर्विलांस से 72 घंटे में सुलझी वारदात, लूटा गया माल बरामद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




**शिवराजपुर ।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र में हाइवे पर हुई लूट की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने महज तीन दिन में सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया ई-रिक्शा, नकदी और दुकान का सामान बरामद किया है।घटना बिल्हौर क्षेत्र के उत्तरी गांव निवासी रविकांत के साथ घटित हुई, जो टोल बूथ के पास सड़क किनारे दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बीते सोमवार की रात रविकांत ई-रिक्शा पर दुकान का सामान लादकर टोल बूथ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान टोल बूथ से पहले हाइवे पर चार नकाबपोश युवकों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि बदमाशों ने लाठी-डंडों से रविकांत के साथ बेरहमी से मारपीट की और उनकी जेब से 1600 रुपये नकद, दुकान का सामान तथा ई-रिक्शा लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाना शिवराजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की गहन जांच शुरू की। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें संदिग्ध युवकों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से कैद हो गई। इसके बाद सर्विलांस टीम की मदद से आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई।थाना प्रभारी वरुण शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शांति नगर उत्तरीपुरा निवासी सोनू पुत्र मुकेश कश्यप, नदिहा रोड उत्तरीपुरा निवासी शनि उर्फ छोटू पुत्र रघुवीर तथा रमेल नगर (थाना बिठूर) निवासी आयुष पुत्र दीपू को रामबक्स पुरवा गांव से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटा गया ई-रिक्शा, एक गैस सिलेंडर, दुकान से संबंधित तीन बंडल सामान तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# शुद्धता के साथ भरा जाये पोर्टल

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यो का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी स्वयं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर निगरानी रखें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।? जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी, पर्यटन विभाग की राज्य योजना, छात्रवृत्ति योजनाओं, सेतुओं का निर्माण सहित अन्य खराब रैकिंग वाली योजनाओं से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति में सुधार हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि समस्त प्रकार की छात्रवृत्तियों से सम्बन्धित प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इसकी नियमित रूप से समीक्षा भी की जाय। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी निर्माण कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ठगबाजों की संपत्ति कुर्क

**सीतापुर।** पुलिस ने ठगबाजो द्वारा अपराध व जालसाजी करके एकत्र की गई सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही की है। गौरतलब हो कि क्रिप्टो एक्सचेंज एप के माध्यम से ठगी करने के आरोपियों की संपत्ति को शहर कोतवाली पुलिस ने कुर्क किया है। पुलिस ने आरोपियों की तीन करोड़ की संपत्ति के साथ 20 खातों में जमा 46 लाख रुपये की राशि को सीज किया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक वार्ता में एसपी अंकुर अग्रवाल ने दी।नवीन चैक निवासी विराट राठौर ने बॉम्बीटेक्स व बी मैक्स कंपनी के सीईओ जय प्रकाश मौर्या, डायरेक्टर अनुष्का, देवेंद्र मौर्या, नितिका मौर्या, दयाशंकर मौर्या के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई ई थी। आरोप था कि ट्रेंडिग एप में निवेश का झांसा देकर आरोपियों ने पीड़ितों से ठगी की थी। पुलिस ने देवेंद्र मौर्या को 30 नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया था। बीते बृहस्पतिवार को एक अन्य आरोपी दीपक यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों की अपराध से कमाई गई संपत्ति को शुक्रवार को उपनिरीक्षक यज्ञपाल वर्मा ने मौके पर जाकर जब्त करने की कार्रवाई पूरी की।

# एसडीएम ने किया खाद क्रय केन्द्रों का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

सिधौली-सीतापुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र में किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने खाद क्रय केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण नीलगांव स्थित गनेरा से लेकर कम्हरिया मास्टरबाग तक संचालित निजी खाद विक्रेताओं की दुकानों पर किया गया।निरीक्षण के दौरान जय किसान सेवा केंद्र, नीलगांव रोड पर उर्वरक वितरण रजिस्टर अधूरा पाया गया, साथ ही रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड एवं पीओएस मशीन की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। मौके पर 250 बोरी यूरिया स्टॉक में मिली। इसके पश्चात न्यू गुप्ता खाद भंडार, भगौतीपुर चैराहा का निरीक्षण किया गया, जहां वितरण रजिस्टर व पीओएस मशीन का डाटा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। यहां एक बैग यूरिया व आठ बैग डीएपी स्टॉक में मिले। मौर्य खाद भंडार, कम्हरिया पुल पर निरीक्षण के दौरान यूरिया के साथ सल्फर टैगिंग की शिकायत सामने आई, जिस पर एसडीएम ने तत्काल टैगिंग समाप्त कराई और किसानों को सल्फर वापस दिलवाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यूरिया के साथ किसी भी प्रकार की टैगिंग नहीं की जाएगी। इसके अलावा पंचपीर मास्टरबाग स्थित इफको केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां धान खरीद का कार्य चल रहा था और उर्वरक उपलब्ध नहीं था। एसडीएम राखी वर्मा ने कहा कि किसानों को खाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## ब्लाक संसाधन केन्द्र पर नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

ब्लॉक संसाधन केंद्र मछरेहटा में सत्र 2025-26 के ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे शैक्षिक नवाचारों व बेस्ट प्रैक्टिस का प्रचार-प्रसार करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मछरेहटा ने की। कार्यक्रम में डायट खैराबाद सीतापुर के निर्देशों के क्रम में विकास क्षेत्र के समस्त एआरपी एवं डायट मेंटर्स की उपस्थिति में प्रत्येक न्याय पंचायत के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालयों में अपनाए जा रहे नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया गया। शिक्षकों ने अनुभव साझा करते हुए निपुण भारत मिशन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर एआरपी सत्य कुमार गुप्ता, पूरन प्रकाश, राजकुमार, आदित्य गुप्ता, चंद्र प्रकाश शुक्ल, लेखाकार सतेन्द्र गुप्ता, विनीत अवस्थी, अंकित मिश्रा, मुक्ता सिंह, रामनेरश, शिवम बाजपेई, संतोष शुक्ला, प्रवेश कुमार, दिनेश कुमार, अनुराग सहित लगभग(70) शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभीप्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# समान ,नगदी समेत 70 हजार रुपये की चोरी



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की बीती रात चोरों ने एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पंखुड़ी पेट्रोल पम्प निजामपुर के पास मुख्य बाजार स्थित एक परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान के भीतर रखे लगभग 12 हजार रुपये नकद और हजारों रुपये के कीमती सामान चोरी कर लिया।घटना की जानकारी सुबह पेट्रोल पम्प के किसी कर्मचारी के द्वारा हुई । दुकान पर जाकर देखा कि दुकान का मुख्य ताला टूटा हुआ है और शटर थोड़ा खुला हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर पता चला कि दुकान के काउंटर में रखा कैश (नकद) और अन्य कीमती सामान गायब है।दुकान मालिक देवकीनंदन ने बताया कि उन्होंने बीती शाम रोज की तरह दुकान बंद की थी और सारा कैश काउंटर में बने लॉकर में रखा था। चोरों ने अत्यंत शातिराना ढंग से दुकान के ताले तोड़े और सीधे कैश लॉकर तक पहुँचे।देवकीनंदन के अनुसार, चोरी किये गए सामानों में गुटखा, तेल पीपा ,तीन बोरी दाल और अन्य महंगी उपभोक्ता वस्तुएं शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग हजारों रुपये में है। इसके अलावा, गल्ले में रखे 12000 रुपये नकद भी चोरों के हाथ लगे हैं। कुल मिलाकर, दुकानदार को लगभग 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### जांच में जुटी पुलिस

चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और दुकान मालिक से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान आस-पास के दुकानदारों में भी दहशत का माहौल देखने को मिला। इमलिया पुलिस ने बताया है कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान हो सके।

# जारी महत्वकांक्षी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिये डीएम को करना होगा विकास खण्डों का औचक निरीक्षक

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

■ विकास खण्ड बेहटा, सकरन, ऐलिया, सिधौली रामपुरमथुरा, गोंदलामऊ हरगांव आदि विकास खण्डों में बीडीओ की उदासीनता के चलते दिन प्रति बढ़ता जा रहा भ्रष्टाचार

जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर के द्वारा लगातार शासन से जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम पावदान तक भ्रष्टाचार मुक्त व गुणवत्तायुक्त पहुंचाये जाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे है विकास कार्यो की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी के द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिससे हो रहे विकास कार्य बेहतर व मानक के अनुसार हो सके निर्माण कार्यो में इस्तेमाल की जा रही सामग्रियों की वास्तविकता जिलाधिकारी द्वारा देखी जा रही जिससे निर्माण कार्य भ्रष्टाचार मुक्त हो सके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बेहतर कार्य निर्माण कार्य कराये जाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है। जिलाधिकारी के हर प्रयास के बाद भी जनपद के कई ऐसे विकास खण्ड है जहां पर भी जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण नही किया गया है जिसके चलते पूर्व कार्यशैली के अनुसार खण्ड विकास अधिकारी व जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते विकास खण्ड क्षेत्र में अंतिम पांवदान तक विकास कार्य पहुंचने में जिम्मेदार सचिव व प्रधान की मिली भगत से सरकारी धनराशि का बंदर बांट किया जा रहा है और निजी लाभ के चलते अंतिम पावंदान तक विकास पहुंचने में बाधाएं उत्पन्न हो रही है। उदाहरण के तौर पर जनपद के विकास खण्ड बेहटा, गोंदलामऊ ऐलिया, सिधौली, रामपुर मथुरा, हरगांव आदि विकास खण्डों में जिम्मेदारों के संरक्षण में सचिवों द्वारा ग्राम निधि मे फर्जीवाड़ा कर जारी आदेशों को ताख पर रखकर प्रधान परिजनों के नाम भुगतान किये जा रहे है मनरेगा योजना में एक फोटो कई कार्यो पर अपलोड कर शासन को गुमराह करते हुए फर्जीवाड़ा लगातार बढ़ता नजर आ रहा है सचिवों व खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भुगतान के नाम पर बिल के स्थान पर बैंक एकाउण्ट स्टेटमेण्ट सादे पेपर, मारस्टर रोल आदि लोड कर फर्जीवाड़ा करते हुए शासन को गुमराह किया जा रहा है खण्ड विकास अधिकारी की उदासीनता के चलते विकास खण्ड क्षेत्र में बनी अस्थाई गोशालाओं में आश्रय पा रहे गोवंशों को उचित स्वास्थ्य व्यवस्था चारा पानी अलाव आदि की बेहतर व्यवस्था न होने के कारण जहां एक तरफ मृतक गोवंशों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती नजर आ रही है वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदारों की उरासीनता के चलते मृतक गोवंशों को खुले में डालकर मृतक गोवंशों के शवों का निस्तारण नही किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के द्वारा मात्र चुनिन्दा लोगो के ही जारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जागरूगता के अभाव से पात्र लाभर्थियों पर योजनाओं की जानकारी नही पहुचं पा रही है। विकास खण्ड में किसानों के लिये वितरण किये जा रहे कृषि उपयोग के लिये बीज वितरण प्रक्रिया भी चुन्निदा लोगो तक ही पहुंच पा रही है जिसे पात्र छोटे व मझोले किसानों को लाभ नही मिल पा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जो कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों मे साफ सफाई आदि की व्यवस्थ को दुरूस्त किये जाने के लिये लागू की गई थी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते जहां एक तरफ आर आर सेण्टरो में मानक विहीन निर्माण होने के कारण कम समय में ही ध्वस्थ होते नजर आ रहे है वहीं दूसरी तरफ ग्रम पंचायतों में कचड़े को आर आर सेण्टर तक ले जाने के लिये लाखों रूपये की लागत से खरीदे गये ई रिक्शा भी दम भरते नजर आ रहे है। जिम्मेदारों के द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र में भारी मात्रा में अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का दुरूपयोग कर फाइलों में दफन कर दिया है। अगर जिलाधिकारी के द्वारा विकास खण्ड मुख्यालयों के अभिलेखों की बारीकी से जांच की जाती है तो वर्षो से दफन ऐसे राज खुलकर आ सकते है जिसमें कई जिम्मेदारों की जवाब देही तय हो सकती है और कार्यवाही होना भी शत प्रतिशत सुनिश्चित है।

### डीएम के औचक निरीक्षण के बाद भी कनिष्ठ सचिव के पास एडीओ पंचायत का प्रभार

जिलाधिकारी सीतापुर के द्वारा विकास खण्ड मछरेहटा का औचक निरीक्षण किया गया और विकास खण्ड क्षेत्र में पाई गई खामियों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किये गये उसके बावजूद भी विकास खण्ड क्षेत्र में जो सबसे बडी कमी जिस सम्बन्ध में कई संगठनों द्वारा जिला प्रशासन से लेकर शासन तक को पत्र जारी किये गये और कार्यवाही की मांग की गई विकाश खण्ड क्षेत्र में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर प्रभार में संदीप कुमार कनिष्ठ सचिव जो कि जारी आदेशों को ताख पर रखकर जहां एक तरफ सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर कार्यरत है वहीं प्रभार के साथ साथ नियमविरूद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों का चार्ज कनिष्ठ सचिव संदीप कुमार के पास चला आ रहा हैं अगर आदेशों पर गौर किया जाये तो किसी भी प्रभारी को प्रभार के समय वित्तीय अधिकार का उपयोग करने का नियम नही होता है लेकिन कनिष्ठ सचिव संदीप कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर प्रभार होने के साथ ही जहां एक तरफ वित्तीय अधिकारों का उपयोग कर रहे है वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों का चार्ज होने के साथ ही जारी आदेशों को ताख पर रखकर आवंटित सरकारी धन का दुरूपयोग कर प्रधान व प्रधान परिजनों को मालमाल करने में कोई भी कोर कसर नही छोड़ रहे है। जिस सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत देने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मात्र कागज पूर्ति तक सीमित कर कार्यवाही लम्बित कर दी गई।

### डीपीआरओ कार्यालय में नियमों को ताख पर रखकर सम्बद्ध एडीओ अवनीश चैधरी

जहां एक तरफ शासन के द्वारा स्थानान्तरण नीति के तहत आदेश जारी किये जाते है जिससे वर्षो से एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों में फेर बदल किया जा सके और व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जा सके वही दूसरी तरफ जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यायल में नियम विरूद्ध तरीके से सम्बद्ध सहायक विकास अधिकारी पंचायत अवनीश चैधरी चर्चा का विषय बने हुए है। क्योकि अगर जारी शासनादेश पर ध्यान दिया जाये तो सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सम्बद्ध करना नियम विरूद्ध शासनादेश में बताया गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या
NER-BSB0SnT-OT-27-2025

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :-
क्रमांक-1, निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-27-2025: कार्य का नाम: व.म.सि.दू.इ-II/वाराणसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पुराने सिग्नलिंग और खराब हो चुके एसेट्स (ईपीएम ग्राउंड कनेक्शन, आईपीएस बैटरी सेट, ट्रैक बैटरी और अन्य विविध वस्तुयें) के बदलाव साथ-साथ टेक्निकल एडवाइजरी नोट के अनुसार प्रत्येक बीपीएसी यूनिट के लिये पृथक पॉवर सप्लाई अरेंजमेंट के प्रावधान का कार्य। विवरण: अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 1,35,40,276.85, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 2,17,700/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 08 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 05-01-2026 को 15:00 बजे।
(1) ई-निविदा दिनांक 05-01-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-73 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर के 'रील वर्जन' धुरंधर से आखिर क्यों डर गये कुछ मुस्लिम देश?

**खाड़ी देशों को यह समझ लेना चाहिए कि इस भारत के साथ खड़ा होना फायदे का सौदा है और पाकिस्तान जैसे असफल, कट्टरतावादी ढाँचे को खुश करने के लिए भारत से दूरी बनाना भविष्य में उन्हें और महंगा पड़ेगा। फिल्म धुरंधर को लेकर जो हंगामा हो रहा है, वह यह साबित करता है कि पाकिस्तान का नैरेटिव अब कमजोर हो रहा है और भारत का नैरेटिव ताकत पकड़ रहा है। वह देश जो पाकिस्तान के पारंपरिक प्रभाव में थे, वह इस बदलाव को देखकर घबराए हुए हैं। लेकिन घबराहट से ज्यादा यह उनकी कमजोरी दिखाती है।**

*हिंदी फिल्म धुरंधर को लेकर जो बवंडर उठा है, वह सिर्फ एक फिल्म का विवाद नहीं है बल्कि यह उस बदलती दुनिया की कहानी है जहाँ भारत का पक्ष मज़बूती से उभर रहा है और कुछ देशों को यह हक़ीक़त पच नहीं रही है। सबसे पहले एक बात साफ है कि धुरंधर कोई फैंटेसी नहीं है, यह एक रील रूप है उस हकीकत का, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के जरिए दुनिया के समक्ष रखा है। यही वजह है कि पाकिस्तान और उसके समर्थकों के दिल में यह फिल्म काँटे की तरह चुभ रही है। लेकिन असली सवाल पाकिस्तान से भी बड़ा है। भारत के दोस्त कहे जाने वाले खाड़ी देश आखिर पाकिस्तान की राय से इतने प्रभावित क्यों हैं कि उन्होंने फिल्म को सीधे-सीधे बैन कर दिया? यह वही खाड़ी देश हैं जिनके साथ भारत आज रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग, व्यापार और सुरक्षा रिश्ते मजबूत कर चुका है। फिर सिर्फ इसलिए कि एक फिल्म पाकिस्तान के इस्लामवादी ढांचे को बेनकाब करती है, वह भारत के पक्ष की बजाय पाकिस्तान के दबाव में क्यों झुक गए? क्या दोस्ती इतनी कमजोर थी? या यह डर कहीं गहरा बैठा है कि भारत का मजबूत नैरेटिव मुसलमानों के नाम पर राजनीति चलाने वाले देशों को असुविधा में डाल देता है? खाड़ी देशों की यह स्थिति एक और सच्चाई उजागर करती है कि भारत जब अपने मन की कहानी कहने लगता है, तो दुनिया के कई शक्ति-केन्द्र असहज होने लगते हैं। चूंकि यह कहानी अब किसी पश्चिमी देश ने नहीं, बल्कि भारत ने लिखी है और वह भी बेबाकी के साथ इसलिए इसे 'संवेदनशील', 'विवादास्पद' और 'राजनीतिक' कहकर दबाने की कोशिश हो रही है। देखा जाये तो हॉलीवुड की फिल्में जब नाज़ियों पर चलती थीं या आतंकियों पर बनती थीं, तब किसी को समस्या नहीं थी। किसी खाड़ी देश ने बैन नहीं लगाया। लेकिन जैसे ही भारत उसी भाषा में अपना सच बोलता है तो कुछ देशों को मानो बुखार चढ़ जाता है। असल बात यह है कि अगर रील में दिखाई गई भारत की शक्ति से ही इतनी घबराहट है, तो असली भारत का सामना करने का साहस कहाँ से आएगा? आज का भारत वह नहीं रहा जिसे डराया जा सके या जिसकी आवाज़ रोकी जा सके। यह नया भारत अपने सैनिक अभियान भी दिखाता है, आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति भी स्पष्ट रखता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किसी के लिहाज में झुकता नहीं। खाड़ी देशों को यह समझ लेना चाहिए कि इस भारत के साथ खड़ा होना फायदे का सौदा है और पाकिस्तान जैसे असफल, कट्टरतावादी ढाँचे को खुश करने के लिए भारत से दूरी बनाना भविष्य में उन्हें और महंगा पड़ेगा। फिल्म धुरंधर को लेकर जो हंगामा हो रहा है, वह यह साबित करता है कि पाकिस्तान का नैरेटिव अब कमजोर हो रहा है और भारत का नैरेटिव ताकत पकड़ रहा है। वह देश जो पाकिस्तान के पारंपरिक प्रभाव में थे, वह इस बदलाव को देखकर घबराए हुए हैं। लेकिन घबराहट से ज्यादा यह उनकी कमजोरी दिखाती है क्योंकि सच्चाई से डरने वाले ही आवाज़ों को दबाते हैं। दूसरी ओर, भारत को इस बहिष्कार से विचलित होने की जरूरत नहीं है। बल्कि यह तो संकेत है कि भारत की सांस्कृतिक और रणनीतिक ताकत सीधे सही जगह चोट कर रही है। अगर सिर्फ एक फिल्म से इतनी बेचैनी है, तो भारत के वास्तविक संकल्प और शक्ति का असर कितना गहरा होगा, यह दुनिया अच्छी तरह समझ चुकी है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।**

# जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता



योगेश कुमार गोयल

**अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें।**



ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन किया जाता है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष

**देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।**

2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 18:51 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 08:13 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | सौभाग्य, 11:44 |
| सूर्योदयः | 07:05 |
| सूर्यास्तः | 17:25 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 09:40-10:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### अन्ना जी हजारे !

*फिर अनशन पर जा रहे ।*
*अन्ना जी हजारे ।।*
*पत्र लिख दिया सीएम को ।*
*समझो जरा इशारे ।।*
*लग जाएंगे काम पर ।*
*है दिया अब बोल ।।*
*लोकपाल कानून पर ।*
*नहीं घुमाना गोल ।।*
*जो उनका अधिकार है ।*
*करना अब प्रयोग ।।*
*नए साल में लगता ।*
*बन रहा कुछ योग ।।*
*है अंतिम लड़ाई अब ।*
*ना मानेंगे हार ।।*
*आ जाए अब शायद ।*
*नई कुछ बहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गले में खराश की समस्या से हैं परेशान तो इस्तेमाल करें शहद और काली मिर्च, मिलेगा आराम

**सर्दी** के मौसम में लोगों की इम्यूनिटी सिस्टम काफी कमजोर होती है। ऐसे में सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं होना काफी आम है। ऐसे में सर्दी-जुकाम और बदलते मौसम या इंफेक्शन के कारण गले में दर्द और खराश होना एक आम समस्या है। सर्दियों में गले में सूजन, गले का सूखना, खराश होना, निगलने में समस्या, दर्द, आवाज बैठना आदि समस्याओं से लोग काफी परेशान रहते हैं। गले में होने वाली खराश से राहत पाने के लिए लोग कई तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उन्हें इन समस्याओं से राहत मिल सके। ऐसे में शहद और काली मिर्च का नुस्खा गले की जलन और दर्द से नेचुरल तरीके से राहत दिला सकती है। हरियाणा के सिरसा में स्थित रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल के आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा का कहना है कि शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो गले की सूजन को कम करने और गले को राहत दिलाने में मदद करते हैं, जबकि काली मिर्च में मौजूद पिपरिन गले की सूजन को कम करता है, खांसी कम करने



और गले को गर्माहट देने में मदद करता है। इसलिए आप गले की खराश से राहत पाने के लिए आप शहद और काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं।

**शहद और काली मिर्च का मिश्रण:** शहद और काली मिर्च को एक साथ मिलाकर इसका सेवन करना सबसे आसान और अच्छा तरीका है। यह तुरंत आपके गले की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। आप 1 चम्मच शहद लें और उसमें द चम्मच ताजी पिसी हुई काली मिर्च मिलाएं और फिर इसका सेवन कर लें। इस मिश्रण का सेवन आपके गले की नेचुरल कोटिंग बनाता है, जिससे खरोंच जैसी महसूस होने वाली जलन को कम करने में मदद मिलती है। जबकि इसमें मौजूद काली मिर्च हल्का ताप पैदा करती है और कफ जमने से रोकता है, जिससे खांसी और दर्द दोनों से राहत मिलती है। आप इस मिश्रण को दिन में 2 से 3 बार खा सकते हैं।

**शहद और काली मिर्च की हर्बल चाय:** अगर गले में ज्यादा सूजन है तो शहद और काली मिर्च की हर्बल चाय आपके लिए बहुत फायदेमंद होती है। गर्म पानी आपके गले को आराम देता है और इन दोनों का मिश्रण गले के इंफेक्शन को कम करने में मदद करते हैं। यह हर्बल चाय बनाने के लिए एक कप पानी को हल्का उबलने दें और इसमें आधा चम्मच काली मिर्च का पाउडर मिलाएं। इसके बाद 2 से 3 मिनट धीमी आंच पर इसे उबालें और फिर इसे एक कप में छान लें और पानी के हल्का ठंडा होने पर 1 चम्मच शहद मिला दें। इस चाय को धीरे-धीरे चुस्की लेते हुए पिएं। शहद और काली मिर्च की हर्बल चाय को पीने से बलगम ढीला होता है और गले की सूजन को कम करने में मदद मिलती है। काली मिर्च की गर्म तासीर गले में ब्लड फ्लो बेहतर करने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# प्रशासनिक तंत्र की तय हो जवाबदेही..



उमेश चतुर्वेदी

**कई बार तो नोट गिनने में ही दो-दो तीन-तीन दिन लग जाते हैं। सवाल यह है कि क्या अफसरों के पास अकूत धन उनके सत्कर्मों और कर्तव्यपरायणता के चलते आता है? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब ना में हैं।**

**आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाए रखने और उसके जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। भारत का शायद ही कोई राज्य हो, जहां की नौकरशाही में अकूत संपत्ति के मालिक, भ्रष्टाचारी और कर्तव्यहीन अफसर ना होंगे। मध्य प्रदेश जैसे जिन राज्यों में लोकपाल व्यवस्था कायम है, वहां आए दिन ऐसे अफसरों पर छापे पड़ते हैं।**

**उत्तर** भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है। लेकिन हो सकता है कि इस बार यह आवक कम हो। गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब 'बर्क बाय रोमियो लेन' में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो। लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जान ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर इस नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। इतना ही नहीं, यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है। भारत में एक चलन स्वीकार कर लिया गया है। नियमावलियां तो खूब बनाई गई हैं। लेकिन वे सिर्फ दस्तावेजों के लिए हैं। जिन्हें इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, जिन पर इन नियमावलियों को तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, अक्सर वे इससे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, उनमें मासूम जानें चली जाती हैं। तब उन्हें नियमों की तेजी से याद आने लगती है। प्रशासनिक तंत्र की बंद आंखे तब ऐसे खुल जाती हैं, जैसे भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलता है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, तब उसे कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के 'बर्क बाय रोमियो लेन' क्लब के मालिकों पर भी होगी, लेकिन इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और अगर किसी सामाजिक संस्था, किसी राजनीतिक व्यवस्था या किसी न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जाएगी, उसकी तासीर ठंडी होती जाएगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर ऐसा ही किसी और नाम से नाइट क्लब चलाने लगें। भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपने राजकाज को चलाने के लिए बनाया था। उसे लंबी अवधि तक बनाए रखने के लिए बनाया था। देखते ही देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। वैसे भी जर्मन दार्शनिक मैक्स वेबर इसे स्टील फ्रेम ही बताते हैं। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की रूपरेखा को लेकर चर्चा की थी। उसने इस पर गंभीर विमर्श किया था। संविधान सभा में प्रशासनिक तंत्र पर व्यापक चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो। संविधान सभा के सदस्यों को संदेह था कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पाएगी। इसी लिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर ना सिर्फ व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नए स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इन बहसों का उद्देश्य एक ऐसी सिविल सेवा प्रणाली स्थापित करना रहा, जो संविधान के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान हो।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पल्स पोलियो अभियान: स्वस्थ पीलीभीत की दिशा में एक सशक्त पहल

- सीएमओ ने पल्स पोलियो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- जनपदवासियों से अभियान को सफल बनाने की सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार शर्मा ने की अपील



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जनपद पीलीभीत में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली ने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता को एक बार फिर रेखांकित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शर्मा ने शनिवार को कार्यालय परिसर से पल्स पोलियो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जनपदवासियों से अभियान को सफल बनाने की अपील की। पल्स पोलियो रैली कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत से प्रारंभ होकर बड़े बाजार जैसे व्यस्त क्षेत्र से गुजरते हुए पुनः कार्यालय परिसर पहुंची, जहां गोष्ठी के रूप में कार्यक्रम का समापन हुआ। रैली के माध्यम से आमजन को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाना अनिवार्य है, चाहे बच्चा पहले से स्वस्थ ही क्यों न दिखाई दे।कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक, जेएसआई सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 1231 बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 15 से 19 दिसंबर 2025 तक 801 घर-घर टीमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रह जाए। इस अभियान के तहत जनपद में लगभग 3 लाख 70 हजार बच्चों को पोलियो से प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहते हुए बूथ पर या घर-घर आने वाली टीमों के माध्यम से अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं। सामूहिक प्रयासों से ही पीलीभीत को पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सकता है और भावी पीढ़ी को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सकता है।

## इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉक्टर डीके मिश्रा ने महाविद्यालय में आई टी सेंटर स्थापित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय का निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं है। जिस से क्षेत्र के निर्धन छात्र उचित प्रशिक्षण प्राप्त ना करने के कारण नौकरियों से वंचित रह जाते हैं ।उन्होंने बताया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉक्टर डी के मिश्रा ने अति शीघ्र ही महाविद्यालय में हृद्वश्वस्ह्रश्व द्वारा सेंटर स्थापित करने और लगभग 100 कम्प्यूटर स्थापित करने का आश्वासन दिया है। प्राचार्य महोदय ने कहा कि यह महाविद्यालय के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि है ।सेंटर स्थापित होने से पूरनपुर के छात्र डिजिटल साक्षरता, उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, कम्प्यूटर, हार्डवेयर, सॉफ्ट वेयर के क्षेत्र में कौशल प्राप्त कर सकेंगे। एन आई ई एल आई टी हृद्वश्वस्ह्रश्व भारत में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है जो देश में तकनीकी कौशल विकास में योगदान देता है।

# ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, एक की गई जान, दूसरा गंभीर घायल, स्थिति गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ रेफर किया गया है। यह हादसा पेट्रोल पंप के पास हुआ, जब एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, सुन्सी गांव निवासी 52 वर्षीय आसाराम और 40 वर्षीय श्रवण कुमार कोटे की दुकान से सरकारी गल्ला लेकर बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। वे ओयल कस्बे में पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि सीतापुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटनास्थल पर शव के पास मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग।

इस हादसे में बाइक चला रहे आसाराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके साथी श्रवण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक लखीमपुर की ओर जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल श्रवण कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल मोतीपुर में भर्ती कराया। हालांकि, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक आसाराम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी पटेल राठी ने बताया कि 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है वहीं घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां हालत नाजुक होने के चलते लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल की छात्रा वैशाली शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

- ‘विकसित भारत बिल्ड थोन’ में सफलता, 12 जनवरी को दिल्ली में करेंगी यूपी का प्रतिनिधित्व

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



शिक्षा के क्षेत्र में जनपद के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल सीआईएससीई बोर्ड की कक्षा 11 की छात्रा वैशाली शर्मा का ‘विकसित भारत बिल्ड थोन’ प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन हुआ है।यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के करीब तीन लाख विद्यालयों के लगभग पांच करोड़ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इतनी बड़ी प्रतियोगिता में वैशाली शर्मा का चयन होना उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। प्रतियोगिता के पहले चरण में ऑनलाइन क्विज आयोजित हुआ, जिसमें वैशाली ने 20 में से 18 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दूसरे चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई, जिसमें उन्होंने विषय की गहरी समझ और सशक्त विचारों से निर्णायकों को प्रभावित किया। दोनों चरणों में सफल विद्यार्थियों को प्रेजेंटेशन राउंड के लिए चयनित किया गया। इस चरण में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कुल आठ विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिनमें से तीन विद्यार्थियों का अंतिम चयन हुआ। इनमें वैशाली शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जगह बनाई।अब आगामी 12 जनवरी को वैशाली शर्मा, चयनित दो अन्य विद्यार्थियों के साथ नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस चरण में सफलता मिलने पर विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर भी मिल सकता है। प्रतियोगिता में कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिसे विभिन्न स्तरों पर चयनित प्रतिभागियों के बीच वितरित किया जाएगा।वैशाली की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय की संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने भी वैशाली की सराहना करते हुए उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वैशाली शर्मा की यह सफलता जनपद के विद्यार्थियों के लिए मिसाल है और यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई जा सकती है।

## सरकारी रास्ते पर दबंगों का कब्जा, प्रशासन की चुप्पी ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के ग्राम खरगापुर, तहसील सदर से सामने आया सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और ग्रामीण रास्ता बंद किए जाने का मामला न सिर्फ स्थानीय स्तर पर चिंता का विषय है, बल्कि यह प्रशासनिक उदासीनता का भी आईना दिखाता है। जिस सार्वजनिक रास्ते से पिछले 25-30 वर्षों से ग्रामीणों का निर्बाध आवागमन होता रहा हो, उस पर अचानक पिलर लगाकर अवरुद्ध करने की कोशिश गंभीर सवाल खड़े करती है। पीड़िता बशंती सिकदर द्वारा लगाए गए आरोप यदि सही हैं, तो यह स्पष्ट है कि कुछ दबंग तत्व सरकारी भूमि को निजी संपत्ति समझ बैठे हैं। डीआरआरओ एवं विद्यालय की खाली भूमि से होकर गुजरने वाला यह रास्ता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए जीवनरेखा जैसा है। ऐसे में बिना किसी वैध आवंटन के पिलर खड़े कर रास्ता बंद करना कानून को खुली चुनौती देने जैसा है। चिंता की बात यह है कि पीड़िता द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर मौके पर समय से कार्रवाई नहीं हुई। यही ढिलाई दबंगों के हौसले बढ़ाती है। हालांकि तहसीलदार सदर व उपजिला अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया जा चुका है कि उक्त रास्ता सरकारी भूमि से होकर गुजरता है और उसे बाधित नहीं किया जा सकता, फिर भी जमीनी स्तर पर आदेशों का पालन न होना प्रशासनिक तंत्र की कमजोरी को उजागर करता है। सरकारी जमीन आम जनता की होती है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। यदि ऐसे मामलों में समय रहते सख्त कार्रवाई न की जाए तो भविष्य में सार्वजनिक रास्ते, तालाब, खेल मैदान और स्कूल की जमीनें भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ती चली जाएंगी। इससे आम ग्रामीणों का विश्वास प्रशासन से उठना स्वाभाविक है। अब आवश्यकता है कि प्रशासन केवल कागजी आदेशों तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर पहुंचकर अवैध पिलरों को तत्काल हटवाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। तभी यह संदेश जाएगा कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के लिए कानून मूकदर्शक नहीं है। जनहित से जुड़े ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई ही प्रशासन की साख बचा सकती है। अन्यथा सवाल यही रहेगा क्या सरकारी जमीन सचमुच सरकार की है या दबंगों की?

## बाघो की गणना के लिए महेशपुर रेंज मे 40 व गोला रेंज मे 4 कैमरे लगाए



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक वर्ष बाघो की गणना कराई जा रही है जिससे उनके संरक्षण व उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कराई जा सके। हालाकि पिछ्ले कई बर्षो से बाघो की गणना मे काफी इजाफा देखने के लिये मिला है। वही दूगूनी गति से बाघो की बढोत्तरी हो रही है जिससे वन विभाग सहित वन्य व पशु प्रेमी काभी उत्साहित है। महेशपुर रेज के वन क्षेत्राधिकारी निर्भय सिंह शाही ने बताया कि महेशपुर रेज के कुल वन्य भू भाग 6800 हेक्टेयर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने बाली वीटों जैसे आवलां, ककरहा देवीपुर, सहजनियां, महेशपुर सहित कुल 40 कैमरे लगाये गये है। जवकि गोला वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि हमारे यहा 1235 हेक्टेयर वन्य भू भाग पर कुल चार कैमरे सिकन्दरपुर बीट मे लगाये गये है। जो कि विगत दस दिसम्बर से लेकर पंद्रह जनवरी यानि की पैतालिस दिनो मे बाघो की गणना कराकर उसका डेटा सरकार के पास उपलब्ध कराना होगा।

जिसके लिये महेशपुर रेज मे वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव के नेतृत्व मे व गोला मे वन दरोगा शैलेन्द्र त्रिवेदी की टीमे कैमरे लगाने व उनकी गणन का कार्यक्रम चला रहे है।

## एक दिवस में अलग-अलग गांव से दो किशोरी लापता

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से नाबालिक किशोरियों के अचानक लापता हो जाने से हड़कंप मच गया पुलिस ने पीड़ितों के पिता की तहरीर पर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया उसकी पुत्री घर पर अकेले थी वह खेत काम करने गया था 9 बजे करीब घर से अचानक लापता हो गई तलाश करने पर पता चला गांव का एक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। दूसरे गांव की किशोरी रात में अपने परिवार के साथ सोई थी सुबह परिजनों के जागने पर घर पर न पाकर कर संन्न रह गए तलाश करने पर एक युवक द्वारा जबरन बाइक से ले जाने की जानकारी हुई जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई पुलिस ने मामले में नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सीओ अरुण कुमार सिंह ने दोनों घटनाओं में अपहर्ता किशोरियों को सकुशल बरामद करने के आदेश दिए हैं।

# एक्सप्रेस खबरें...

### धारदार हथियार से हमला कर कई घायल, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्राम बख्तापुर निवासी चन्द्रकली ने वताया कि 11 नवंबर को गांव निवासी ओमपाल भदौरिया, अनूप सिंह,विश्वराज उर्फ पंकज, अर्जुन सिंह व राजा सिंह,शिवम सिंह व राजवीर सिंह में लाठी डंडो व धारदार हथियार से लेस होकर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए घर में घुस आये और बोले अपना घर तोड़कर मन्दिर के लिए रास्ता छोड़ो, जिस पर महिला ने कहा मन्दिर के लिए पहले से पक्का रास्ता है। घर पचासियों साल का पुश्तैनी बना हुआ है। घर नहीं तोड़ेगें,इस पर सभी लोग हमलावर हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने महिला को मारा पीटा। बचाने आए पुत्र प्रेमपाल, पुत्रबधु रेशमा व राम देवी पर हमला करके बेरहमी से लाठी डण्डों व धारदार हथियार से मारा पीटा। प्रेमपाल पर धारदार हथियार से प्रहार किया ।जिससे प्रेमपाल के सिर में चोट आने से वह गिर गया तो लाठी डण्डों से काफी मारा पीटा। उसके पुत्र प्रेमपाल व पुत्रबधु रेशमा व रामदेवी के सिर, हाथ, पैर व शरीर में काफी चोटें आयीं। मौके पर गांव के लोगों के बचाने पर अपने परिवार के लोगों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने आ रही थी तो लोगों ने ईट अदधैं फेंक कर मारे,जिससे महिला का भतीजे सियाराम को तालाब में फेंक दिया। जोर जोर से कह रहे थे पूरे परिवार को जान से मारने के बाद घर तोड़कर रास्ता बना लेगें। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू दी है। पुलिस ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बख्तापुर निवासी पंकज सिंह ने वताया कि मन्दिर का रास्ता खोलने को लेकर ओमकार व प्रेमपाल को बात करने के लिए बुलाया था। तभी उनके साथ सियाराम, रामदेव, रोहित, दाताराम हाथो में लाठी डंडे और हाथो में धारदार हथियार लेकर अपनी सलाह मशविरा करके एक राय होकर आये और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे,जिससे पंकज व उनकी चाची सरस्वती के गम्भीर चोट आंई। गाँव के लोगो ने आकर बचाया। जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अवैध कच्ची शराव में दो गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना घुंघचाई पुलिस व आबकारी बिभाग ने संयुक्त रुप से अवैध कच्ची शराव को लेकर सिकरहना और सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में छापा मारा,जंहा से पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अवैध कच्ची शराब बरामद की। पकडे गए आरोपियों ने अपना नाम रामू निवासी सिमरिया ता अजीतपुर बिल्हा वताया दूसरे आरोपी ने सिकरहना का निकला। पुलिस ने आबाकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनो आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस ने वताया मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। अवैध कच्ची शराव बनाने वालो पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और आबाकारी बिभाग की छापामारी कार्रवाई से कच्ची शराव बनाने वालो में खलवली मची रही।

### प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने अपनी 129 विधानसभा पूरनपुर के ग्राम रमपुरा कोन के ग्राम प्रधान बहादुर सिंह के पुत्र सिमरन सिंह के द्वारा खेलो इंडिया यूनिवार्षिटी गेम्स 2025 में 10000 मीटर की रेस में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल लेकर अपने निवास स्थान पहुंचने पर उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और सिमरन को उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ अपनी शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल सिंह,जितेंद्र सिंह,प्रधान बहादुर सिंह जी,हरजिंदर कौर जी, बक्शीस सिंह जी, दिलबाग सिंह जी,अंग्रेज सिंह जी, पवित्र सिंह हरजिंदर सिंह सहित सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# एलएच शुगर फैक्ट्री गेट पर ठगी, ट्रक कंडक्टर से 1.29 लाख उड़ाए

## बातों में उलझाकर ‘मंत्र फूंकने’ के बहाने ले गए नकदी, ई-रिक्शा से फरार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर की एलएच शुगर फैक्ट्री के मुख्य गेट पर शनिवार सुबह जालसाजों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। दो अज्ञात युवकों ने राजस्थान से आए ट्रक कंडक्टर को बातों में उलझाकर 1 लाख 29 हजार रुपये ठग लिए। घटना के बाद दोनों ठग पास में खड़े ई-रिक्शा से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सुनगढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के जगमोहननपुर निवासी ट्रक चालक नारायण लाल गुर्जर और कंडक्टर बहादुर गुर्जर बरेली में कोयला उतारने के बाद एलएच शुगर फैक्ट्री में चीनी लोड कराने पहुंचे थे। शनिवार सुबह ट्रक फैक्ट्री गेट पर खड़ा था। इसी दौरान चालक एंट्री के लिए फैक्ट्री के भीतर चला गया, जबकि कंडक्टर बहादुर ट्रक के पास मौजूद रहा।

इसी बीच पैदल आए दो युवक कंडक्टर के पास पहुंचे और बातचीत के दौरान किसी बहाने उसे ट्रक से नीचे उतरवा लिया। दोनों ने उसे अपनी बातों में उलझाते हुए करीब 100 मीटर दूर ले गए। वहां रुपयों के बारे में पूछताछ की। कंडक्टर ने बताया कि नकदी ट्रक में रखी है। इसके बाद दोनों उसे वापस ट्रक के पास लाए। कंडक्टर ने ट्रक में रखे 1.29 लाख रुपये निकालकर उनके हवाले कर दिए। बताया गया कि जालसाजों ने कंडक्टर को किसी प्रकार का संदेह नहीं होने दिया। रुपये लेने के बाद उसे करीब 20 मीटर आगे ले जाकर ‘मंत्र फूंकने’ की बात कही और ट्रक की ओर लौट जाने को कहा। जैसे ही कंडक्टर पीछे मुड़ा, दोनों युवक पहले से खड़े ई-रिक्शा में बैठकर नकदी सहित फरार हो गए।

कुछ देर बाद ठगी का अहसास होने पर कंडक्टर के होश उड़ गए। उसने तुरंत चालक को जानकारी दी और शोर मचाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फैक्ट्री गेट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही ई-रिक्शा चालकों और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। दिनदहाड़े फैक्ट्री गेट के पास हुई इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने ट्रक चालकों और बाहरी जिलों से आने वाले मजदूरों से अजनबी लोगों के झांसे में न आने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## घटिया सड़क निर्माण पर डीएम सख्त, मेमोरियल हाल रोड का औचक निरीक्षण, भुगतान रोका और सैंपल लिए गए

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



नगर पालिका परिषद क्षेत्र की निर्माणाधीन मेमोरियल हाल रोड पर शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने औचक निरीक्षण किया।सड़क की खराब गुणवत्ता देखकर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। जगह-जगह बजरी उखड़ने और कमजोर सतह ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए।जिलाधिकारी ने मौके पर ही नगर पालिका के अवर अभियंता को फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होगी, तब तक कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। शिथिल पर्यवेक्षण को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी (ईओ) का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान, डीएम ने सड़क पर बजरी उखड़ने वाले स्थानों को चूने से चिह्नित करवाया। लोक निर्माण विभाग को उसी दिन सैंपल लेने के आदेश दिए गए। साथ ही, सातवें और 14वें दिन दोबारा सैंपल जांच कराने के सख्त निर्देश भी जारी किए गए। डीएम ने बाइट्स एंड बियॉन्ड के सामने नाली पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने और नालियों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल निकासी कहीं भी बाधित नहीं होनी चाहिए। अंबेडकर तिराहे पर बार-बार होने वाले जलभराव को लेकर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या न हो। जिलाधिकारी के निर्देश मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी व उनकी टीम ने चिह्नित स्थानों से तत्काल सैंपल संग्रहित कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जाडों मे जंगलों की सुरक्षा के लिये बढाई गई फारेस्ट कर्मियो की गस्त

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जाडो मे जंगलो के निकटवर्ती गावो मे जंगल की जलौनी लकडी को लोग काटकर तापने व खाना बनाने के लिये ठंडक व कोहरा का फायदा उठाकर लोग काटकर लाते है ।जिसके चलते गोला वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी ने वनकर्मियो की चार पांच टीमे गठित कर रात्रिकालीन व शायंकालीन के समय गस्त को बढा दिया है। वही वन क्षेत्राधिकारी गोला संजीव कुमार तिवारी ने बताया की हर हाल मे जंगलो की रक्षा करना हम लोगो का धर्म है। इस दौरान कोई भी लापरवाही बर्दास्त नही की जायागी। गस्त के दौरान कोई भी ब्यक्ति संदिग्ध अवस्था मे जंगलो के आस पास भी मिलता है तो उस पर कडी कारवाई की जायागी।

## आस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर कर ली लाखों की ठगी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

युवक को आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर फर्जी वीजा देकर हरियाणा के तीन जालसाजों ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। एयरपोर्ट से वापस होने पर युवक को धोखाधड़ी की जानकारी लगी। आरोप है कि एग्रीमेंट लिखाने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। पुलिस ने तीन पर मुकदमा दर्ज किया है।थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव कटकवारा निवासी बलवंत सिंह ने र पुलिस को बताया कि उसने अपने पुत्र ओंकार सिंह को आस्ट्रेलिया भेजने के के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 188-190 थर्ड व फ्लोर स्थित सेवन सीस ओवर सीस त इमीग्रेशन के संचालक शेखा गौरव सैनी, मोहित सैनी और उनके बहनोई मेधान्त निवासी गांव हलदारी, अम्बाला हरियाणा से संपर्क किया। पुत्र को ग आस्ट्रेलिया भेजने के लिए संचालकों से 13.50 लाख रुपये में बात तय हुई। की आरोपितों ने 11 जनवरी 2023 को 6.20 लाख रुपये और 14 जून 2023 एयरपोर्ट से वापस लौटाने पर वीजा फर्जी होने की लगी जानकारी लगी। दो लाख रुपये अपने खाते में आरटीजीएस करा लिए। 5.30 लाख रुपये आस्ट्रेलिया पंहुचने के बाद देने की बात तय हुई। जालसाजों ने उसके पुत्र को आस्ट्रेलिया भेजने के लिए वीजा दे दिया।

### महिला ने बैंक कर्मचारियों पर अभद्रता का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** कस्बा के मोहल्ला सरैया निवासी महिला के पति की मौत के बाद उन पर प्राइवेट बैंक का बकाया रकम गहने, और वाहन बेचकर अदाइगी करने के बाद कर्मचारियों द्वारा सरेराह पैसा चुकता करने को लेकर बेइज्जत करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है। सरैया निवासी तरन्नुम ने शिकायती पत्र देकर बताया उसका पति इस्लाम समूह में कार्यरत था जिनकी अचानक मौत हो गई जिससे परिवार सड़क पर आ गया पत्नी ने गहने और वाहन बेचकर बैंक कर्मचारियों को भुगतान किया जिसका उन्होंने रजिस्टर पर लेख अंकित न कर कुछ दिन बाद कर्ज चुकाने की बात कहने पर पीड़िता के होश उड़ गए लाखों की रकम कर्मचारियों द्वारा डकार जाने के बाद पीड़िता ने जबरन घर में घुसकर बेइज्जत करने का आरोप लगाया है जिसकी शिकायत पुलिस में देने के बाद कार्रवाई न होने पर समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## थाना फरधान में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फरधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे।

जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व- पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार मुकेश कुमार, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लाइसेंसी बंदूक साफ करते समय बुजुर्ग को लगी गोली, हालत गम्भीर

## इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

जन एक्सप्रेस । हरदोई



जनपद में शनिवार की दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब कोतवाली देहात क्षेत्र के अनंग बेहटा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। लगभग 75 वर्षीय अवधेश कुमार त्रिपाठी पुत्र विष्णु दयाल त्रिपाठी को पेट के निचले हिस्से में गोली लगी है। परिजन उन्हें तत्काल हरदोई मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधेश कुमार त्रिपाठी आर्यावर्त बैंक से लगभग दस वर्ष पूर्व बैंक मैनेजर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिजनों ने बताया कि वे पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। घायल के चचेरे भाई श्यामा कुमार त्रिपाठी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब अवधेश अपनी लाइसेंसी बंदूक की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो उनके पेट के निचले हिस्से में जा लगी।गोली चलने की आवाज सुनते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने आनन-फानन में घायल को अस्पताल पहुंचाया। अवधेश कुमार त्रिपाठी के तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। सभी परिजन मेडिकल कॉलेज में मौजूद हैं और चिकित्सकों से लगातार स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ले रहे हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने लाइसेंसी हथियार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटनावश गोली चलने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।फिलहाल घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## भैंस लेकर जा रही महिला से बदसलूकी, पिकप चालक से मारपीट

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पक्का बाग से पिकप से भैंस लेकर जा रही महिला से मोहल्ले के दो भाइयों ने बदसलूकी की और पिकप डाला के ड्राइवर के साथ मारपीट की।पीड़िता ने आरोपी भाइयों के विरुद्ध कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। पीड़िता पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरवा निवासी सालिया पत्नी शरीफ के अनुसार वह शनिवार की शाम को 4.30 बजे कोतवाली शाहाबाद के मोहल्ला पक्का बाग निवासी अपनी बहन सीमा पत्नी शकील के साथ एक पिकप डाला पर भैंस लेकर पंडरवा आ रही थी तभी मोहल्ले के फैजान और अन्नी पुत्रगण नशरत ने उससे मोबाइल नंबर की मांग की। उसने नंबर देने से मना कर दिया तो विपक्षी भाइयों ने पिकप डाला पर ईंट पत्थर चलाए और पिकप के ड्राइवर आरिफ को खींचकर मारा पीटा। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

# बुकिंग के बहाने ई-रिक्शा लूटने का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई




थाना बघौली पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा बुकिंग के बहाने लूट की घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार बीती 11 अक्टूबर को वादी लालजीत पुत्र धर्मू निवासी ग्राम धरमपुर मजरा अहेरी, थाना बघौली, जनपद हरदोई द्वारा थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि वादी अहेरी में ई-रिक्शा चलाता है, जहां तीन अज्ञात व्यक्तियों ने ग्राम उमरापुर तक जाने के लिए 200 रुपये में ई-रिक्शा बुक किया। रास्ते में ग्राम भीठादीन के निकट टॉयलेट करने के बहाने ई-रिक्शा रुकवाया।और जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन व ई-रिक्शा लूट लिया तथा मौके से फरार हो गए।बघौली थाना पुलिस ने तहरीर के आधार अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर धारा 317(2), 336(3) व 338 बीएनएस की वृद्धि की गई।एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में आलोक राठौर पुत्र रामशंकर एवं विमल पुत्र सुशील, दोनों निवासी ग्राम कुकही, थाना कछौना, जनपद हरदोई शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अदद ई-रिक्शा बरामद किया है। वहीं, घटना में शामिल एक बाल अपचारी को विधिक प्रक्रिया के तहत संरक्षण में लिया गया है।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई जारी है और मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थियों में युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



हरपालपुर थाना क्षेत्र के बेहटा रम्पुरा गांव में एक युवक ने पत्नी से चल रहे विवाद के कारण मानसिक तनाव में आकर घर के अंदर कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के बेहटा रम्पुरा गांव निवासी लगभग 30 वर्षीय संतोष पुत्र राम प्रकाश की शादी 7 वर्ष पूर्व बिलग्राम कोतवाली के पसनामऊ गांव निवासी संध्या से हुई थी।संध्या के परिवारीजन हरियाणा में मेहनत मजदूरी करते है।बताया जा रहा है कि संतोष शराब का आदी था।गरीबी व तंगहाली के चलते पति पत्नी में आये दिन विवाद होता रहता था।इसी विवाद के चलते लगभग दो वर्ष पूर्व पत्नी संध्या अपने मायके में चली गयी और संतोष पर मुकदमा कर दिया।इसी अवसाद के चलते संतोष ज्यादा नशा करने लगा जिससे वह मानसिक तनाव में रहता था।शुक्रवार की रात संतोष ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक संतोष का लगभग 4 वर्ष का एक पुत्र शिवा है।

# सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : रानू सिंह

जन एक्सप्रेस । बी जी मिश्र



विधानसभा सवायजपुर की विकास खण्ड साण्डी के सेंट लारेंस स्कूल श्रीमऊ में क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक श्री रानू ने कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक धर्म है।उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं का लाभ पहुंचे।यही सरकार और संगठन की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह कम्बल वितरण अभियान चलाया गया है।विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ गरीब, किसान, श्रमिक और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सरकार का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार राजेश पटेल,सेंट लारेंस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनय सिंह, प्रधान भदार संदीप राजपूत,प्रधान श्रीमऊ रावेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री दानबहादुर सिंह पिंटू, राजस्व कर्मी, पार्टी कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सवायजपुर पुलिस ने तमंचे सहित युवक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में अबैध शस्त्र निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत सवायजपुर पुलिस ने मखबीर की सूचना पर एक युवक को तमंचा व कारतूस तथा नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अबैध शस्त्र निर्माण /परिवहन व बिक्री करने बाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सवायजपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के कंजड़ पुरवा निवासी विशाल उर्फ यश उर्फ मोन्टू पुत्र स्वर्गीय रमेश को 315 बोर तमंचा व दो कारतूस तथा 5000 रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल के खिलाफ थाना पाली,शाहाबाद,मल्लावां व लोनार में चोरी व शस्त्र अधिनियम के तहत अलग अलग 5 अभियोग पूर्व से ही दर्ज है।

# डीएम एसपी ने सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस में फरियादियों की सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस । उरई



जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना डकोर परिसर में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान डीएम-एसपी ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करना है।उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। एसपी ने पुलिस से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना स्तर पर ही अधिक से अधिक मामलों के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## हायर इंडिया ने ऑल-न्यू ग्रेविटी एआई सीरीज़ एयर कंडीशनर लॉन्च किए

**आगरा।** हायर एप्लायंसेज़ इंडिया, जो लगातार 16 सालों से दुनिया का नंबर 1 मेजर होम अप्लायंसेज़ ब्रांड है, ने आज अपने ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में आयोजित एआई फॉर एयर इवेंट में अपनी ब्रेकथ्रू ग्रेविटी एआई सीरीज़ एयर कंडीशनर को पेश किया। यह नई रेंज एआई -एटमॉक्स पर आधारित है और अब तक की हायर की सबसे प्रीमियम और एआई इंटीग्रेटेड एसी सीरीज़ मानी जा रही है, जो इंडिया में इंटेलिजेंट कूलिंग के लिए नया बेंचमार्क सेट करती है। लॉन्च पर बात करते हुए, हायर एप्लायंसेज़ इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री एनएस सतीश ने कहा, एआई -एटमॉक्स से पावर्ड हायर ग्रेविटी एआई सीरीज़ एसी, एआई -ड्रिवन होम अप्लायंसेज़ के नेक्स्ट फ्रंटियर को दर्शाता है और इंडियन कंज्यूमर्स की जरूरतों को समझने के प्रति हमारी गहरी कमिटमेंट को मजबूत करता है। यह इनोवेशन बेहतरीन कंफर्ट, आसान कन्वीनियंस और लॉन्ग टर्म रिलायबिलिटी देता है। मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया विज़न से गाइड होकर, हम लोकल मैन्युफैक्चरिंग में लगातार इन्वेस्ट कर रहे हैं, जिसमें ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी का एक्सपैंशन भी शामिल है।

# डीएम ने SIR अभियान की प्रगति की समीक्षा, पात्र मतदाताओं को समय से फार्म जमा करने की अपील

जन एक्सप्रेस । उरई



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्रों में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्श्चद्गष्द्बड्डद्य द्बठ्ठह्लद्गठ्ठह्यद्ब1द्ग ऋद्ग1द्बह्यद्बश्ठ-स्ड्डक्र) की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विकास खण्ड डकोर के मातादीन तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहम्दाबाद के बूथ संख्या 344, 345, 346 व राजकीय इंटर कॉलेज डकोर के बूथ संख्या 238, 239, 240, 241, 242, 243 पर पहुँचकर बीएलओ से कार्य की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने बीएलओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में अवश्य जोड़ा जाए तथा कोई भी अपात्र, मृत, डुप्लीकेट या स्थानांतरित मतदाता सूची में न रहने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु, संबंध एवं फोटो संबंधी त्रुटियों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः सटीक एवं पारदर्शी हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मतदाताओं से प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन समय पर किया जाए। डीएम ने चेताया कि बीएलओ द्वारा दिए गए प्रपत्र यदि समयसीमा में जमा नहीं किए जाते, तो संबंधित मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं होगा, जिसके लिए स्वयं मतदाता जिम्मेदार होंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है तो वह केवल एक ही स्थान से एन्यूमरेशन फॉर्म भरे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई मतदाता सभी स्थानों से एन्यूमरेशन फॉर्म भरता है तो उसके विरुद्ध एक वर्ष तक की कारावास और जुर्माना–दोनों का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने फार्म समय से जमा करें, ताकि सभी पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके और कोई भी मतदाता मतदान जैसे मौलिक अधिकार से वंचित न रह जाए। डीएम ने कहा कि बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग करते हुए समय से प्रपत्र उपलब्ध कराएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहभागी बनें।

## स्ट्रीक्स ने अपने 'मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट' कैंपेन के लिए जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**आगरा।** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह- अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर-स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनुशासित पर्सनैलिटी और व्यापक अपील उन्हें ऐसे उत्पाद की आवाज़ बनाती है जो क्विक, असरदार और उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों पर आधारित है। कैंपेन का नया टीवी विज्ञापन, विचार मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट पर आधारित है, जो इस दर्शन को एक तेज-तर्रार, परफॉर्मेंस-ड्रिवन कहानी के रूप में प्रस्तुत करता है। बुमराह के साथ यह नैरेटिव सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहता-बल्कि स्मार्ट ग्रूमिंग सुपीरियोरिटी और आधुनिक, आसान स्टाइल को नया बेंचमार्क देता है।

# नाले में वृद्ध महिला का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस । उरई

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी दुर्गी उर्फ बड़ी बहू 70 वर्ष पत्नी देवी दयाल उर्फ देवी गुलाम कूल्हे में दर्द की दवा लेने के लिए घर से निकली थी। बताया गया कि वह कुरारा हमीरपुर स्थित अपनी बेटी के यहां गई थी और बीते दिन गुरुवार को ही अपनी बेटी के यहां से लौट रही थी। जो बड़ागांव जाने के लिए कदौरा से एक कच्चा और छोटा रास्ता जंगल से होकर घर जा रही थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी रास्ते से गुजरते समय वृद्ध महिला रास्ते में ठोकर लगने से गिर गई हो और फिर नहीं उठ पाई रात भर बीत जाने के कारण ठंड या नाक में ठोकर लगने से उसकी मौत हो गई हो, बुजुर्ग महिला का शव डाले का पुरवा के पास नाले में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना चरवाहों और अन्य ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे और प्राथमिक जांच-पड़ताल शुरू की।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पांच लड़के है और उक्त महिला के दो लड़के जगराम और रामकुमार गांव में रहते है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि एक बुजुर्ग महिला के शव की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर तत्काल प्रभाव से पहुंचकर प्राथमिक जांच पड़ताल करते हुए शिनाख्त करवाई गई। वहीं सीओ अवधेश कुमार ने कहा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# पल्स पोलियो अभियान रैली को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस । उरई



पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने एवं बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित परिसर में एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलानी चाहिए। उन्होंने अभियान में लगे स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका की सराहना की।विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की दिशा में यह अभियान एक मजबूत कदम है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाहों पर ध्यान न दें और पोलियो अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी बूथ लगाए गए हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की सतत निगरानी की जाए। रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर ÷दो बूंद जिंदगी की÷, ÷पोलियो को हराना है÷ जैसे नारों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। रैली में सीएमओ डॉ. डीके भिटौरिया, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सदर अर्चना सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं, स्कूली बच्चे एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने पेंशनर भवन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन पेंशनर भवन के कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त ईंट, सीमेंट, सरिया एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रहे। जिलाधिकारी ने भवन की संरचना, कमरों की व्यवस्था, हॉल, शौचालय, बिजली एवं जलापूर्ति से संबंधित कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पेंशनर भवन का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सुविधाजनक एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है, इसलिए भवन का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैंप, रेलिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, आवास व रोजगार से जुड़े मुद्दे उठे, शीघ्र निस्तारण का आश्वासन

**जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज**

पनियरा विकास खंड के ग्राम पंचायत रजौड़ा पंजूम में शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, आवास, रोजगार सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकांश समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।




ग्रामीण चंद्रशेखर ने व्यायामशाला के लिए जिम किट उपलब्ध कराने की मांग की। विनोद ने पनियरा-बेलटिकरा मार्ग की मरम्मत कराने का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि नहर कागजों में दर्ज है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता, साथ ही ट्यूबवेल लगाए जाने की भी मांग की। विकलाल ने आवारा पशुओं की समस्या रखी। रसोइया बेचनी देवी ने मानदेय बढ़ाने की मांग की, जबकि कलमा देवी ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की।

मोलई ने खसरा-खतौनी में गलत नाम दर्ज होने की समस्या बताई। कृष्ण मुरारी यादव ने बताया कि छह माह से विद्युत पोल टूटा पड़ा है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। माधवी सिंह ने आवास व रोजगार, प्रियंका देवी ने मकान व शौचालय, अंजुम आयरा ने घर तक पहुंचने के रास्ते और जसवीर कुमार ने बिजली आपूर्ति व हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग की।

जिलाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली और बताया कि यह कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या जनहित से जुड़ी है, इसका समाधान कराया जाएगा। पेंशन के लिए पात्रों को लाभ मिलेगा, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना में तकनीकी जांच के आधार पर पात्रता तय होती है।

डीएम ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि गांव में कैंप लगाकर खतौनी में नाम संबंधी मिसमैच को ठीक कराया जाए। साथ ही लेखपाल, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी और सफाई कर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरोज सिंह, बीडीओ राहुल सागर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अधिदेव कश्यप, खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार, पशु चिकित्साधिकारी अतुल कुमार सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घर लौट रहे राजमिस्त्री से बाइक- मोबाइल लूटा

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

राप्ती नदी के किनारे तिघरा मराछी बांध पर बुधवार की रात बदमाशों ने एक राजमिस्त्री से उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित बड़हलगंज से काम कर अपने घर लौट रहा था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। पीड़ित के अनुसार बदमाश चेहरा ढंके हुए थे।

गोरखपुर जिले के झगहा थाना क्षेत्र के रानापार गांव निवासी राहुल विश्वकर्मा बड़हलगंल में राजमिस्त्री का काम करते हैं। वह बुधवार की देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे। राप्ती नदी का पुल पार करने के बाद रात करीब 10 बजे वह तिघरा मराछी बांध होते हुए अपने घर जा रहे थे।

रास्ते में तीन युवकों ने उन्हे रोक लिया। वह कुछ समझ पाते कि बदमाशों ने उनकी पिटाई कर बाइक और मोबाइल लूट लिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ हरिराम यादव ने घटनास्थल की जांच की। सीओ ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

# राज्यस्तरीय टीम ने कोहड़ौर सीएचसी का किया निरीक्षण, कार्य प्रणाली को परखा

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर में शनिवार को राज्य स्तरीय निरीक्षण टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। टीम प्रभारी डॉ. लालजी और डीसीपीएम अनिल कुमार के नेतृत्व में यह टीम दोपहर लगभग ग्यारह बजे सीएचसी कोहड़ौर पहुंची और शाम पांच बजे तक सीएचसी कोहड़ौर के साथ ही इसके अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चंदौका, कांधरपुर, शिवपुर, मदुरा रानीगंज, तिवारीपुर व सूर्यगढ़ का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, ब्लड जांच केंद्र और दवा वितरण कक्ष सहित अस्पताल की विभिन्न इकाइयों की कार्य प्रणाली को बारीकी से परखा। चिकित्सकीय उपकरणों की स्थिति, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाएओं और रिकॉर्ड संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान टीम ने सीएचसी अधीक्षक को साफ सफाई के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। टीम प्रभारी डॉ. लालजी ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रदेशभर के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का तीन दिवसीय निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद तैयार की गई रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिसके आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण दल ने चिकित्सकों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही कुछ बिंदुओं पर सुधार के सुझाव भी दिए।

# गरीब व असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची सेवा : डीएम

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले के नगर पंचायत गड़वारा में शनिवार को ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने विकलांग, विधवा, बुजुर्गों समेत महिलाओं और पुरुषों को बड़ी संख्या में कंबल वितरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विभाग प्रचारक ओम प्रकाश व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि गरीबों, असहायों की सेवा ही सच्ची सेवा है। सचिन सिंह शोलू ने बताया कि ठंड में गरीब और असहाय लोगों को राहत पहुंचाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनकल्याण से जुड़े ऐसे कार्य लगातार जारी रहेंगे। नगर पंचायत गड़वारा के लोगों ने चैयरमैन की मानव सेवा के प्रति समर्पण व सेवा की भावना को पुनीत कार्य बताते हुए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्य के साथ ही मानव सेवा का कार्य भी अनवरत जारी रहेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी अभय रंजन, लिपिक नितेश द्विवेदी, राजेश सिंह, सुजीत सिंह, सुनील सिंह, शिवा वैश्य, महेश सोनी, इबरार अहमद, डब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।



# छात्र पर हुए हमले में अज्ञात हमलावरों के खिलाफएफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

थाना क्षेत्र के सरयां पेट्रोल पंप के पास बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र पर हुए हमले में पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों पर एफआईआर दजज़ कर लिया है। दवा के लिए गोरखपुर जा रहे छात्र को पांच-छह बाइक पर सवार 10-12 हमलावरों ने रास्ते में घेरकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मेडिकल कराकर एफआईआर दजज़ कर लिया है। खुखुंदू क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी शिवम कुशवाहा (18 वषज़) खुखुंदू में स्थित डिग्री कॉलेज में बीए पांचवें सेमेस्टर का छात्र है। वह बृहस्पतिवार को अपने दोस्त कादिर अहमद के साथ गोरखपुर दवा लाने जा रहे थे। वह अभी खुखुंदू क्षेत्र के सरयां पेट्रोल पंप के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से पांच-छह बाइक से पहुंचे 10-12 युवकों ने घेरकर पिटाई कर दी। पीडति की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दजज़ कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

## समयबद्ध व पारदर्शी खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश, किसानों ने व्यवस्था पर जताया संतोष

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को मिठौरा क्षेत्र स्थित खाद्य एवं विपणन विभाग के धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीद व्यवस्था, अभिलेखों तथा निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार की गई तैयारियों का गहनता से परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि धान क्रय केंद्र मिठौरा प्रथम पर अब तक 149 किसानों से 348.32 मीट्रिक टन तथा मिठौरा द्वितीय केंद्र पर 111 किसानों से 295.92 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी के पहुंचने के समय मिठौरा प्रथम केंद्र पर कृषक प्रेम नारायण सिंह (जमुई) का लगभग 118 क्विंटल तथा मिठौरा द्वितीय केंद्र पर राजमणि (चैनपुर) का लगभग 41 क्विंटल धान तौला जा रहा था।



उपस्थित किसानों ने केंद्रों की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि पंजीकरण व बिक्री प्रक्रिया में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और केंद्र कर्मियों ने पूरा सहयोग प्रदान किया।

जिलाधिकारी ने धान खरीद की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए खरीद की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी किसानों से समयबद्ध एवं नीति के अनुरूप खरीद सुनिश्चित की जाए। यदि किसी किसान को समस्या आती है तो उसका तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, केंद्र प्रभारी आशीष मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बस स्टेशन पर ई-रिक्शा की मनमानी यातायात प्रभावित

## मुख्य प्रवेश-निकास मार्ग पर अव्यवस्थित ई-रिक्शा बने जाम की वजह

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

नगर के रोडवेज बस स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बस स्टेशन के मुख्य प्रवेश और निकास मार्ग पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शा रोज़ाना जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक बस स्टेशन के आसपास ई-रिक्शाओं की अव्यवस्थित कतारें लगी रहती हैं। स्थिति यह हो जाती है कि बसों के आवागमन में भी दिक्कतें आती हैं। कई बार बसों को स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने में काफी समय लग जाता है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब होता है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक असुविधा झेलनी पड़ रही है। ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से सवारी भरते हैं, सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़ा कर देते हैं और कई बार चलती बसों के सामने अचानक आ जाते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि ई-रिक्शा चालक खुलेआम यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस और यातायात विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नियमित जांच और नियंत्रण के अभाव में हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं।

यात्रियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बस स्टेशन क्षेत्र में ई-रिक्शाओं के लिए अलग से निर्धारित स्टैंड बनाया जाए और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। आमजन ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर बस स्टेशन क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुचारु कराने की मांग की है।

# साइबर से जुड़ी शिकायतों को 24 घंटे में पोर्टल पर अपलोड करें

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

गोरखपुर परिक्षेत्र के डीआईजी शिवासिम्पी चिनप्पा ने शुक्रवार को एसपी केशव कुमार के साथ थाना कोतवाली हाटा पहुंचकर मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की प्रक्रिया, रजिस्टरों के रख-रखाव और साइबर शिकायतों के निस्तारण की मानिटरिंग को लेकर कई निर्देश दिए।

डीआईजी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित शिकायत रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर और फॉलोअप रजिस्टर की गहन जांच करते हुए कुछ रजिस्टरों में पाई गई प्रक्रियागत कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

# एसपी ने लालगंज थाने में मिशन शक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

एसपी दीपक भूकर ने शनिवार को थाना लालगंज पहुँचकर थाने में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिशन शक्ति से संबंधित अभिलेखों, महिला सहायता एवं परामर्श व्यवस्था, प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति तथा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े प्रकरणों में त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, शिकायतकर्ताओं से शालीन व्यवहार बनाए रखने, अभिलेखों का विधिवत संधारण करने तथा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने महिला हेल्पडेस्क पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पीड़ित महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, परामर्श व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियाँ प्रभावी और पारदर्शी तरीके से संचालित हों।





# गुमशुदा युवती को तलाश कर पुलिस ने महज आठ घण्टे में किया परिजनों के सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले की कुण्डा कोतवाली पुलिस ने महज आठ घण्टे के भीतर गुमशुदा युवती को तलाश कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में व एएसपी पश्चिमी व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के पर्वेक्षण में कुण्डा पुलिस द्वारा त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए पंजीकृत गुमशुदगी के प्रकरण में गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद किया गया। परिजन के प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर शुक्रवार को गुमशुदगी पंजीकृत दर्ज की गई थी। जिसके बाद से पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी निरीक्षक कुण्डा अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर तत्काल तलाश एवं बरामदगी की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सर्विलांस सेल की सहायता व तकनीकी एवं भौतिक प्रयासों से गुमशुदा युवती को प्रयागराज जिले से महज आठ घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गुमशुदा युवती को पूर्णतः सुरक्षित अवस्था में उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पूरे मामले में कुण्डा पुलिस टीम द्वारा तत्परता, संवेदनशीलता एवं उच्चस्तरीय पेशेवर दक्षता का परिचय दिया गया है। जिसकी युवती के परिजनों ने सराहना करने के साथ ही पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।




# मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जाना हाल

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

क्षेत्र के खेसिया मनसाछापर स्थित बूथ संख्या 79 और जरार बूथ संख्या 24 पर चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने किसी भी प्रकार की त्रुटि या नाम कटने जैसी समस्याओं का समय रहते समाधान कराने का निर्देश दिए।

नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब हर नागरिक अपने मताधिकार के प्रति जागरूक और संकल्पित हो। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्य कर रहे कर्मियों का उत्साहवर्धन कर अधिक से अधिक लोगों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

# रेल मंत्रालय सदस्य ने आनंदनगर स्टेशन किया निरीक्षण

## 70 वर्षों से दुकानदारी कर रहे व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन, रोज़गार बचाने की लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस। फरेंदा/महराजगंज**

रेल मंत्रालय के सदस्य कृष्ण कुमार वर्मा ने बुधवार को आनंदनगर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पीछे पिछले करीब सात दशकों से दुकानदारी कर रहे व्यापारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पीड़ा से अवगत कराया।

व्यापारियों ने बताया कि वे आज़ादी के समय से ही रेलवे विभाग से विधिवत एलॉटमेंट और लाइसेंस लेकर स्टेशन परिसर के पीछे दुकानें संचालित कर रहे हैं। इन्हीं दुकानों की आय से उनके परिवार का भरण-पोषण होता रहा है। बच्चों की शिक्षा, इलाज, दवा, शादी-विवाह सहित जीवन की सभी आवश्यकताएं इसी व्यवसाय पर निर्भर रही हैं।



दुकानदारों का कहना है कि हाल के दिनों में उत्पन्न परिस्थितियों के चलते उनका रोज़गार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यदि दुकानें बंद कर दी जाती हैं तो वे और उनके परिवार भूखमरी, बेरोज़गारी और असहायता की स्थिति में पहुंच जाएंगे। वर्षों से चला आ रहा व्यवसाय अचानक समाप्त होने से उनका जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

व्यापारियों ने रेल मंत्रालय के सदस्य से मांग की कि उनकी समस्या का स्थायी समाधान निकालते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना रोज़गार जारी रख सकें। इस मौके पर ध्रुव वर्मा, आशुतोष श्रीवास्तव, मुरली मनोहर मिश्र, सोनू जायसवाल, शिवम जायसवाल और अमित अग्रहरी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। रेल मंत्रालय के सदस्य कृष्ण कुमार वर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित स्तर पर समाधान का भरोसा दिलाया।

# सेवा और संवेदनशीलता से महादेवा में अलग पहचान बना रहे रोहित आर्य

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

राजनीति को सेवा और समर्पण का माध्यम मानते हुए महादेवा विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी रोहित आर्य लगातार जनहित के कार्यों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। मौजूदा समय में जब राजनीति को लेकर आमजन के मन में कई सवाल उठते हैं, ऐसे दौर में रोहित आर्य की संवेदनशील और निस्वार्थ समाजसेवा लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आ रही है।

महादेवा विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों रोहित आर्य अपनी निरंतर समाजसेवी गतिविधियों को लेकर न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे बस्ती जनपद में चर्चा का विषय बने हुए हैं। विपदा की घड़ी में जरूरतमंदों के साथ खड़े होकर उन्होंने जिस मानवीय संवेदना का परिचय दिया है, वह आमजन के दिलों को छू रहा है।


हाल ही में महादेवा विधानसभा क्षेत्र के चिलवानिया गांव निवासी पवन कुमार राजभर और रामू राजभर के



छप्पर के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रोहित आर्य स्वयं पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और उनकी स्थिति को समझते हुए यथासंभव आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही रहने के लिए टीन, भोजन बनाने के लिए बर्तन, राशन सामग्री, कुर्सी, खाट सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध कराया, जिससे पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली और उनके चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई। इसी क्रम में महादेवा विधानसभा क्षेत्र के गौरा रोहारी गांव निवासी अमृतलाल के छप्पर के मकान में लगी आग की सूचना मिलते ही रोहित आर्य बिना किसी विलंब के मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को गैस चूल्हा, खाना बनाने के लिए बर्तन, राशन सामग्री, कुर्सी, खाट तथा रहने के लिए टीन की व्यवस्था कराई। साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे परिवार को दोबारा जीवन की शुरुआत करने में सहारा मिल सका।

केवल अग्निकांड पीड़ित ही नहीं, बल्कि अन्य संकटग्रस्त परिवारों के लिए भी रोहित आर्य लगातार मददगार साबित हो रहे हैं। महादेवा विधानसभा क्षेत्र के मंझरिया गांव निवासी सूर्य प्रकाश के हालिया निधन के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूर्य प्रकाश परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। इस दुखद सूचना पर रोहित आर्य पीड़ित परिवार से मिले और आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ परिवार की बेटियों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया। रोहित आर्य की इन जनहितकारी और संवेदनशील पहलों की पूरे विधानसभा क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। आमजन का कहना है कि जो व्यक्ति संकट की घड़ी में बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़कर मदद करता है, वही सच्चा जनसेवक होता है। लगातार हो रही समाजसेवा के चलते रोहित आर्य की लोकप्रियता महादेवा विधानसभा में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और लोग उन्हें एक संवेदनशील, कर्मठ और जमीनी नेता के रूप में देख रहे हैं।

## जौनपुर में ग्रामीणों ने पकड़ा 15 फिट से ज्यादा लंबा अजगर की सूचना पर मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर 15 फीट का गांव में दिखा अजगर, ग्रामीणों में मचा अफरा तफरी, केराकत थाना क्षेत्र अंतर्गत नरहन (चकरारेत) गांव में मंगलवार की दोपहर विजय प्रताप के घर के पीछे करीब 15 फीट लंबा अजगर दिखने से गांव में अफरा-तफ़री मच गई।

शोर गुल सुनकर अजगर वहीं बस की कोर्ट में चढ़ गया। काफी देर तक वहीं पड़ा रहा।

लोगों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी, मगर वन विभाग टीम नहीं पहुंची। सूचना मिलने पर पीआरबी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बृजेश पांडे निवासी हरिहरपुर को बुलाया।

# कोर्ट मैरेज के बाद युवक-युवती से मारपीट, सिर फोड़ा, घर से भगाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

केराकत कोतवाली क्षेत्र के सेनापुर गांव निवासी एक युवक द्वारा पुणे में रहकर टाइल्स का कार्य किया जाता था। इसी दौरान उसकी पहचान वहां की रहने वाली युवती से हुई और दोनों ने कोर्ट मैरेज कर लिया। आरोप है कि शादी की जानकारी मिलने के बाद युवक के परिजन नाराज हो गए और दंपती को गांव बुलाकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

पीड़िता प्रतीक्षा पत्नी अजय जयसवार, निवासी सेनापुर बड़नपुर (वर्तमान पता पुणे) ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि जेठ रवि कुमार पुत्र निर्मल, योगेश पुत्र रविन्द्र, आशीष पुत्र रविन्द्र, रामदास पुत्र चन्दमान व ज्ञानचंद पुत्र बलजोर आए दिन उसके व उसके पति के



साथ मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते रहते हैं।

पीड़िता के अनुसार, संपत्ति में हिस्सा न देने के विवाद को लेकर गांव के सम्मानित लोगों द्वारा पंचायत कराई गई थी, जिसमें निर्णय के तहत दंपती को रहने के लिए एक कमरा दिया गया। आरोप है कि उक्त कमरे पर ताला लगाकर उन्हें वहां रहने नहीं दिया गया, बाद में ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर लिया गया और उसमें रखा सामान भी हड़प लिया गया।

गत दिनों आरोपियों द्वारा युवक के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया गया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे भयभीत होकर पीड़िता फिलहाल अपने रिश्तेदार के यहां रहने को मजबूर है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि पंचायत के निर्णय के अनुसार उसका कमरा वापस दिलाया जाए, उसमें रखा सामान बरामद कराया जाए तथा आए दिन हो रही मारपीट और धमकियों पर रोक लगाई जाए। साथ ही दंपती को सम्मानपूर्वक और सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार दिलाया जाए।

# सुबह-सुबह दहशत की साजिश नाकाम, मछलीशहर में जानलेवा फायरिंग केस का खुलासा, 1 बाल अपचारी सहित 4 गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना मछलीशहर पुलिस ने भोर में जान से मारने की नीयत से की गई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी सहित चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ चोरी की तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं।





पुलिस के अनुसार, 23 फरवरी 2025 की सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर अज्ञात बाइक सवारों द्वारा फायरिंग की गई थी। उस समय पीड़ित घर के अंदर मौजूद थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। मामले में थाना मछलीशहर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के नेतृत्व, क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक विनीत राय के निर्देशन में पुलिस व एसओजी गामा टीम ने 12 दिसंबर की रात कोटवां पुलिया के पास से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निर्देश सिंह उर्फ जुम्मन, हिमांशु मिश्रा उर्फ छोटू, कुशल मिश्रा तथा एक 16 वर्षीय बाल अपचारी शामिल है।

पूछताछ में पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने पैसों के लालच में घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपियों के अनुसार, फायरिंग



की साजिश पहले से बनाई गई थी और मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचकर गोलियां चलाई गईं।

बरामदगी में एक देशी पिस्टल (32 बोर), एक जिंदा कारतूस तथा तीन मोटरसाइकिलें शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्यवाही प्रचलित है और सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाबा के भेष में आए अपहरणकर्ता दबोचे गए

- पॉलीटेक्निक चौराहे पर पुलिस की सतर्कता से 8 वर्षीय बालिका सकुशल बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पॉलीटेक्निक चौराहे क्षेत्र में पुलिस की तत्परता और सजगता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। बाबा के भेष में दो व्यक्तियों द्वारा एक 8 वर्षीय बालिका को अगवा कर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन समय रहते पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया और बच्ची को सकुशल सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पॉलीटेक्निक चौराहे क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग बालिका को दो संदिग्ध व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पुलिस चौकी सरायपोख्ता को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस की मुस्तैदी से बच्ची को सुरक्षित निकाल लिया गया। बच्ची के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो कोई गंभीर घटना घट सकती थी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और भरोसे में बढ़ोतरी हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की विधिक जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। जनपद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

पुलिस की सतर्कता बनी सुरक्षा की ढाल, मासूम की जान बची।

## सड़क दुघर्टना में ट्रक चालक घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क दुघर्टना में चिरैया मोड़ के समीप खड़ी ट्रक में ट्रक चालक ने मारी टक्कर जिसके चलते चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात अयोध्या जनपद के थाना नन्दापुर निवासी 40 वर्षीय धर्मराज पुत्र छोटेलाल ट्रक चालक अपनी ट्रक लेकर घर जा रहें थे कि चिरैया मोड़ के समीप एक खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसके धर्मराज गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु अपने साथ ले कर चले गये।

# अब पक्के सामुदायिक भवन में होगा 265 वर्ष पुरानी गुदरी का तमाशा



**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**


नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने शुक्रवार को नगर के दो वार्डों में कोतवाली वार्ड के ऐतिहासिक गुदरी कुआं के पीछे सामुदायिक भवन व चंद्रदीपा वार्ड में कृष्ण नगर नटवा में 15 वें कार्यवित्त योजना से नाली मरम्मत, कवर व सीसी सड़क निर्माण का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि 265 साल पुराने इस ऐतिहासिक गुदरी का तमाशा, जो कोतवाली के पीछे गुदरी में होता था, आज वहीं पर एक पक्का सामुदायिक भवन का निर्माण नगरपालिका परिषद द्वारा किया गया है।

यह स्थान बहुत ही प्राचीन व मिर्जापुर की ऐतिहासिक पहचान है। इस सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। इससे पहले इसे साहू अखाड़ा के नाम से जाना जाता था।

अब इसे प्रेम क्लब सोसायटी द्वारा संचालित किया जा रहा था। प्रत्येक वर्ष होली पर स्थानीय नागरिकों के द्वारा यहां पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सभासद वर्षा वर्मा, विनोद यादव, किशन कसेरा, श्याम सिंह, गौरव उमर, आशुतोष त्रिपाठी, संजीव श्रीवास्तव रहे।

## 12 केंद्रों पर आज होगी नवोदय की प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 6033 परीक्षार्थी




**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

जिले में 13 दिसंबर को होने वाली जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन 12 केंद्रो पर 6033 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नगर में राजकीय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले के परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11=30 बजे से दोपहर 1=30 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज में 705 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 6033 परीक्षार्थियों में हिंदी भाषा के 5817 तथा अंग्रेजी भाषा के 216 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें 3010 बालक व उससे अधिक 3022 बालिकाएं शामिल हैं। इसमें एक ट्रांसजेंडर भी है। जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम ने बताया कि परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले ही प्रवेश होगा।

# थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सख्त

## फरियादियों को मिला भरोसा बक्शा थाने पर पहुंचे डीएम, राजस्व-पुलिस को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना बक्शा में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं और उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करे, जिससे पीड़ितों को अनावश्यक रूप से थानों व कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर तुरंत सुलझाई जा सकती हैं, उन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान कराया जाए।

डीएम ने अपराध एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका धरातल पर समाधान भी सुनिश्चित हो। थाना समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया, जिससे फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनता का विश्वास प्रशासन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिटी देवेश सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संतवीर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जफराबाद विधायक को सौंपा गया ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगदीश नारायण राय को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, मानदेय एवं अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन आज पत्रकार अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर ठोस समाधान सुनिश्चित करें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, महासचिव लक्ष्मी नारायण मौर्या, संगठन मंत्री प्रशांत विक्रम सिंह, प्रवक्ता सतीश चंद्र शुक्ल 'सत्पथी', कोषाध्यक्ष इकराम अंसारी,ज़िला सचिव आबिश इमाम सनी, सहित बुद्धि प्रकाश तिवारी, विद्याधर राय विद्यार्थी एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

विधायक जगदीश नारायण राय ने पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे संबंधित मुद्दों को शासन स्तर तक पहुंचाकर समाधान का हर संभव प्रयास करेंगे।

# 2.36 करोड़ से बनेगा मल्टी स्टोरी सिटी सेंटर

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

नगर पालिका परिषद मिर्जापुर अपनी आय बढ़ाने की योजना के तहत शहर कोतवाली के सामने सिटी सेंटर मल्टी स्टोरी का निर्माण कराएगी। सिटी सेंटर के लिए नगरोदय योजना के तहत शासन ने दो करोड़ 36 लाख रुपये की धनराशि की मंजूरी दे दी है। इसके लिए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नामित किया गया है। इस सिटी सेंटर में व्यापारिक गतिविधियों के लिए मल्टी स्टोरी निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शहर कोतवाली के सामने की जमीन



नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी के साथ नगर पालिका की टीम ने जमीन की पैमाइश करा ली है। योजना के मुताबिक यहां 36 दुकानों

> सिटी सेंटर के लिए नगरोदय योजना के तहत शासन ने दो करोड़ 36 लाख रुपये की धनराशि की मंजूरी दे दी है। इसके लिए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नामित किया गया है।

का निर्माण करवाकर उनको किराये पर दिया जाएगा।

इससे नगर पालिका की आय बढ़ेगी जिससे नगर में विकास के अन्य कार्य कराए जाएंगे।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने बताया कि सिटी सेंटर के निर्माण के लिए नगरोदय योजना के तहत शासन ने लगभग दो करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। प्रक्रिया पूरी करने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

अन्य भूमि पर भी होगा व्यावसायिक निर्माण = नगर के अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध नगर पालिका की भूमि पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इससे पालिका को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी।

आय बढ़ने पर नगर के विकास कार्यों के साथ ही अन्य कार्य करवाए जा सकेंगे। इसके लिए शासन या अन्य मदों के धन के आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# जौनपुर जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के द्वारा थाना महाराजगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साइबर सेल कक्ष में कंप्यूटर सिस्टम पर क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम का अवलोकन किया, कक्ष में कंप्यूटर सिस्टम के रखरखाव और साफ सफाई पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्य पद्धति, कार्य कुशलता और स्वच्छता के प्रति जो संदेश दिया गया है, वह यहां देखने



को मिला है। सुव्यवस्थित तरीके से कंप्यूटर सिस्टम सहित अन्य उपकरण रखे गए हैं। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए थाना प्रभारी व दीवान को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि थाना परिसर में इतने कम संसाधन में भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो निश्चय ही एक नजीर है। उन्होंने थाना परिसर में अन्य कक्ष, अभिलेखों के रखरखाव, आर.ओ. प्लांट की क्रियाशीलता का परीक्षण, मिशन शक्ति केंद्र आदि का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के द्वारा क्राइम रजिस्टर के ऑनलाइन तथा मैन्युअल संचालन के संदर्भ में भी जानकारी ली गई। इसके साथ ही थाना परिसर स्थित मंदिर में दर्शन पूजन भी किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदू संगठन के जिला महामंत्री पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने बीते शुक्रवार की देर रात हिंदू संगठन के पदाधिकारी पर दर्जनों अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मूल घटना नगर फतेहपुर क्षेत्र स्थित सीएचसी के सामने लगे एक चाय स्टॉल की है। हिंदू संगठन अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री शुभम सोनी व आयुष जोशी एक मित्र की शादी वर्षगांठ कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहे थे इसी बीच रामबाबू होटल के पास एक आर्टिका कार ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक के सामने कार लगा दी। विरोध करने पर अज्ञात कार सवार ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर उनको जान से मारने की धमकी देने लगे। काफी कहासुनी के बाद मामला जब शांत हुआ तो वह अपने घर वापस लौट रहे थे इसी बीच सीएचसी के निकट रात करीब 10 बजे दर्जनों अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने की नियत से उन पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने घायल जिला महामंत्री को सीएचसी में भर्ती कराया। मारपीट में घायल हुए बजरंग दल के जिला महामंत्री शुभम सोनी ने बताया, उनके ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला हुआ है जिसमें सिर में काफी चोट आई है। हिंदू विचारधारा के प्रचार-प्रसार के साथ विगत समय में लव जिहाद में फंसी हिंदू लड़कियों को शैतानों के हाथों कत्ल होने से बचाया है। जिससे रंजिश रखने वाले कुछ कट्टरपंथी उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में कोतवाल संजीत सोनकर ने बताया, मारपीट में शामिल मुख्य आरोपी अरबाज व शरीफ निवासी पचघरा को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया गया है। जबकि अन्य की तलाश को लेकर पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

बढ़ापुर बाराबंकी। जवाहर लाल नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजन के अंतर्गत विकास खंड निंदूरा में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 813 बच्चों का आवेदन कराया। जिसके सापेक्ष पूरे विकासखंड के दो परीक्षा केन्द्रों - बाबू हरनाम सिंह सिसोदिया इंटर कॉलेज झरसवां तथा राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा पर आयोजित की गई। प्रथम परीक्षा केंद्र बाबू हरनाम सिंह सिसोदिया इंटर कॉलेज झरसवां में आवंटित 456 बच्चे में से 259 बच्चे उपस्थित रहे तथा द्वितीय परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में 357 बच्चों में से 185 बच्चों द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई। अतः कुल 813 बच्चों में से 444 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी, निंदूरा सुषमा संगर ने पूरी मुस्तैदी के साथ परीक्षा संपन्न करायी।

## भरत और केवट से लें त्याग व भक्ति की प्रेरणा: अतुल कृष्ण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। दुर्गा पूजा स्थल टिकैतनगर में आयोजित श्रीराम कथा में कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से कहा कि भरत व केवट से त्याग व भक्ति की प्रेरण लेनी चाहिए। क्योंकि राम और भरत ने संपति का बटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किये। और केवट ने समर्पित भाव से भगवान राम के पैर धोये थे। साथ ही उन्होंने कहां कि दुनिया की कोई भी मां अपने बेटों को कष्ट नही देती है। व्यास जी ने वन गमन के समय श्रीराम की भेंट उनके प्रिय सखा निषाद राज गुह से कर तत्पश्चात गंगा नदी पार करने के लिए, भगवान केवट से मिले भगवान को साक्षात सामने पाकर केवट अपनी व्यथा सुनाई। केवट ने कहा की जब तक आप अपने पैर नहीं धुलवाऐंगे। तब तक मैं आपको नदी पार नहीं कराऊंगा। अन्त में भगवान को विवश होकर केवट से चरण धुलवाने। पड़े, भगवान के चरण पकड़ने का अवसर केवट को प्राप्त हुआ, जिससे उसके साथ-साथ उसकी सात पीढ़ी तर गयी। आप सभी यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करेंगे तो भगवान के दर्शन प्राप्त होंगे और आप भी तर जायेंगे। श्री भारद्वाज राम-भरत मिलन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रभु राम, भरत को रघुवंश का हंस कहा। भरत प्रेमरूपी अमृत के सागर है।

# संवाद संवेदनशीलता और सहमति ही लोक अदालत की आत्मा: मनीष कुमार

- राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,67,509 मामलों का निस्तारण, वसूला गया 38,46,44,664 रुपये का अर्थदण्ड



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

शनिवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में न्यायमूर्ति मनीष कुमार मौजूद रहे। उन्होंने द्वीप जलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। इस मौके पर बोलते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने कहा कि संवाद संवेदनशीलता और सहमति ही लोक अदालत की आत्मा है। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित विभागों से आह्वान किया कि वे मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पक्षकारों के बीच विश्वास का सेतु बनें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण एवं स्थायी समाधान संभव हो सके। न्यायमूर्ति महोदय ने यह मूल मंत्र दिया कि विवाद नहीं, समाधान हमारा लक्ष्य हो, टकराव नहीं, समन्वय हमारा मार्ग हो। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय की उस अवधारणा को साकार करती है, जहाँ न्याय शीघ्र, सुलभ और सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की ऐतिहासिक सफलता हेतु मंगल कामना व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन समाज में न्याय के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ करेगा तथा आमजन को राहत, संतोष और न्याय का अनुभव कराएगा। एडीजे राकेश कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व, बैंकों, विभिन्न विभागों एवं सिविल कोर्ट बाराबंकी के समस्त न्यायालयों द्वारा समग्र रूप से कुल-1,67,509 मामलों का निस्तारण कर कुल रू-38,46,44,664/-अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराया गया। उक्त निस्तारित मामलों में सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल-22,326 वादों का निस्तारण करते हुए कुल-26,16,80,77/- धनराशि अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप वसूल किया गया। प्री-लेटिगेशन स्तर पर वैवाहिक, राजस्व विभाग, बैंकों, विभिन्न विभागों के कुल-1,35,085 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल-29,17,97,758.00/- धनराशि वसूल किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय समेत सभी पारिवारिक न्यायालयों के द्वारा कुल-225 मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय के द्वारा कुल-94 मुकदमों का निस्तारण रू0-5,74,47,710/- प्रतिकर राशि के रूप में प्रदान किया गया। सभी मजिस्ट्रेट न्यायालयों के द्वारा समग्र रूप से कुल-32424 मुकदमों का निस्तारण करते हुए रू0-26,01,850/-अर्थदण्ड वसूल किया गया। सीजेएम सुधा सिंह द्वारा सर्वाधिक 10050 मुकदमों का निस्तारण करते हुये रू0-388350/-रू0 अर्थदण्ड वसूल किया। सभी दीवानी न्यायालयों के द्वारा कुल-112 दीवानी वादों का निस्तारण किया गया जिसमें 48 उत्तराधिकार के मामले निस्तारित करते हुए रू0-3,22,93,147/- उत्तराधिकार राशि के रूप में प्रदान किया गया। पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों से कुल-75206 वादों का निस्तारण किया गया। जिले की विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 2400 एनपीए खातों का निस्तारण करते हुए रू0-24,68,17,221/- रू0 वसूल किये गये। जिसमें बैंक आफ इण्डिया द्वारा सर्वाधिक 904 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय वंदना सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, एडीएम राजकुमार, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बड़ी संख्या में निरस्त हो रहे ऋण आवेदनों पर डीएम ने बैंकर्स समितिकी बैठक में जताई चिंता

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के लंबित आवेदनों के निस्तारण पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना बताया। उन्होंने लंबित आवेदनों को तत्काल निस्तारित कर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। एक्सिस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति न होने की चेतावनी भी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष का आधा समय बीत चुका है, इसलिए सभी बैंक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। इसका उद्देश्य अधिक युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, एक जनपद एक उत्पाद योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी ठोस रणनीति बनाने को कहा गया।

बैठक में आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान पर भी चर्चा हुई, जो 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य उन खाताधारकों की बैंक जमा धनराशि की पहचान कर उनके वास्तविक वारिसों तक पहुंचाना है, जिनका धन किसी कारणवश दावा न किए जाने के चलते वर्षों से निष्क्रिय पड़ा हुआ है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दर्पण पोर्टल पर रैंकिंग और प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) के अंतर्गत नवंबर 2025 की विभागवार रैंकिंग और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का बिंदुवार परीक्षण किया। उन्होंने उन विभागों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए जिनकी रैंकिंग में पिछले माह की तुलना में गिरावट आई है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग को अपनी रैंकिंग, लक्ष्य-उपलब्धि, प्रतिशत प्रगति और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी ÷सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर÷ कार्यक्रम की भी घोषणा की। यह कार्यक्रम 19 से 24 दिसंबर 2025 तक पूरे जनपद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी प्रशासन पहुँचाने की एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

जिलाधिकारी ने सुशासन सप्ताह के तहत प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों की विभागवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर पर शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाए और पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने जनपद के सभी कोल्ड स्टोरेज संचालकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आलू खुले में न पड़ा रहे। खुले में पड़ा आलू पर्यावरण को प्रदूषित करता है, इसलिए उसे खाद बनाने में उपयोग किया जाए या वैज्ञानिक तरीके से गड्ढे में निस्तारित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में उचित कार्ययोजना बनाकर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा का डीएम-एसपी ने लिया जायजा



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आयोजित हो रही नवोदय परीक्षा के समस्त परीक्षा केंद्रों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज जनपद कन्नौज में आयोजित हो रही नवोदय परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी कन्नौज आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, संचालन एवं रिकॉर्डिंग की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से जांच की गई।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं बैठने की समुचित व्यवस्था जैसे मौलिक सुविधाओं की समीक्षा कर केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत केंद्रों पर तैनात पुलिस बल द्वारा सतर्क एवं मुस्तैद रहते हुए शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराई गई।

### आबकारी टीम ने मारा छापा, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को आबकारी विभाग की टीम ने थाना टिकैतनगर क्षेत्र के कई गांवो में और भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। आबकारी टीम ने इस सम्बन्ध में पांच मुकदमें पंजीकृत कराये। जानकारी के अनुसार, शनिवार को आबकारी निरीक्षक रामसनेहीघाट लक्ष्मीचंद पाल ने थाना टिकैतनगर के ग्राम इरशाद नगर, अखबरपुर और आल्हनमऊ गांव में पुलिस के सहयोग से छापामारी की। आबकारी टीम ने 17 स्थानों पर छापा मारा जहां पर विभिन्न स्थानों से आबकारी टीम ने 65 लीटर अवैध शराब बरामद की। 800 किलो लहन नष्ट करी अवैध शराब की भट्ठी बरामद की। आबकारी टीम ने मौके पर से दो लोगों को गिरफ्तार किया। दबिश के दौरान उक्त ग्राम के ग्रामवासियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं आस पास अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन की गतिविधियों के संचालन होने के बारे में सूचना दिये जाने की भी अपील की गयी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### समाधान दिवस पर आयीं छः शिकायतें, एक निस्तारित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बदोसराय कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 5 शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की टीमें गठित की गईं। यह आयोजन शनिवार को किया गया था। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने शिकायतकर्ताओं की बात सुनने के बाद टीम को जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने को कहा। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रात्रि गश्त को भी नियमित रूप से करने पर जोर दिया।इस अवसर पर कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी, लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी, ज्ञान पांडे सहित राजस्व और पुलिस विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 16 सूत्रीय मांगो को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन का धरना उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बावजूद जारी है। संगठन के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किसान 16 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं। किसानों ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय तक पैदल मार्च करने की चेतावनी दी है। धरनास्थल पर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत विद्यार्थी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। उन्होंने धरनाकारियों के मांग पत्र पर बिंदुवार चर्चा की और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने किसानों से धरना समाप्त करने का आग्रह किया। करीब एक घंटे तक चली वार्ता के बावजूद किसान नेता अपनी मांगों पर अड़े रहे और प्रशासनिक अधिकारियों की बात मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सोमवार को पदयात्रा निकालकर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय पहुंचेंगे और अपनी समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह के साथ अंशू लाला, तिलक राम गुप्ता, आकाश यादव, यशवंत सिंह यादव, कपिल, चेतनलाल, बृजकिशोर, अवधराम यादव, लालबहादुर यादव, विनय यादव, रामचन्दर वर्मा और रामचन्द्र रावत सहित कई किसान धरने पर मौजूद हैं।

### आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं, होनहार हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। वीरेन्द्र स्वरूप पांडेय स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित व संस्कृति मंत्रायल भारत सरकार द्वार प्रायोजित श्री सुन्दर लाल इंटर कालेज औरेला सैदनपुर में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक रेल मंत्रालय भारत सरकार संगीता पाण्डेय, भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी, अनंत कुमार पाण्डेय, कौशल किशोर त्रिपाठी, केपी शुक्ला, राकेश कुमार दीक्षित, आदित्य दीक्षित ने मां सरस्वती श्री अटल स्मृति शेष वीरेंद्र स्वरूप पांडेय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कर डॉक्टर आशुतोष कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता निबन्ध प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और रेली निकाली, सत्यनाम वर्मा, कमलाकांत पाण्डेय हर्षिता सिंह विजई छात्र छात्राओं की घोषणा की।

# गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगानगर में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नगर शुक्लागंज गंगाघाट में आज भारतीय समाज में संस्कृति संवर्धन हेतु हुई संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित हुई जिसमें लगभग 200 छात्र छात्राओ के अभिभावकों ने भाग लिया आज स्थानीय गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संस्कार और संस्कृति के संवर्धन हेतु विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र जी मिश्र के कुशल संयोजन में संपन्न हुई जिसमें समाज के लगभग 200 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया और गर्व की अनुभूति की सब पश्चात सभी का जल जलपान भी कराया गया इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक प्रदीप द्विवेदी बोर्ड परीक्षा प्रमुख अशोक त्रिपाठी जी ग्रह परीक्षा प्रमुख सुनील जी माध्यमिक शिक्षण प्रमुख अजय शर्मा जी एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण प्रमुख अरविंद द्विवेदी एवं अरुण दीक्षित रहे वही प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र जी मिश्र ने बताया संस्कृति ज्ञान परीक्षा का महत्व बहुत अधिक है, क्योंकि यह हमें अपनी संस्कृति, इतिहास, और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है यह परीक्षा हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने पूर्वजों की विरासत को समझने में मदद करती है संस्कृति ज्ञान परीक्षा के महत्व संस्कृति की समझ अवश्यक है क्योंकि यह परीक्षा हमें अपनी संस्कृति, इतिहास, और परंपराओं के बारे में जानने में मदद करती है और यही परीक्षा हमें राष्ट्रीय एकता यह और अखंडता को बढ़ावा देने में मदद करती है एंव यह परीक्षा हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने में मदद करती है और हमें व्यक्तिगत विकास और आत्म-जागरूकता में मदद करती है उसके साथ ही यह परीक्षा हमें रोजगार के अवसर प्रदान कर सकती है, विशेष रूप से संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए तैयारी संस्कृति और इतिहास की किताबें पढ़ें अपनी संस्कृति और इतिहास के बारे में जानने के लिए किताबें पढ़ें। संस्कृति और इतिहास के बारे में ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करके अपनी संस्कृति और इतिहास के बारे में जानने के लिए संस्कृति और इतिहास के विशेषज्ञों से मिलें संस्कृति और इतिहास के विशेषज्ञों से मिलने और उनसे जानने के लिए संस्कृति और इतिहास के बारे में प्रश्नोत्तरी में भाग लें संस्कृति और इतिहास के बारे में प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए चर्चा और आत्म मंथन की आवश्यकता है।

### रविवार से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत घर घर पिलाई जाएगी बच्चों को पोलियो की दवा



जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। आगामी पल्स पोलियो अभियान के लिए सीएचसी से एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सीएचसी में पोलियो कार्यक्रम के सुपरवाइजरों को किट भी वितरित की गई।नवाबगंज क्षेत्र में रविवार से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत होगी। जोकि क्षेत्र में 21 सुपरवाइजरों की देखरेख में संचालित होगा। जिसके लिए नवाबगंज सीएचसी में पोलियो कार्यक्रम के सुपरवाइजरों को स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ पंकज वर्मा ने किट वितरित कर उनकी जिम्मेदारियों और कार्यों के प्रति जागरूक किया। बताया कि विकासखण्ड व नगर पंचायत में कुल 80 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।पल्स पोलियो कार्यक्रम की जागरूकता के लिए डॉ राजेश कुमार के नेतृत्व में सीएचसी से स्वास्थ्य कर्मियों समेत अभियान से संबंधित कर्मियों ने एक रैली निकाली। जिसमें यूनिसेफ मॉनिटर मो आसिफ, बीपीएम मलखान सिंह, पर्वेक्षक प्रशांत दीक्षित, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, डीआरए संदीप यादव समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

# गेस्ट हाउस में बारात और लुटेरों के बीच हिंसक झगड़ा, तीन गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कस्बा के मोहल्ला रामगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में आई बारात में रुपए लूटने के दौरान बारातियों और लूटने वालों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले और दूल्हे के मामा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। पुलिस ने पहुंचकर समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया।

कस्बा के मोहल्ला अफसरी निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री नेहा की शादी कस्बा सिकंदरपुर के जितेन्द्र सिंह के पुत्र अंशु के साथ तय हुई थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को रामगंज स्थित गेस्ट हाउस में शादी का कार्यक्रम था। बारात चढ़ने के दौरान कुछ बाराती रुपए लुटा रहे थे, जिन्हें ग्राम खांडेदेवर के कुछ युवक लूट रहे थे। बारातियों ने विरोध किया तो युवकों ने मारपीट की। इसके बाद बारातियों ने भी उनका विरोध किया और उन्हें पीट दिया। युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया और बारात पर पथराव कर दिया। दूल्हे के मामा रंजीत सिंह, निवासी दिल्ली, के सिर पर लोहे की रॉड लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पथराव से दो अन्य लोगों को भी चोटें आई। गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गए। विवाद बढ़ता देख यूपी 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को देखते ही झगड़ा कर रहे लोग भाग गए। बाद में पुलिस ने मामले को शांत कराया। घायल को छिबरामऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आई.पी.एस.आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस सोहरामऊ में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। सोहरामऊ आई.पी.एस.आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस सोहरामऊ में दीक्षांत समारोह संपन्न। आई.पी.एस.आर.ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस (स्थित लखनऊ-कानपुर हाईवे सोहरामऊ में शनिवार को दीक्षांत समारोह उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रो.रघुराज प्रताप सिंह(एच.बी.टी.यू कानपुर), डॉ.अनुज कुमार शर्मा एसोसिएट डीन ए.के.टी.यू लखनऊ), संस्थान के संस्थापक बद्री विशाल तिवारी जी, अध्यक्ष डॉ जितेंद्र तिवारी जी वाइस चेयरमैन श्रीमती ऊषा तिवारी जी, फार्मेसी के निदेशक डॉ.अमरेश गुप्ता ने सरस्वती जी का माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन कर किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर, फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संतोष कुमार शुक्ला, डॉ.संगीता सिंह, डॉ.शालिनी सिंह, मि.अश्वनी कुमार तथा कॉलेज के समस्त शिक्षक शिक्षकायें व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस समारोह में 410 विद्यार्थियों को उपाधि मिली। इसमें एम.फार्म, बी.फार्म, डी.फार्म, विद्यार्थी शामिल रहे। सभी छात्र-छात्राओं को पटका, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बी.फार्म बैच 2021-25 की आंशी यादव को प्रदेश में सर्वोच्च अंक (9.07 सी जी पी ए) प्राप्त करने के सम्मानित किया गया, इस अवसर पर उपस्थित प्रो.रघुराज प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए छात्र छात्राओं को सफलता के मंत्र दिए।

## शिक्षक संगठन को मिला संवैधानिक दर्जा


जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

शिक्षक संगठन में ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जनपद बाराबंकी का नाम गौरवान्वित करने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुशील कुमार पाण्डेय को संवैधानिक रूप से सुशील कुमार पाण्डेय ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन की मान्यता मिलने की खुशी में आज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय लोनार मठ तथा प्राथमिक विद्यालय गोबरहा में जिलामंत्री उमानाथ मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष बाबू हनुमन्त अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों तथा शिक्षकों ने मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर शिक्षामित्र संघ जिलामंत्री सुरेंद्रनाथ मिश्रा, आदि

# मेसी के दौरे पर स्टेडियम में तोड़फोड़

## पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कोलकाता कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ मचा दी। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस की नाराजगी इस कदर हावी थी, उन्होंने पूरे स्टेडियम को तहस-नहस कर लिया। इस बीच कोलकाला पुलिस ने पहली कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार्यक्रम का मुख्य आयोजक गिरफ्तार

प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के इवेंट में हुई अफरा-तफरी को लेकर कानून व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने कहा, 'अब स्थिति सामान्य है। दूसरा चरण जांच का है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोजक वादा कर रहे हैं कि वे (टिकट शुल्क प्रशंसकों को) वापस कर देंगे। देखते हैं यह कैसे संभव होता है।'

### घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित रही: पुलिस

जावेद शमीम ने आगे कहा कि, 'शांति तत्काल बहाल करनी होगी। इसका ध्यान रखा गया है। यातायात सामान्य है। सभी लोग अपने-अपने घर लौट चुके हैं। घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित है। यह एक बड़ी घटना है। हम इस मामले में सक्रिय हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि सॉल्ट लेक स्टेडियम में आज जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसे दंडित किया जाए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई की जाए।'

### घटना की जांच के लिए समिति की गठित

पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि जिन दर्शकों ने टिकट खरीदे हैं, उन्हें उनकी पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि प्रशंसकों में किसी तरह का गुस्सा या बेचैनी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मेसी खेलने नहीं आ रहे हैं। जबकि कार्यक्रम की योजना यह थी कि वे यहां आएंगे, दर्शकों का अभिवादन करेंगे, कुछ विशिष्ट लोगों से मिलेंगे और फिर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घटना के तुरंत बाद एक जांच कमेटी बना दी है जो सभी पहलुओं को देखेगी। डीजीपी ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### एफआईआर दर्ज, हालात अब सामान्य: एडीजी

दूसरी ओर राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने कहा है कि पत्रकारों से कहा कि एफआइआर दर्ज कर ली गई है। हालात अब सामान्य है। सब सुरक्षित वापस चले गए हैं। हम स्थिति पर नजर रखे हैं। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशंसकों को जो गुस्सा है कि उनके साथ धोखा हुआ है, इसमें क्या हुआ, कैसे हुआ यह सब गहन जांच के बाद पता चलेगा। जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक्शन जरूर लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन प्रशंसकों के साथ धोखा हुआ है, उन्हें मुआवजा मिले और इन सभी बातों पर ध्यान दिया जाएगा।

### आखिर क्यों भड़का फैंस का गुस्सा?

बता दें कि स्टेडियम में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी के अचानक स्टेडियम छोड़ा, जिससे नाराज फैंस भड़क उठे। फैंस अपने पसंदीदा स्टार फुटबॉलर को देखने के लिए भारी कीमत पर टिकट लेकर पहुंचे थे। लैप ऑफ ऑनर के बाद मेसी के जल्दी निकलते ही फैंस ने कुर्सियां और बोतलें फेंककर विरोध जताया, जिसके तमाम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# एनडीए की जीत केरल की राजनीति का निर्णायक मोड़: प्रधानमंत्री मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



केरल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा-एनडीए को मिले जनादेश पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसे केरल की राजनीति का निर्णायक मोड़ बताया। प्रधानमंत्री ने लिखा 'केरल के उन सभी लोगों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने राज्य में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों को समर्थन दिया। केरल की जनता अब यूडीएफ और एलडीएफ दोनों से ऊब चुकी है। उन्हें भरोसा है कि सुशासन देने और सभी के लिए अवसरों से भरा विकसित केरल बनाने का काम केवल एनडीए ही कर सकता है।'

### धन्यवाद तिरुवनंतपुरम!

पीएम मोदी ने लिखा 'धन्यवाद तिरुवनंतपुरम! तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में भाजपा-एनडीए को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण है।' उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अब यह मानने लगी है कि केरल की विकास आकांक्षाओं को केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है।

### विकास पर जोर

पीएम मोदी ने अपने संदेश में साफ कहा कि भाजपा-एनडीए का लक्ष्य तिरुवनंतपुरम को एक और अधिक जीवंत, आधुनिक और नागरिक-अनुकूल शहर बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी शहर के विकास को नई गति देगी और लोगों के जीवन को आसान बनाने पर विशेष ध्यान देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जनादेश सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि लोगों के विश्वास और उम्मीदों का प्रतीक है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में केरल में विकास-केंद्रित राजनीति को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे लिखा कि मैं तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार जीत सुनिश्चित करने वाले सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का भी आभार जताता हूं। आज का दिन केरल में पीढ़ियों से जमीनी स्तर पर संघर्ष और समर्पण के साथ काम करने वाले कार्यकर्ताओं के प्रयासों को याद करने का है, जिनकी बदौलत यह परिणाम संभव हो सका। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं और हमें उन पर गर्व है।

### तिरुवनंतपुरम में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरा

भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम नगर निगम में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरा है, जिसने 101 वार्डों में से 50 पर जीत हासिल की है। इस परिणाम के साथ ही एलडीएफ का 45 साल का शासन समाप्त हो गया है और सत्तारूढ़ गठबंधन को केवल 29 वार्डों में ही जीत मिली है।

# जबरन वसूली के खिलाफ भड़का गुस्सा, इंफाल घाटी में पेट्रोल पंप बंद रखकर जताया विरोध



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में कई साल तक चली जातीय हिंसा के बाद शांति का माहौल है। लोगों का जीवन पटरी पर लौट रहा है। इस बीच इंफाल घाटी में शनिवार (13 दिसंबर) को जबरन वसूली की मांगों के विरोध में पेट्रोल पंप मालिकों का गुस्सा फूट पड़ा और पूरे इलाके में पेट्रोल पंप बंद कर दिए गए। पेट्रोल पंप का यह बंद इंफाल पश्चिम जिले के कोइरेंगी में एक पेट्रोल पंप के पास हैंड ग्रेनेड मिलने के कुछ दिनों बाद हुआ है। एक पेट्रोल पंप मालिक ने बताया कि जबरन वसूली की मांगें पूरी न करने पर धमकी के तौर पर वहां हैंड ग्रेनेड रखा गया था। उन्होंने कहा, 'पेट्रोल पंप सार्वजनिक सेवा वाले उद्यम हैं और उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। जबरन वसूली से पेट्रोल पंप मालिक दिवालिया हो सकते हैं और सार्वजनिक सेवा प्रभावित हो सकती है।

### राष्ट्रपति शासन खत्म करने पर चर्चा की संभावना

मणिपुर में लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन हटाने की संभावना को देखते हुए भाजपा ने राज्य के सभी विधायकों को 14 दिसंबर को नई दिल्ली में बैठक के लिए तलब किया है। यह कदम राज्य की राजनीतिक दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए हैं। हालांकि बैठक का औपचारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि नई सरकार के गठन पर चर्चा होने की पूरी संभावना है।

# रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

## रनवे से टकराया पिछला हिस्सा, बाल-बाल बचे सभी यात्री

- यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची



एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के साथ लैंडिंग के दौरान हादसा हो गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान का पिछली हिस्सा (टेल) रनवे से टकरा गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी। विमान में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे। मामले में रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से छू गया, जिससे यात्रियों को एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद विमान को तुरंत रोक दिया गया। हादसे के बाद जांच में पाया गया कि विमान उड़ान के लिए तकनीकी रूप से सुरक्षित नहीं है। इसके चलते विमान को ग्राउंडेड कर दिया गया और रांची से भुवनेश्वर जाने वाली अगली फ्लाइट रद्द कर दी गई।

### यात्रियों ने रद्द काई अपनी यात्रा

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, कुछ यात्रियों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी, जबकि कुछ ने अपनी टिकट दूसरी फ्लाइट के लिए रीशेड्यूल कराई। कुछ यात्रियों को सड़क मार्ग से भुवनेश्वर भेजा गया। फिलहाल विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।

# 'अमेरिका की नई रणनीतिक पहल 'पैक्स सिलिका' में भारत शामिल नहीं'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका की अगुवाई में एक नई रणनीतिक पहल 'पैक्स सिलिका' शुरू की गई है, जिसका मकसद एक सुरक्षित और नवाचार से चलने वाली सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला बनाना है। इसमें भारत को शामिल न किए जाने पर कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि यह बहुत हैरान करने वाला नहीं है कि भारत एक सुरक्षित सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला बनाने की अमेरिकी रणनीतिक पहल का हिस्सा नहीं है, क्योंकि (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप और (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के संबंधों तेज गिरावट आई है। विपक्षी पार्टी ने कहा कि अगर हम इस समूह का हिस्सा होते तो यह हमारे लिए फायदेमंद होता। पार्टी महासचिव (संचार प्रभार) जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि भारत के इस समूह में शामिल न होने की खबर ऐसे समय आई है, जब प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने अच्छे मित्र



और अहमदाबाद, ह्यूस्टन और वॉशिंगटन डीसी में कई बार गले मिल चुके साथी के साथ टेलीफोन वार्ता की जानकारी उत्साहपूर्वक साझा की है। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने चीन की हाई-टेक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भरता कम करने के लिए नौ देशों की पहल शुरू की है, जिसे पैक्स सिलिका कहा गया है। इसमें अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, ब्रिटेन, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। रमेश ने कहा, 10 मई 2025 के बाद ट्रंप-मोदी के संबंधों में तेज गिरावट को देखते हुए, भारत का इस समूह में शामिल न होना ज्यादा चकित करने वाला नहीं है। निसंदेह, यह हमारे लिए लाभकारी होता अगर हम इसका हिस्सा होते। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पैक्स सिलिका पहल का मकसद निर्भरता को कम करना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए जरूरी सामग्री और क्षमताओं की रक्षा करना है और यह सुनिश्चित करना है कि पैक्स सिलिका के सदस्य देश बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाली तकनीक को विकसित और इस्तेमाल कर सकें।

# संसद हमले की 24वीं बरसी: पीएम मोदी-राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद हमले की 24वीं बरसी पर देश अपने वीर सपूतों को याद कर रहा है, जिन्होंने बिना अपनी जान की परवाह करते हुए आतंकियों के मंसूबे को नाकाम किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य सांसदों और इस हमले में शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दीं और उनके बलिदान को याद किया। संसद हमले में कई सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे और देशभर में इस घटना को देश की सुरक्षा और शौर्य की याद के रूप में याद किया जाता है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित समारोह में सभी नेताओं ने फूल चढ़ाकर और श्रद्धांजलि देकर शहीद सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित किया। इस अवसर पर संसद परिसर में गणमान्य व्यक्तियों और सुरक्षा अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

### पीएम मोदी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए भयानक हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करता है। इस संकटपूर्ण समय में उनके साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए आभारी रहेगा।

# 'पार्थ पवार के विवादित जमीन सौदे में रजिस्ट्रार की लापरवाही', पुणे जमीन विवाद पर बोले अजित पवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

महाराष्ट्र में चर्चित पुणे जमीन विवाद मामले में उपमुख्यमंत्री अजिव पवार ने अपना रुख साख कर दिया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि जो अधिकारी दस्तावेज रजिस्टर करने के लिए जिम्मेदार थे, उन्हें ऐसे समझौते स्वीकार नहीं करने चाहिए थे जो कानून के खिलाफ हों और संबंधित पक्षों को स्पष्ट रूप से जानकारी देनी चाहिए थी। यह बयान उनके बेटे पार्थ पवार के मामले में आया है। पार्थ की कंपनी अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को पुणे के मुंधवा इलाके में



40 एकड़ सरकारी जमीन 300 करोड़ रुपये में बेचने के विवाद के कारण रजिस्ट्रार ने 21 करोड़ रुपये के स्टाम्प ड्यूटी और जुर्माने की नोटिस जारी की थी। ऐसे में हाल ही में, बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस जमीन सौदे की पुलिस जांच पर सवाल उठाए थे। साथ ही कहा था कि पार्थ पवार को एफआईआर में नहीं शामिल करने से यह लग सकता है कि जांच में किसी तरह की रोक-टोक या संरक्षण दिया जा रहा है। गौरतलब है कि इस सौदे में पार्थ पवार 99% हिस्सेदारी के मालिक हैं। सौदे की जांच में पार्थ पवार का नाम एफआईआर में नहीं आया, क्योंकि अधिकारियों के अनुसार, उनके नाम पर कोई दस्तावेज नहीं था। लेकिन उनके व्यापार साथी और रिश्तेदार दिग्विजय पाटिल, पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारक शीतल तेजवानी और उप-रजिस्ट्रार रविंद्र तरु को एफआईआर में नामित किया गया है।

### अजित पवार ने स्पष्ट किया अपना रुख

मामले में बढ़ती चर्चा को देखते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने स्पष्ट किया कि इस बिल के पीछे का मकसद अपने बेटे को बचाना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी दस्तावेज रजिस्टर करने के लिए मिले, उन्होंने सही कदम नहीं उठाया। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए था कि यह समझौता रजिस्टर नहीं किया जा सकता। दरअसल, हाल ही में विधान सभा ने रेवेन्यू मंत्री को संवेदनशील मामलों में सुनवाई करने का अधिकार देने वाला बिल पास किया है। इसके तहत पहले शिकायतकर्ता केवल हाईकोर्ट जा सकते थे, लेकिन अब वे सीधे रेवेन्यू मंत्री से मामले की सुनवाई करवा सकते हैं।

### बिल पर क्या बोले राजस्व मंत्री बावनकुले?

हालांकि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि कुछ लेनदेन से राज्य को वित्तीय नुकसान हुआ है और इसलिए इसे कानूनी और प्रभावी तरीके से सुलझाने के लिए यह बिल जरूरी था। इस पूरे विवाद ने महाराष्ट्र में सरकार और अधिकारियों के कामकाज पर सवाल उठाए हैं, जबकि अजित पवार ने बार-बार कहा कि जिम्मेदारी दस्तावेज रजिस्ट्रेशन के अधिकारियों की थी, न कि उनके बेटे की।

# प्रदूषण कोहरे की दोहरी मार, गाजियाबाद गैस चैंबर में तब्दील

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण ने गाजियाबाद में प्रदूषण की मार से आम नागरिक त्रस्त हो गया है। प्रदूषण ने आम नागरिकों की सांसें मुश्किल कर दी हैं। शहर इस समय भीषण प्रदूषण और घने कोहरे की दोहरी चपेट में है। गाजियाबाद के प्रमुख इलाकों में वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुँच गई। इंदिरापुरम का एक्यूआई 406, लोनी 460 और संजय नगर का 381 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। हालात ऐसे हैं कि गाजियाबाद धीरे-धीरे गैस चैंबर में तब्दील होता नजर आ रहा है। बढ़ते प्रदूषण का



सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों पर देखने को मिल रहा है। अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन, गले में खराश और सिरदर्द जैसी शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। अस्पतालों में सांस से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर मौसम ने भी लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। शनिवार को सुबह से ही गाजियाबाद घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही, जिसके चलते वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है और कई इलाकों में वाहन रेंगते नजर आए। मौसम के हालात को देखते हुए लोग बेहद सावधानी के साथ घरों से बाहर निकल रहे हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनता को भी हिदायत दिया जा रहा है।

# डीके शिवकुमार ही बनेंगे सीएम! कांग्रेस एमएलए की बड़ी भविष्यवाणी, बताया कब सभालेंगे कुर्सी?

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के अंदर कुर्सी की लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई है। इस बीच सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक ने बड़ी भविष्यवाणी करते हुए तारीख बताई है कि डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री कब बनेंगे? विधायक एच ए इकबाल हुसैन ने शनिवार (13 दिसंबर) को दावा करते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 6 जनवरी को मुख्यमंत्री बनेंगे। इसी के साथ उन्होंने अपने बयान में कहा कि जिस पद पर अभी सिद्धारमैया हैं, उसे शिवकुमार के लिए खाली किया जाना चाहिए।

### रामनगर से विधायक विधायक का बड़ा दावा

रामनगर के विधायक इकबाल हुसैन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया जाना चाहिए। शिवकुमार के कट्टर समर्थक हुसैन ने कहा, '99 प्रतिशत संभावना है कि वह 6 जनवरी को मुख्यमंत्री बनेंगे।' जब उनसे पूछा गया कि इस तारीख का क्या महत्व है, तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता। यह बस एक रैंडम नंबर है। हर कोई यही कह रहा है। यह 6 जनवरी या 9 जनवरी हो सकती है। ये दो तारीखें हैं।'

### डीके शिवकुमार को लेकर लगाकार मांग उठा रहे इकबाल

दरअसल, विधायक इकबाल हुसैन लगातार मांग कर रहे हैं कि डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाए। शुक्रवार को उन्होंने अपनी यह इच्छा सार्वजनिक की थी। एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए रामनगर विधायक ने पुष्टि की कि उन्होंने शिवकुमार और कई मंत्रियों और विधायकों के साथ देर रात भोजन किया था। उन्होंने इस बात को



खारिज कर दिया कि यह बैठक शक्ति प्रदर्शन थी। उन्होंने कहा, 'विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के विधायक सत्र के लिए आए हैं; हम सभी के लिए यह मिलने का एक दुर्लभ अवसर है। सत्र के दौरान हम एक-दूसरे से मिलते हैं। हमने साथ में भोजन किया। इसमें क्या है? क्या साथ में भोजन करना शक्ति प्रदर्शन कहा जा सकता है?' वहीं जब हुसैन से पूछा गया कि क्या शिवकुमार ने सभा के दौरान कोई राजनीतिक घटनाक्रम साझा किया, तो उन्होंने जवाब दिया, 'मैं खुशखबरी दे रहा हूं। वह सत्र के बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, वह बनेंगे ही। इसमें क्या गलत है?' उन्होंने आगे कहा, 'शिवकुमार को मौका मिलेगा, वह अब मुख्यमंत्री बनेंगे।' इसी के साथ हुसैन ने बताया कि रात्रिभोज में कांग्रेस के 50 से 55 विधायक शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने इसे अनौपचारिक बैठक बताया, लेकिन यह बैठक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच सत्ता संघर्ष की अटकलों के बीच हुई, खासकर 20 नवंबर को सरकार के पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा होने के बाद किया गया है।

### भाजपा सांसद ने इस नाम को लेकर जताई इच्छा

इस बीच रेल राज्य मंत्री और भाजपा सांसद वी सोमन्ना ने कहा कि वह सीएम पद के लिए गृह मंत्री जी परमेश्वर का समर्थन कर रहे हैं। बता दें कि तुमकुरू में एक कार्यक्रम में वी सोमन्ना ने कहा, 'सत्ता मिलना किस्मत की बात है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि परमेश्वर सिर्फ गृह मंत्री बनकर रह जाएंगे। हम उन्हें सीएम के रूप में देखना चाहते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि तुमकुरू के लोग भी उन्हें सीएम के रूप में देखना चाहते हैं।' जब मौजूद लोगों में से किसी ने डी के शिवकुमार के बारे में पूछा, जो इस पद के लिए एक मजबूत दावेदार हैं, तो सोमन्ना ने कहा, 'छोड़ो। वह सेकेंडरी है। शिवकुमार क्या बनना चाहते हैं, यह उनकी किस्मत पर निर्भर करता है। आचरण किस्मत से भी बड़ा होता है।'